मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant



वर्ष : 3 अंक: 195 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

शुक्रवार, 11 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## क्या अब ज्ञानी कहेंगे तय हो गए 2024 के नतीजे: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड समेत 4 राज्यों में भाजपा की बड़ी जीत को पीएम नरेंद्र मोदी ने 2024 के आम चुनावों के लिए बड़ा संकेत बताया है। इन नतीजों को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे साफ हुआ है कि जनता गुड गवर्नेंस, जातिवाद की बजाय विकासवाद की राजनीति चाहती है। यही नहीं भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी राजनीतिक जानकारों पर भी गहरा तंज कसा। उन्होंने कहा, 'आज मैं यह कहूंगा कि 2019 के चुनाव नतीजों के बाद कुछ राजनीतिक ज्ञानियों ने कहा था कि इसमें क्या है, यह तो 2017 में ही तय हो गई थी, जब भाजपा यूपी का चुनाव जीती थी। मैं मानता हूं कि इस बार भी ये ज्ञानी जरूर कहेंगे कि 2022 के नतीजों ने 2024 के परिणाम तय कर दिए हैं।'

पीएम मोदी ने कहा कि मैं सभी ज्ञानियों से कहता हूं कि देश की भलाई के लिए पुराने घिसे-पिटे रिकॉर्ड छोड़कर नए सिरे से सोचना शुरू करें। इस देश के लिए यह बड़े दुख की बात है कि जब ये ज्ञानी लोग यूपी की जनता को सिर्फ जातिवाद की दृष्टि से देखते थे। मैं समझता हूं कि इन लोगों ने यूपी के लोगों को जाति की बाड़ेबंदी में बांधकर लोगों का अपमान करते थे। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग यह कहकर यूपी को बदनाम करते हैं कि यहां तो जाति ही चलती है, लेकिन यूपी की



जनता ने उन्हें दिखा दिया है कि यहां अब विकासवाद ही चलेगा। 2014 से 2022 तक यूपी के लोगों ने विकासवाद को ही चुनाव है। उन्होंने इन लोगों को सबक दिया है कि जाति की गरिमा और जाति का मान देश को जोड़ने के लिए होना चाहिए, उसे तोड़ने के लिए नहीं।

**UP में पहली बार 5 साल बाद लौटा कोई मुख्यमंत्री**

उत्तर प्रदेश ने देश को अनेक प्रधानमंत्री दिए हैं, लेकिन 5 साल का कार्यकाल पूरा करने वाले किसी मुख्यमंत्री के दोबारा चुने जाने का यह पहला उदाहरण है। पीएम मोदी ने कहा कि यूपी, गोवा और मणिपुर में सरकार में रहने के बाद भी भाजपा के वोट शेयर में बढ़ोतरी हुई है। गोवा में सारे एग्जिट पोल गलत निकल गए और वहां की जनता ने तीसरी बार हमें सेवा करने का मौका दिया है। 10 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी राज्य में भाजपा की सीटों की संख्या बढ़ी है।

**पीएम मोदी ने कहा- बहन, बेटियां तो मेरे लिए रक्षा कवच हैं**

यह हमारा सौभाग्य है कि भाजपा को बहनों, बेटियों और माताओं ने इतना स्नेह दिया है। जहां-जहां महिला मतदाताओं ने पुरुषों के मुकाबले ज्यादा वोट किया है, वहां बीजेपी को बंपर जीत मिली है। एक तरह से हमारी माताएं-बहनें भाजपा की जीत की सारथी बनी हैं। मैं जब गुजरात में था तो कभी-कभी कुछ ऐसी घटनाएं हो जाती थीं कि लोग चिंता करते थे कि आपकी सुरक्षा का क्या होगा। आप खुद को संभालते क्यों नहीं हैं। इस पर मैं कहता था कि मुझे कोटि-कोटि माताओं को सुरक्षा कवच मिला है। भारत की माताएं, बहन, बेटियां निरंतर भाजपा पर विश्वास कर रही हैं। उन्हें पहली बार विश्वास मिला है कि सरकार उनकी हर जरूरत का ध्यान रखती है।

**एनडीए ने जीत का लगाया चौका, गलत निकले सारे एग्जिट पोल**

बंपर जीत पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आशीर्वाद यूपी की जनता ने ऐसे समय में दिया है, जब पूरी दुनिया कोरोना जैसे संकट का सामना कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं ने आज एनडीए के लिए जीत का चौका लगाया है। उत्तर प्रदेश ने देश को अनेक प्रधानमंत्री दिए हैं, लेकिन 5 साल का कार्यकाल पूरा करने वाले किसी मुख्यमंत्री के दोबारा चुने जाने का यह पहला उदाहरण है। पीएम मोदी ने कहा कि यूपी, गोवा और मणिपुर में सरकार में रहने के बाद भी भाजपा के वोट शेयर में बढ़ोतरी हुई है। गोवा में सारे एग्जिट पोल गलत निकल गए और वहां की जनता ने तीसरी बार हमें सेवा करने का मौका दिया है।

**गोवा में 10 साल सत्ता में रहने के बाद भी बढ़ीं भाजपा की सीटें**

उन्होंने कहा कि 10 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी राज्य में भाजपा की सीटों की संख्या बढ़ी है। उत्तराखंड में भी भाजपा ने नया इतिहास रचा है। राज्य में पहली बार कोई पार्टी लगातार दूसरी बार सत्ता में आई है। सीमा से सटे एक पहाड़ी राज्य, एक तटीय राज्य, एक मां गंगा के आशीर्वाद प्राप्त राज्य और एक पूर्वोत्तर राज्य में भाजपा को आशीर्वाद मिला है।

## पंजाब में आप ने चला दी झाड़ू



पटियाला, एजेंसी। पंजाब में बड़ा उलटफेर करते हुए आम आदमी पार्टी बड़ी जीत की ओर आगे बढ़ रही है। भगवंत मान अपनी सीट धुरी से चुनाव जीत चुके हैं। आप पार्टी ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर भी लिखा है कि आप ने पंजाब में चला दी है झाड़ू। पार्टी के प्रवक्ता राघव चड्ढा ने इसे बड़ी जीत करार दिया और इस चुनाव को किसी चमत्कार के बराबर बताया। पंजाब विधानसभा चुनाव में सभी को चौंकाते हुए आम आदमी पार्टी प्रचंड जीत के साथ आगे बढ़ रही है। पार्टी के सीएम कैंडिडेट भगवंत मान अपनी सीट धुरी से जीत दर्ज चुके हैं। प्रदेश में सत्ताधारी कांग्रेस का बुरा हाल है। मतगणना के रूझानों से लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी के लिए विपक्ष बनने तक लायक सीट नहीं आ रही है। पार्टी के दिग्गज नेता नवजोत सिंह सिद्धू और चरणजीत सिंह चन्नी अपनी-अपनी सीटों से काफी पीछे चल रहे हैं। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता राघव चड्ढा ने आप की इस जीत पर पार्टी की ओर से पहला रिएक्शन दिया है। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता राघव चड्ढा ने पंजाब में पार्टी की बंपर जीत पर कहा कि ये किसी चमत्कार से कम नहीं है। पार्टी अपने वादों के साथ चुनाव में उतरी थी और हमे पूरा यकीन था कि जनता हमारे साथ होगी। अब भगवंत मान के नेतृत्व में पार्टी प्रदेश की सूरत बदलेगी। बताया जा रहा है कि भगवंत मान कुछ देर में पार्टी कार्यकताओं का अभिभावदन स्वीकार करने पहुंचेंगे और विजयी विधायकों के साथ बैठक करेंगे। इससे पहले आप ने ट्वीट करते हुए लिखा पंजाब में आप ने चलाई झाड़ू।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलवामा- सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक आतंकी मार गिराया, तलाश अभियान जारी

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद, सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के नैना बटपोरा इलाके की घेराबंदी कर वहां तलाश अभियान शुरू किया।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा बल पर गोलीबारी करने के बाद अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया। बल ने भी गोलीबारी का माकूल जवाब दिया। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। मुठभेड़ अभी चल रही है। उन्होंने बताया कि अभी यह पता नहीं चला है कि मारा गया आतंकवादी किस समूह से जुड़ा था और उसकी पहचान भी नहीं हुई है।

### बुखारेस्ट से भारतीयों और विदेशियों को लेकर हिंडन पहुंचा भारतीय वायु सेना का विमान



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय वायु सेना का एक विमान 119 भारतीयों और 27 विदेशियों को रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट से लेकर गुरुवार को सुबह हिंडन वायु सेना स्टेशन पर पहुंच गया। जानकारी के मुताबिक यूक्रेन पर 24 फरवरी से शुरू हुए रूस के सैन्य हमले के कारण ये भारतीय एवं विदेशी नागरिक युद्धग्रस्त देश में फंसे हुए थे। यूक्रेन से लोगों को निकालने के लिए संचालित की गई कि यह वायुसेना की 17वीं उड़ान थी। यूक्रेन का हवाई क्षेत्र 24 फरवरी से बंद है। ऐसे में भारत रोमानिया, हंगरी, स्लोवाकिया और पोलैंड जैसे यूक्रेन के पड़ोसी देशों के जरिए अपने नागरिकों को बाहर निकाल रहा है। बताया जा रहा है कि वायुसेना का सी-17 सैन्य परिवहन विमान गुरुवार को सुबह करीब पांच बजकर 40 मिनट पर हिंडन वायु सेना स्टेशन पर उतरा। उन्होंने बताया कि वायु सेना स्टेशन पर विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन ने भारतीयों एवं विदेशियों का स्वागत किया।

## यूपी में प्रियंका गांधी का भी नहीं चला जादू लड़की हूं लड़ सकती हूं नारा हुआ फेल

गोरखपुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम के अभी तक सामने आए रुझानों में कांग्रेस एक बार फिर फिसड्डी साबित हुई है। राज्य की 403 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस पार्टी खाता भी खोल पाती है या नहीं, शाम तक स्थिति साफ हो जाएगी। शुरूआती रुझानों में पांच-छह सीटों पर आगे चल रही थी लेकिन ताजा रूझान बताते हैं कि कांग्रेस अब केवल एक सीट पर बढ़त बनाए हुई है। यूपी के चुनाव परिणाम और रुझानों ने एक बात तो साफ कर दिया है कि कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का जादू राज्य में नहीं चल पाया है। इसके साथ-साथ कांग्रेस पार्टी का चर्चित नारा 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' भी फेल हो गया है। पंजाब में भी कांग्रेस का कुछ ऐसा ही हाल हुआ है। यूपी में 2017 के विधानसभा



चुनाव में राहुल गांधी पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरे थे। अंत में स्थिति ऐसी हो गई थी कि मात्र 7 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। हालांकि, कांग्रेस ने यह चुनाव अखिलेश यादव की अगुवाई वाली समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ी थी। तब राहुल और अखिलेश की जोड़ी खूब चर्चा में थी। इस बार के यूपी चुनाव में प्रियंका गांधी ने शुरू से मोहड़ा संभाला था। चुनाव घोषणा पत्र के रूप में कांग्रेस ने युवाओं के लिए 'युवा विधान' और महिलाओं के लिए 'शक्ति विधान' घोषणा पत्र जारी किया था, जो काम नहीं आया। इसके साथ-साथ किसान कर्ज माफी, बिजली बिल हाफ, सरकारी नौकरी के वादे को भी जनता ने नकार दिया है। यूपी चुनाव परिणाम के लिए अभी तक जो रुझान सामने आये हैं उसमें योगी आदित्यनाथ की एक बार फिर सत्ता में वापसी हो रही है। अभी तक के रूझानों में बीजेपी 261 सीटों पर आगे चल रही है। जबकि सपा गठबंधन 137 और बसपा दो सीटों पर आगे चल रही है। वहीं अन्य पार्टियां तीन सीटों पर आगे चल रही हैं। अभी तक के रुझानों से यह साफ हो गया है कि यूपी में बीजेपी की एक बार फिर वापसी हो रही है।

## पांच राज्यों में 85 लाख लीटर शराब 575 करोड़ की ड्रग्स की हुई जब्ती



नई दिल्ली, एजेंसी। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने कुल 85 लाख लीटर से अधिक शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब का 70 फीसदी हिस्सा अकेल पंजाब में पकड़ाया था। चुनाव आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 575.39 करोड़ रुपए कीमत के ड्रग्स भी जब्त की गईं है। चुनाव के दौरान नकदी, शराब, ड्रग्स, मुफ्त उपहार और कीमती धातुओं की आवाजाही की जांच के लिए चुनाव आयोग ने उड़न दस्ते और स्थिर निगरानी टीमों को तैनात किया था। पांच राज्यों में चुनाव के दौरान कुल 1,061.87 करोड़ रुपये की जब्ती की गई, जो 2017 में चुनाव होने पर पांच राज्यों में चुनाव प्राधिकरण द्वारा की गई 299.84 करोड़ रुपए की जब्ती से साढ़े तीन गुना अधिक है। 8 जनवरी को चुनाव की घोषणा के बाद से पंजाब, उत्तर प्रदेश, गोवा, उत्तराखंड और मणिपुर से कुल 85,27,227 लीटर शराब जब्त की गई थी। पंजाब 36.79 करोड़ रुपए के 59,65,496 लीटर के चार्ट में सबसे ऊपर है, इसके बाद उत्तर प्रदेश (22,94,614 लीटर की कीमत 62.13 करोड़ रुपए), उत्तराखंड (97,176 लीटर की कीमत 4.79 करोड़ रुपए), गोवा (95,446 लीटर की कीमत 3.57 करोड़ रुपए) और मणिपुर में (74,495 लीटर कीमत 73 लाख रुपए) है। पांच राज्यों से जब्त किए गए 575.39 करोड़ रुपये के ड्रग्स में से पंजाब में 376.19 करोड़ रुपए, मणिपुर (143.78 करोड़ रुपए), उत्तर प्रदेश (48.48 करोड़ रुपए), उत्तराखंड (5.66 करोड़ रुपए) और गोवा (1.28 करोड़ रुपए) है।

## नर्सरी की ईडब्ल्यूएस सीटों पर नामांकन 22 मार्च से

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में एंट्री लेवल कक्षाओं की (प्री स्कूल/नर्सरी, प्री-प्राइमरी/केजी और पहली कक्षा) आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/वंचित वर्ग (डीजी) और विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सीडब्ल्यूएसएन) श्रेणी की सीटों पर दाखिला को लेकर कार्यक्रम जारी हो गया है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने परिपत्र जारी किया है। साथ ही दाखिला को लेकर दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। इसमें मान्योरिटी स्कूलों को शामिल नहीं किया गया है। परिपत्र के अनुसार, दाखिला को लेकर ऑनलाइन प्रक्रिया 22 मार्च से शुरू होगी। जिसके लिए शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट ६६६. ीकिीह्व.ल्लश्र.ल्ल/पर जाकर आवेदन करना होगा। फिर वहां ईडब्ल्यूएस/डीजी लिंक पर क्लिक करके आवेदन फॉर्म ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया पर नजर रखने को लेकर निगरानी प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। जिला उप शिक्षा निदेशक इसकी अध्यक्षता करेंगे। स्कूल डोनेशन नहीं मांग सकते हैं। भर सकेंगे। दाखिला के आवेदन की आखिरी तारीख चार अप्रैल तय की गई। जबकि सीटों पर दाखिला को लेकर कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ 11 अप्रैल को आयोजित होगा। परिपत्र के अनुसार ईडब्लूएस सीटों के लिए दिल्ली में रहने वाला कोई भी व्यक्ति जिसका निवास प्रमाण दिल्ली का हो, वह दाखिला के लिए आवेदन कर सकता है। राजस्व विभाग द्वारा जारी वार्षिक आय एक लाख से कम का प्रमाण पत्र, बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड धारक दाखिला के लिए आवेदन कर सकेंगे। सीडब्ल्यूएसएन वर्ग के तहत आवेदन के लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

## 5 राज्यों में चुनाव परिणाम कांग्रेस की आशाओं के विपरीत : सुरजेवाला



नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में विधानसभा के नतीजे आ रहे हैं। इन नतीजों से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यूपी में जहां कांग्रेस पहले से भी खराब प्रदर्शन करती दिख रही है। वहीं पंजाब में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल होना पड़ा है। मणिपुर और गोवा में वह दूसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई है जबकि उत्तराखंड में उम्मीद के अनुरूप नतीजे कांग्रेस के लिए नहीं आए। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि 5 राज्यों में चुनाव परिणाम कांग्रेस की आशाओं के विपरीत रहें। हमें उत्तराखंड, गोवा और पंजाब में बेहतर परिणामों की उम्मीद थीं लेकिन, हम स्वीकार करते हैं कि हम लोगों का आशीर्वाद पाने में असफल रहें। पंजाब के लिए हम आप और भगवंत मान को बधाई देते हैं। सुरजेवाला ने कहा कि यूपी में हम कांग्रेस को पुनर्जीवित करने में सफल रहें लेकिन, हम उस जनमत को सीटों में नहीं बदल सके। हम उत्तराखंड और गोवा में बेहतर चुनाव लड़े लेकिन, जनता का मन नहीं जीत सके और विजय के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सीख है, कि हमें धरातल पर और मेहनत करने की जरुरत है। हम हार के कारणों पर आत्ममंथन करने वाले हैं। बहुत जल्द कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाकर इन सभी हार के कारणों और पांचों राज्यों के चुनाव पर एक व्यापक अंतरमंथन कांग्रेस कार्यसमिती करेगी।

## निगम चुनाव टलने पर भड़के केजरीवाल कहा हार के डर से भाग रही है भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर इसे भाजपा को हार का डर करार दिया है। वहीं, दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग को केंद्र सरकार के सामने घुटने टेकने का आरोप लगाया है। सीएम ने सवाल किया कि क्या अब चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में काम करेगा? और क्या मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं कराएंगे? जबकि उपमुख्यमंत्री ने चुनावों को टालने के आयोग के कदम को लोकतंत्र की हत्या बताया है। दिल्ली नगर निगम चुनाव टलने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने



भाजपा शासित केंद्र सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग पर हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर इसे भाजपा को हार का डर करार दिया है। वहीं, दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग को केंद्र सरकार के सामने घुटने टेकने का आरोप लगाया है। सीएम ने सवाल किया कि क्या अब चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में काम करेगा? और क्या मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं कराएंगे? जबकि उपमुख्यमंत्री ने चुनावों को टालने के आयोग के कदम को लोकतंत्र की हत्या बताया है। आयोग की तरफ से चुनाव की तिथि घोषित न करने की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता भाजपा के इस षड्यंत्र का मुंहतोड़ जवाब देगी और एमसीडी में 260 सीटों के साथ आप की सरकार बनेगी। उन्होंने दावा किया कि निगम चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। सीएम ने सवाल किया कि क्या अब चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में काम करेगा? और क्या मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं कराएंगे दूसरी तरफ उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि जब भाजपा, दिल्ली एमसीडी चुनावों में बुरी तरह हारती हुई नजर आ रही है तो उसने लोकतंत्र का गला घोटना शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि भाजपा ने साम-दाम-दंड-भेद का प्रयोग कर चुनाव आयोग को घुटनों पर लाकर रेंगने को मजबूर कर दिया है। आयोग ने इसी से दिल्ली एमसीडी चुनावों की तारीख टाल दी। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि जब देश का चुनाव आयोग जिसके कंधों पर संविधान ने बाबा साहेब ने यह जिम्मेदारी दी कि वह समय पर निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवाएगा, लेकिन उसी चुनाव आयोग ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। मनीष सिसोदिया के मुताबिक, लोकतंत्र के लिए आज एक दुर्भाग्यपूर्ण, खतरनाक व काला दिन है। तयशुदा कार्यक्रम के बावजूद आयोग ने चुनाव की तारीख घोषित नहीं की थी। अगर यही परंपरा रही तो भाजपा हार के डर से राज्यों के चुनाव टलवा देगी, मोदी जी हार के डर से लोकसभा के चुनाव टलवा देंगे। सिसोदिया का आरोप है कि बीते 15-17 सालों में दिल्ली एमसीडी में भाजपा के भ्रष्टाचार से त्राहि-त्राहि मची हुई है। इससे हर आदमी दुखी है। लोगों के गुस्से से भाजपा इतनी घबराई गई है कि चुनावों से भागती नजर आ रही है।

## भारतीय जनता पार्टी को 'जीत हजम करना' सीखना चाहिए: शिवसेना

मुंबई, एजेंसी। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के अच्छे प्रदर्शन पर शिवसेना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को 'जीत हजम करना' सीखना चाहिए। साथ ही शिवसेना ने चुनावी राज्यों में बीजेपी के प्रदर्शन का श्रेय उसके अच्छे चुनावी प्रबंधन को दिया। गोवा, उत्तर प्रदेश और मणिपुर में शिवसेना के खराब प्रदर्शन पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी को 'नोटा' (उपरोक्त में से कोई नहीं) विकल्प से भी कम वोट मिले क्योंकि उसके पास उपयोग के लिए बीजेपी जितना पैसा नहीं था।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना उन चुनावी राज्य में खाता तक नहीं खोल पायी, जहां उसने अपने उम्मीदवार उतारे थे। राउत ने पंजाब में खराब प्रदर्शन के लिए अपनी पूर्व सहयोगी बीजेपी पर निशाना भी साधा।

उन्होंने कहा, 'हार पचाना आसान है लेकिन



बीजेपी को सफलता को पचाना सीखना चाहिए। केवल कुछ लोग ही सफलता पचा सकते हैं।' राउत ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस पार्टी का चुनाव प्रबंधन सही नहीं था। उन्होंने कहा, 'बीजेपी की जीत इसके अच्छे चुनाव प्रबंधन का नतीजा है।'





# 9 गुलाबी रंग की स्कूटी देगी महिलाओं को सुरक्षा का विश्वास: अमृथा गुगुलोथ, आईपीएस

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता





नई दिल्ली जिला पुलिस ने महिलाओं के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। विशेष दिन की शुरूआत उपायुक्त पुलिस कार्यालय परिसर( नई दिल्ली जिला ), संसद मार्ग, नई दिल्ली में एडवांस हेल्थ केयर फाउंडेशन द्वारा जिले की महिला कर्मचारियों को आयरन और कैल्शियम की खुराक के वितरण के साथ हुई। इसके बाद नई दिल्ली जिले में स्थित विभिन्न स्कूलों में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। विजेताओं को एक स्मृति चिन्ह के साथ-साथ रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2000/-, रु. 1500/- और रु. 1000/- से प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार और तृतीय पुरस्कार विजेताओं को क्रमशः। पुलिस अधिकारियों ने विजेताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उनसे बातचीत भी की।एक अन्य कार्यक्रम में बिरला मंदिर , मदिर मार्ग थाना क्षेत्र में संयुक्त आयुक्त पुलिस /नई दिल्ली रेंज, . ए0के0 सिंह ने जिला पुलिस द्वारा ह्यपुलिस सखीह्न के नाम से एक महिला उन्मुख पहल के उद्घाटन के अवसर पर शिरकत की। इस अवसर पर अमृथा गुगुलोथ, आईपीएस उपायुक्त पुलिस नई दिल्ली जिला, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस सुधांशु धामा , सहायक आयुक्त पुलिस सीएडब्ल्यू /शशि बाला , सहायक आयुक्त पुलिस / संसद मार्ग दिनेश कुमार , सहायक आयुक्त पुलिस / कनाट प्लेस विजय माथुर , सहायक आयुक्त पुलिस / बारा खम्भा रोड राजिंदर दुबे , सहायक आयुक्त पुलिस / चाणक्य पूरी सूमा मडडा , थाना प्रमुख मंदिर मार्ग सांविंदर सिंह एवं महिला पुलिस इंस्पेक्टर डॉ अनीता राणा सहित अनेकों पुलिस महिला अधिकारी भी मौजूद थे महिला उन्मुख पहल उपायुक्त पुलिस , नई दिल्ली जिला और एसीपी/सीएडब्ल्यू, दोनों महिला अधिकारियों की रचनात्मक सोच का परिणाम है और इस पहल से क्षेत्र के सभी आयु वर्ग की महिलाओं के मन में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा होगा । 9 गुलाबी रंग की स्कूटी पर सभी महिला कर्मचारियों की टीम जिले के क्षेत्र में गश्त करेगी। ऐसा जिले के उन सभी इलाकों में पहुंचने के लिए किया गया है जहां पुलिस की अन्य गाड़ियां नहीं पहुंच पाती हैं. इस पहल से जिला पुलिस महिलाओं, बच्चों की समस्याओं के समाधान के लिए हर दरवाजे तक पहुंच सकेगी। यह पुलिस महिला अधिकारियों तक महिलाओं और बच्चों की पहुंच बढ़ाने, उनकी समस्याओं को जानने और किसी भी मुद्दे को सुलझाने का प्रयास करने के उद्देश्य से किया गया है। स्कूटी को दिया गया रंग और उसके सवार और पीछे की सीट के हेलमेट सभी गुलाबी हैं। आकर्षक रंग परियोजना/पहल को भीड़ में पहचानना आसान बनाता है और पुलिस सखी को किसी भी प्रकार की मदद के लिए आसानी से सुलभ बनाता है। जिले का लक्ष्य निकट भविष्य में बेड़े के आकार को और बढ़ाना है।

# भाजपा के प्रबंधन का कोई मुकाबला नहीं



नई दिल्ली, एजेंसी। 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने उ.प्र, उत्तराखंड, मणिपुर में स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाने में सफल रही है। गोवा में भी भाजपा की सरकार बनना तय है। महंगाई, बेरोजगारी, किसान आंदोलन इत्यादि मुद्दों पर भाजपा का बड़ा विरोध हो रहा था। मतदाताओं की नाराजी थी। इस बार उप्र में ध्रुवीकरण को लेकर जो प्रयास किये गए थे। उसका असर जनता के बीच में नहीं दिखा। इसके बाद भी उ.प्र में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा। बम्पर जीत ने यह साबित कर दिया है, कि चुनाव जनमत से नहीं प्रबंधन से जीते जाते है।

चुनाव प्रबंधन में भाजपा का मुकाबला कोई भी रजनैतिक दल करने की स्थिति में नहीं है। 5 राज्यों के चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है।

- ईवीएम की विश्वसनीयता

ईवीएम मशीनों को लेकर तरह-तरह के कयास चुनावों के दौरान लगाये जाते हैं। भाजपा का चुनाव प्रबंधन दूर दृष्टि से भरा होता है। पं.बंगाल के चुनाव परिणाम एवं अभी पंजाब के चुनाव परिणाम ने ईवीएम की विश्वसनीयता को बरकरार रखने का काम किया है।

चुनाव प्रबंधन में मोदी मीडिया एवं एक्जिटपोल की भूमिका का सही उपयोग करना भाजपा को आता है। इस चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है।

उ.प्र के चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं की नाराजी जमीन में देखने को मिल रही थी। बड़े-बड़े वरिष्ठ पत्रकार, संपादक एवं चुनाव विश्लेषक भी इस चुनाव में बुरी तरह फेल हुए हैं। एग्जिट पोल पर बहस के दौरान कई वरिष्ठ पत्रकारों ने सवालिया निशान लगाते हुए कहा था कि परिणाम यदि एक्जिट पोल के हिसाब से आएंगे तो वह पत्रकारिता छोड़ देंगे। भाजपा के चुनाव प्रबंधन ने वरिष्ठ पत्रकारों की रिपोर्टिंग और उनकी समझ को नकारा साबित कर दिया है। मतदाताओं के बीच भारी रोष होने के बाद भी चुनाव में भाजपा की जीत, कम मतदान होने के बाद भी वोट प्रतिशत बढ़ना भाजपा के चुनाव प्रबंधन की भारी जीत है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिंग रोड पर लगाया दिल्ली का पहला पेडस्ट्रियन साइनेज बोर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से जूझती राजधानी को लगातार पैदल यात्रियों के अनुकूल बनाया जा रहा है। इसके लिए वाकिंग ट्रैक और साइकिल ट्रैक बनाए जा रहे हैं। इसी पहल के तहत अब रिंग रोड पर लाजपत नगर में बनाए जा रहे नए फुटपाथ व साइकिल ट्रैक पर पेडस्ट्रियन साइनेज बोर्ड लगाए जा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी अधिकारी के अनुसार, अभी तक वाहन चालकों के लिए सड़कों पर ओवरहेड साइनेज बोर्ड लगाए जाते थे। लेकिन पैदल यात्रियों के लिए राजधानी में यह सुविधा पहली बार उपलब्ध करवाई गई है। अन्य प्रमुख सड़कों पर भी जल्द ही ऐसे साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि अभी तक ऐसे साइनेज बोर्ड माल या बड़ी बाजारों में ही दिखते थे। अब मुख्य मार्गों के फुटपाथों पर इन्हें लगाया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी अफसर ने बताया कि इन साइनेज बोर्ड पर पैदल यात्रियों की जरूरत के अनुसार जानकारी है। फुटपाथ पर हर एक किलोमीटर पर इन्हें लगाया जाएगा। इन पर प्राथमिक उपचार, डिस्पेंसरी, मार्केट, साइकिल स्टैंड, चार्जिंग प्वाइंट, मेट्रो स्टेशन आदि की दिशा के साथ ही मीटर में उसकी दूरी भी बताई गई है। आश्रम से मूलचंद तक सुंदरीकरण के पायलट प्रोजेक्ट के तहत विकसित किए जा रहे तीन किलोमीटर के फुटपाथ व साइकिल ट्रैक पर ये साइनेज बोर्ड लगाए गए हैं। इन पर ब्रेल लिपि में भी जानकारी देने की तैयारी है ताकि दृष्टिबाधित पैदल यात्रियों को भी सुविधा रहे। वाकिंग ट्रैक व साइकिल ट्रैक को आकर्षक और सुविधाजनक बनाने के लिए इन पर तीन तरह की डिजाइनर स्ट्रीट लाइटें भी लगाई गई हैं। ऐसी लाइटें अक्सर माल में ही देखी जाती हैं।

### दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल ने 'वर्ल्ड किडनी डे' पर बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। हर साल 10 मार्च को पूरी दुनिया में ह्यवर्ल्ड किडनी डेह्न मनाया जाता है और इस दिन को मनाने का मकसद यही है कि किडनी से जुड़ी बीमारियों को लेकर लोगों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलायी जा सके। इसी बीच दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में आज 6000 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट के मामले पूरे कर लिए गए हैं। जिसमें से 250 ऐसे मरीजों के मामले हैं जिनका खून आसानी से किसी से मेल नहीं खाता, ऐसे लोगों के भी सफल किडनी ट्रांसप्लांट किए गए हैं। सर गंगाराम अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ ए के भल्ला ने बताया कि करीब 30 फीसदी रोगियों का ब्लड ग्रुप मैच नहीं होने के कारण किडनी ट्रांसप्लांट नहीं हो पाता है लेकिन ऐसे मामलों में भी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट किए गए हैं। अस्पताल के अध्यक्ष डॉक्टर डी एस राणा ने बताया कि हम हर महीने 3000 हेमो-डायलिसिस कर रहे हैं और 120 मरीज पेरिटोनियल पर हैं (डायलिसिस जो घर पर किया जा सकता है)। डॉक्टर डी एस राणा ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि जिनका सही समय पर किडनी ट्रांसप्लांट नहीं हो पाता उनकी किडनी के रोग से मौत हो जाती है। इलाज के अभाव में ऐसी 1.20 मिलियन मौतें दुनिया भर में हो जाती हैं। उन्होंने ये भी कहा कि साल 2040 तक मृत्यु दर में पांचवा सबसे प्रमुख कारण क्रॉनिक किडनी रोग होगा।

# राष्ट्रीय सर्व खाप जन कल्याण मंच किसान संगठन ने किसानो व सामाजिक मुद्दों को लेकर उपुक्त महोदय को सौंपा ज्ञापन

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



गुरुग्राम। राष्ट्रीय सर्व खाप जन कल्याण मंच किसान संगठन ने किसानो व सामाजिक मुद्दों को लेकर उपुक्त महोदय को सौंपा ज्ञापन।

चो टेकराम कंडेला की अगुवाई में किसान संगठन ने किसानो व सामाजिक मानगो को लेकर उपायुक्त महोदय को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने एम. एस. पी. पर कमेटी बनाकर कानून बनाने और कुछ मुकदमे वापिस लेने व मुवावजा राशि तुरंत जारी करने, बुढ़ापा पेंशन पर लगी को हटाने, भारी बारिस व ओला वृश्टि से खराब हुई फसलों का तुरत कम से कम 25000/- मुवावजा जारी करने, जींद में हांसी ब्रांच नहर के साथ बनी गौशाला को यहाँ से ना हटाने, खटकड़ टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में गावो का टोल फ्री करने, जींद जिले में आज तक किसी भी सरकार ने कोई बड़ा उधोग नहीं लगा पायी है। सभी पार्टिया सिर्फ यहाँ पर राजनीती करती है जींद के विकास के लिए कभी नही सोचती। जींद के विकास के लिए यहाँ पर एक बहुत बड़ा कारखाना लगाने की सिफारिश की, ताकि लोगो को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

टेकराम कंडेला के साथ खाप पंचायत के पदाधकारियों, किसान संगठन के अधिकारी, व महिला किसान मंच की पदाधिकारी ने उनके साथ मांग पत्र सौंपा। उनके साथ हजुरा सिंह किसान यूनियन के प्रधान, टेक राम कंडेला अपनी खाप के अंदर आने वाले समाज के सभी वर्गों का कार्य बिना भेदभाव से करते है। वह धर्म व जाती से ऊपर उठकर समाज सेवा करते है।महान व्यक्तित्व कर धनी टेकराम कंडेला हमेशा समाज हित व राष्ट्र हित को ऊपर रखते है। आज के युवा पीढ़ी को उनका संदेश होता है की रोजगार के साथ साथ समाज हित मे हिस्सा लेना चाहिये।

उनकी सबसे बड़ी बात है कि समाज का कितना भी बड़ा आपसी विवाद हो वह बातचीत से ओर भाई चारे से सुलझा देते है।

इस मौके पर प्रदीप सरपंच झील, अभेराम कंडेला, प्रदीप शर्मा, भिरा दालमवाला, महिला खाप प्रधान सुदेश कंडेला, सुभाष बड्सिकरी, किताब सिंह कंदेला आदि पदाधिकरी मौजूद थे

# ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने किया महिलाओं के जज्बे को सलाम

» मदरलैंड संवाददाता




मथुरा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एफपीओ (मथुरा बृजवासी ग्रामीण किसानहब किसान कंपनी लिमिटेड) के सभी बीओडी सदस्यों ने सीईओ-श्री शिव शंकर सिंह (जीवीटी) और नाबार्ड के सहयोग से ग्रामीण विकास ट्रस्ट के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया है। इस आयोजन में श्रीमती रीना देवी (एफपीओ निदेशक) ने एफपीओ की दिशा में महिलाओं की कड़ी मेहनत और एफपीओ की ओर कदम बढ़ाने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन श्री सौरभ त्रिपाठी (एफपीओ सीईओ), श्री शिव शंकर (प्रशिक्षण प्रमुख) और श्री शुभेंद्र कुमार (विपणन में प्रशिक्षण प्रमुख) के साथ-साथ क्षेत्र के सभी समन्वयकों ने एफपीओ निदेशक द्वारा महिलाओं को उपहार वितरण में योगदान दिया। हमारे समाज में महिला सशक्तिकरण के महत्व को दशार्ता है जो हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं। एफपीओ सदस्य घर पर अपने व्यस्त कार्यक्रम के अलावा, उनके योगदान की सराहना करते हैं। एफपीओ की ओर से हमारी महिलाओं को उनके जुनून के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

# दिल्ली को बनाया जाएगा टूरिज्म स्पॉट



नई दिल्ली, एजेंसी। देश की राजधानी दिल्ली को यूं तो पर्यटन के लिहाज से भी काफी अहम माना जाता है लेकिन अब डीडीसी यानी डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन ने दिल्ली को टूरिज्म स्पॉट बनाने का फैसला किया है। डीडीसी के उपाध्यक्ष जेस्मिन शाह ने दिल्ली में आर्थिक विकास को गति देने में टूरिज्म बिजनेस को अहम माना है। बता दें कि साल 2021 में दिल्ली को टूरिज्म के मामले में विश्व के 100 सर्वश्रेष्ठ शहरों में 62वां स्थान मिला है। दिल्ली में कई विशेषताएं हैं जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसमें पार्क, झीलें, कई स्मारक, स्ट्रीट फूड और इंटरनेशनल लेवल इंट्रा सिटी कनेक्टिविटी शामिल है। इसी को लेकर जेस्मिन शाह ने बताया की दिल्ली सरकार दिल्ली को शीर्ष वैश्विक शहरों में से एक के रूप में विकसित करने का काम कर रही है। दिल्ली को दुनिया भर की पहली पसंद बनाने के लिए डीडीसी उपाध्यक्ष जस्मिन शाह ने कहा की सबसे पहले दशकों से दिल्ली में गंदगी और लैंडफिल जो काफी बड़ा मुद्दा रहा है, उसे दूर करके इसे स्वच्छ शहर में बदलना होगा। इसके अलावा उद्योग विभाग ने 464 नियमों में ढील देकर प्रक्रिया को आसान भी बनाया है। जेस्मिन शाह ने आगे बताया की सरकार ने वायु प्रदूषण को कम से कम करने और इसे भारत की इलेक्ट्रिक वाहन राजधानी बनाने की दिशा में प्रगतिशील इलेक्ट्रिक वाहन नीति लागू की है। यह भी पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगी। दिल्ली का नाम आते ही स्ट्रीट फूड आपके जेहन में आता होगा। इसी को लेकर सरकार भी दिल्ली को स्ट्रीट फूड राजधानी बनाने का सोच रही है। इसको लेकर दिल्ली सरकार, होटल, रेस्तरां, कैफे आदि पर नियमों के बोझ को कम करने की दिशा में काम कर रही है।

# दिल्ली निकाय चुनाव आयोग का फैसला लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण: मनीष सिसोदिया



नई दिल्ली, एजेंसी। नगर निगम चुनावों की तिथियां घोषित होने से कुछ समय पहले इसे टालने के फैसले को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण दिन बताया। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या का दिन है। सिसोदिया ने कहा कि आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि चुनाव आयोग, जिसके कंधे पर निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है, वह केंद्र में बैठी भाजपा से डर गया। चुनाव आयोग चुनाव कराने से डर गया। यह लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। मीडिया से बातचीत करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि बुधवार शाम पांच बजे राज्य चुनाव आयोग नगर निगम चुनावों की घोषणा के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाता है। लेकिन उससे कुछ देर पहले केंद्र सरकार दबाव डालकर तिथियां घोषित करने से रोक देते है। चुनाव आयोग, जिसके ऊपर लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेदारी है, वह दबाव में आकर चुनाव की तिथियां घोषित करने से मना कर देता है। चुनाव आयोग का सरकार के सामने झुकना लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है। मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र ने तीनों नगर निगम को एक करने का बहाना बनाकर चुनाव टाला है, लेकिन सच यह है कि भाजपा हार से डर गई है। उनके अपने सर्वे में वह चुनाव हार रहे हैं। हमारा सर्वे कहता है कि 272 वार्ड में से आम आदमी पार्टी को 250 सीट मिलेगी। जनता 15 साल के भ्रष्टाचार से त्रस्त होकर भाजपा को निगम से भगाने को तैयार बैठी है। उसी के डर से भाजपा ने दबाव डालकर चुनाव टलवा दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव समय पर हो। अगर बाद में तीनों निगम एक हो जाते तो फिर क्या बदलाव आएगा। वार्ड उतने ही रहेंगे। मनीष सिसोदिया ने कहा कि तीनों नगर निगम को एक करने के किसी प्रस्ताव की जानकारी दिल्ली सरकार के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि जब प्रस्ताव हमारे पास आएगा तब देखेंगे। लेकिन यह अलग मुद्दा है। अभी मुद्दा समय पर चुनाव नहीं कराने का है।

# केजरीवाल की हुंकार, नतीजों ने बता दिया केजरीवाल आंतकवादी नहीं




नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के लोगों ने कमाल कर दिया। पंजाब में यह बहुत बड़ा इंकलाब है। पंजाब में बड़ी-बड़ी कुर्सियां हिल गईं। सुखबीर सिंह बादल, कैप्टन अमरिंदर सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी, प्रकाश सिंह बादल, नवजोत सिंह सिद्धू, बिक्रम सिंह मजीठिया हार गए।

उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने कहा था कि आजादी मिलने के बाद अगर हमने सिस्टम नहीं बदला, तब कुछ नहीं होगा। दोस्तो दुख की बात है कि पिछले 75 साल से इन पार्टियों और नेताओं ने अंग्रेजों वाला सिस्टम रखा हुआ था। यह लोग देश को लूट रहे थे। कोई भी स्कूल और अस्पताल नहीं बनाए। लोगों को जानबूझकर गरीब रखा गया।

उन्होंने कहा कि आप ने पिछले 7 सालों में अंग्रेजों वाला सिस्टम बदला है। हम लोगों ने ईमानदार राजनीति की और लोगों के काम की शुरूआत की है। अब स्कूल बनने लगे हैं, गरीबों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने लगी है। बाबा साहेब अंबेडकर और भगत सिंह का सपना पूरा होने लगा है। लेकिन यह इतना आसान नहीं है, यह सभी लोग एकसाथ मिलकर आज देश को आगे बढ़ने से रोकना चाहती है।

केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में बड़े-बड़े षड़यंत्र किए गए थे, सभी लोग आप के खिलाफ एकजुट हो गए थे और उनका एक ही मकसद था कि सिर्फ आम आदमी पार्टी नहीं आनी चाहिए और फिर अंत में सभी लोगों ने एकजुटता होकर बोला था कि केजरीवाल आतंकवादी है। लेकिन नतीजों के माध्यम से देश की जनता ने बता दिया, कि केजरीवाल आतंकवादी नहीं है। बल्कि वह देश का सच्चा सपूत और देशभक्त है। जनता ने अपना नतीजा सुना दिया है।

उन्होंने कहा कि जनता ने बता दिया कि केजरीवाल आतंकवादी नहीं है बल्कि वह लोग हैं, जिन्होंने देश को लूटा है। उन्होंने कहा कि अब सभी लोगों को नया भारत बनाने का संकल्प लेना है। जहां पर एक इंसान दूसरे इंसान से प्यार करेगा, वहां पर नफरत के लिए कोई जगह नहीं होगी। एक ऐसा भारत बनाएंगे जहां पर कोई भूखा नहीं सोएगा, मां-बहनें सुरक्षित होंगी, अमीरों और गरीबों के बच्चों को एक जैसी शिक्षा मिलेगी, खूब सारे मेडिकल की शिक्षा मिलेगी।

# दिल्ली में स्कूली बसों व कैब चालकों को केजरीवाल सरकार ने दी बड़ी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना के चलते स्कूली बसें व स्कूली कैब काफी समय तक सड़कों से बाहर रहीं और फिटनेस व परमिट का समय से नवीनीकरण नहीं होने की सूरत में जुमार्ना लगाया जा रहा था। लेकिन अब दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों को राहत देते हुए फिटनेस व परमिट के नवीनीकरण में देरी होने पर लगने वाले जुमार्ने को 30 अप्रैल तक के लिए माफ कर दिया है। परिवहन विभाग के संयुक्त आयुक्त ने जुमार्ना नहीं लगाने का आदेश जारी कर दिया है। इससे हजारों स्कूली बसों व स्कूली कैब को राहत मिलेगी। वहीं, इससे स्कूल सेवाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। परिवहन विभाग ने ऐसे वाहन मालिकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए फिटनेस व परमिट का नवीनीकरण नहीं होने पर लगने वाले जुमार्ने को माफ करने का प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजा था। क्योंकि कोरोना के दौरान और उसके बाद भी स्कूली बसों व स्कूली कैब वाले अपनी गाडियों की फिटनेस व परमिट का नवीनीकरण नहीं करवा पाए थे, उन पर भारी जुमार्ना लगाया रहा था। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि एक फरवरी 2020 से 31 दिसम्बर 2021 के बीच जमा की गई जुमार्ना राशि वापस नहीं होगी।

# नाक के जरिए दिए जाने वाले टीके की खुराक का एमस दिल्ली में आज से शुरू होगा प्रशिक्षण



नई दिल्ली, एजेंसी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भारत बायोटेक के नाक के जरिए दिए जाने वाले कोविड-19 रोधी टीके की बूस्टर खुराक का परीक्षण शुक्रवार से शुरू करेगा।

एम्स, नई दिल्ली में सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रोफेसर डॉ संजय राय ने बताया कि बूस्टर खुराक उन लोगों को दी जाएगी, जिन्होंने कम से कम पांच महीने पहले कोवैक्सीन या कोविशील्ड की दोनों खुराक ले ली थी। लेकिन टीका लेने की अवधि सात महीने से पहले की नहीं होनी चाहिए। भारत द्वारा हैदराबाद की कंपनी भारत बायोटेक द्वारा कोविड-19 के खिलाफ विकसित ह्यइंट्रानैसल वैक्सीनह्न बीबीवी154 के इस्तेमाल को मंजूरी दिया जाना अभी बाकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कोरोना की स्थिति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की थी। प्रधानमंत्री ने राज्यों द्वारा कोरोना के रोकथाम के लिए किए गए प्रयास की सराहना की।इस बैठक के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि टीकाकरण अभियान की दिशा में देश के लगातार प्रयास और सहयोग से कोरोना के तीसरे वेरिएंट ओमिक्रोन को बढ़ने से रोकने में सफलता हासिल की। पीएमओ ने कहा कि समीक्षा बैठक में यह सामने आया कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में सक्रिय और सहयोगात्मक प्रयासों ने संक्रमण के प्रसार के प्रभाव को रोकने में मदद की। इसके अलावा कार्यालय से यह भी कहा गया कि बैठक में देश में टीकाकरण अभियान की स्थिति का भी जायजा लिया गया और वैश्विक स्तर पर तथा देश में महामारी की स्थिति पर एक विस्तृत प्रस्तुति भी दी गई है। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी मौजूद थे।

**संक्षिप्त समाचार**

## उप पुलिस अधीक्षक को पितृ शोक




मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। तावडू के उप पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह मांझी के पिता उग्रसैन मांझी का असमायिक निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे और करीब 24 रोज उप पुलिस अधीक्षक की मॉ का भी देहान्त हो गया था, जिससे परिवार पूरी तरह से शोकाकुल हो गया है और सगे-संबंधी व क्षेत्र के लोग उनके पैतृक गांव भाणा रोड ढाणी गांव सारंगपुर(हिसार) पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।16 मार्च बुधवार को अंतिम शोक सभा का दिन रखा है। वहीं, उनके निधन पर जिला नूंह(मेवात) प्रेस क्लब(पंजीकृत), आमडा, अखिल भारतीय शहीदाने मेवात सभा, धार्मिक जागृति मंच, आरटीआई मंच, भगवान चित्रगुप्त महाराज भुर्जी कायस्थ सभा नूंह व विभिन्न धार्मिक, सियासी व राजनीतिक दलों से जुडे लोगों ने शोक संतप्त परिवार को शोक व्यक्त करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया है।

## गर्भवती को दहेज लोभियों ने उतारा ने मौत के घाट : 6 के खिलाफ रिपोर्ट

फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता
सिकन्द्राराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव टीकरी कला में दहेज लोभियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग न पूरी होने पर गर्भवती महिला को मौत के घाट उतार दिया। मृतका के भाई ने आधा दर्जन ड्ड ससुरालीजनों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुल्तान सिंह पुत्र श्यामसुंदर निवासी गढ़िया प्रसादपुर (नगला केशो) थाना एका जनपद फिरोजाबाद ने रिपोर्ट में आरोप लगाते हुए कहा है कि उसने अपनी बहन किरन कुमारी की शादी क्षेत्र के गाँव टीकरी कला निवासी कृष्णा बघेल पुत्र दुर्गपाल सिंह के साथ अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर हिन्दू रीति रिवाज के साथ 7 मई 2021 को।की थी। शादी के कुछ दिन तक ससुरालीजनों का व्यवहार बढ़िया रहा। बाद में ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में एक चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन विवाहिता का शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न करने लगे। दहेज लोभियों ने दहेज की मांग न पूरी होने के चलते हुए विवाहिता के साथ गत 6 मार्च की रात्रि 11 बजे जमकर मारपीट की। जिससे उसकी 7 मार्च को मौत हो गई। मृतका सात माह की गर्भवती थी। रिपोर्ट में पति कृष्णा बघेल, ससुर दुर्गपाल सिंह, देवर अनुपम, चचिया ससुर ओमर्व सिंह, चचिया सास माया देवी, लक्ष्मी देवी को नामजद किया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले में विवेचना शुरू कर दी है।

## मधुमक्खियों के झुंड ने छात्र-छात्राओं पर बोला हमला : 5 घायल

मदरलैंड संवाददाता , सिकन्द्राराऊ अलीगढ़ रोड स्थित एक विद्यालय के गेट पर सुबह मधुमक्खियों के झुंड ने छात्र छात्राओं पर हमला बोल दिया। जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। छात्र छात्राए इधर उधर भागने लगे। इस बीच मधुमक्खियों के हमले में विद्यालय के पांच छात्र छात्राएं घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में विद्यालय स्टाप द्वारा कस्बा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह अमोलचन्द्र पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं स्कूल परिसर में जा रहे थे। जैसे ही छात्र छात्राएं स्कूल के गेट पर पहुँचे। उसी दौरान छात्र छात्राओं पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। छोटे छोटे छात्र छात्राए मधुमक्खियों के हमले से बचने को इधर उधर भागने लगे। बच्चों की चीखपुकार सुनकर मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने प्रयास कर बच्चों को बचाया। इस बीच मधुमक्खियों के हमले में आयुष प्रताप सिंह 7 वर्ष, दिपागंना 6 वर्ष, संस्कृति यादव 4 वर्ष, अनय यादव 6, अनवेश 5 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्कूल के स्टाप द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए कस्बा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ से चिकित्सकों ने उपचार करने के बाद बच्चों को घर भेज दिया।

## विभिन्न जातियों को सुविधाएं प्रदान करने की मांग की

मदरलैंड संवाददाता,कनीना। बहुजन समाज पार्टी के नेता ठाकुर अतरलाल एडवोकेट ने हरियाणा सरकार से 25 जून 2019 को घुमंतू और अर्ध-घूमंतू जनजातियों की सूची में शामिल की गई जोगी-जंगम-जोगी नाथ, मनियार, भाट, रहबारी और मदारी (हिंदू) जातियों को भी विमुक्त जातियों की तरह मिलने वाली सभी सुविधाएं व लाभ देने की मांग की है। बसपा नेता अतरलाल ने इस सम्बन्ध में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर को ज्ञापन भेजकर याद दिलाया है कि 25 जून 2019 को उनकी अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश की जोगी-जंगम-जोगी नाथ, मनियार, भाट, रहबारी और मदारी (हिंदू) जातियों को घुमंतू व अर्ध घुमंतू जनजातियों की सूची में शामिल किया गया था। जिसके तहत राज्य की घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों की संख्या 24 से बढ़कर 29 हो गई है। परन्तु सरकार के फैसले के बाद भी शामिल की गई उक्त पांचों जातियों के लोगों को घुमंतू और अर्ध घुमंतू जातियों को मिलने वाली सुविधा व लाभ नहीं मिल रहे हैं। ज्ञापन में अतरलाल ने कहा है कि उन्हें अटेली विधानसभा क्षेत्र के मनियार और जोगी जातियों के लोगों से शिकायत मिली है कि उन्हें सरकार के इस फैसले का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जोगी तथा मनियार जाति के छात्रों व लोगों में घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों की श्रेणी का प्रमाण-पत्र तो बनवा लिए हैं, परन्तु इनका राज्य की सरकारी, अर्ध सरकारी बोर्ड व निगमों की नौकरियों में लाभ नहीं मिल रहा है। ज्ञापन में हरियाणा सरकार से मांग की गई है कि राज्य सरकार सभी विभागों, निगमों व बोर्डों को पत्र लिखकर सरकार की उक्त हिदायतों की पालना सुनिश्चित करे।

## चेलावास कनीना में फायर ब्रिगेड के भवन निर्माण का काम लगभग पूरा

मदरलैंड संवाददाता,कनीना। उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने बुधवार को चेलावास कनीना में 9 कनाल में बन रहे अत्याधुनिक फायर ब्रिगेड के भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने फायर ब्रिगेड ऑफिस के सभी कमरों में जाकर गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रोजेक्ट को तय समय में पूरा किया जाए। उन्होंने पिछली साइड में अधूरी बाउंड्री लाइन के बारे में भी जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि से जल्द पूरा करें। उपायुक्त ने बताया कि यहां पर फायर ब्रिगेड का कार्यालय खुलने से आपात स्थिति में आग लगने पर जल्द काबू पाया जा सकेगा। शहर के बाहर होने के कारण यह स्थान सबसे उपयुक्त है।

# भारत की पहली महिला शिक्षिका क्रान्तिज्योति सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर याद किया

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला में गुरूवार को भारत की पहली महिला शिक्षिका ज्ञानज्योति व देश की पहली महिला शिक्षिका समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें यहां याद किया गया और उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि देकर उनके जीवन मुल्यों से प्रेरणा लेने की बात पर जोर दिया गया। इस अवसरपरजनसेवकसमाज(एनसीआर) व अखिल भारतीय शहीदाने मेवात सभा से जुडे सामाजिक नेता कामरेड काले खां ने आयोजित विचार गोष्ठी में कहा कि सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले एक प्रमुख भारतीय सामाजिक सुधारक, शिक्षाविद और कवियत्री थी, जिन्होंने उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान महिला शिक्षा और सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्हें उस समय की कुछ साक्षर महिलाओं में गिना जाता है, सावित्रीबाई को पुणे में अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ भिडवाडा में स्कूल स्थापित करने के लिए श्रेय दिया जाता है, उन्होंने बाल विवाह के प्रति शिक्षित करने और उन्मूलन करने, सती प्रथा के खिलाफ प्रचार करने और विधवा पुनर्विवाह के लिए वकालात करने के लिए बहुत मेहनत की, महाराष्ट्र के सामाजिक सुधार आंदोलन का एक प्रमुख व्यक्तित्व और उन्हें बी आर अम्बेडकर, अन्नाभाऊ साठे की पसंद के साथ दलित मंगल जाति का प्रतीक माना जाता है, उन्होंने अस्पृश्यता के खिलाफ अभियान चलाया और जाति व लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करने में सक्रिय रूप से काम किय। इसी तरह संस्था के प्रधान सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि उनकी नीतियां हमारे लिए प्रासंगिक हैं और हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर वेदप्रकाश, राम सिंह, यामीन ,सुभाष चंद गंभीर, आदि मौजूद रहें।

# मौसम की मार से इस बार औसतन उपज में गिरावट सामने आई

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला के सरसों उत्पादक जहां एमएसपी( न्यूनतम मुल्य) से अधिक भाव मिलने से उत्साहित हैं वहीं, इस बार औसतन उपज में भारी गिरावट होने से उनके माथे पर चिंता की लकीरे पडी जा रही हैं। किसानों की माने तो इस बार शुरूआती दौर से ही मौसम खराब रहने से वह बुआई से पिछड़ गए थे और पकाई के समय बारिश पडने से उन पर मौसम की दोहरी मार पड़ी है।

यहां, यह बताना जरूरी है कि जिला में सिंचाई के पर्याप्त साधन न होने व भूमिगत जल खारा होने से यहां वर्षा आधारित फसलों की ही बिजाई की जाती हैं। जिला के कुल रकबे में 40 हजार हैक्टयर सरसों की बिजाई हुई है। जबकि गत वर्ष यह आंकडा 32 हजार हैक्टयर था, लेकिन इस बार सरसों की अच्छी फसल होने से 25 से 35 मन प्रति एकड उपज होने की उम्मीद जगी थी लेकिन पूरे सीजन मौसम बेरूखी ने इस बार रबी की फसलों को प्रभावित कर रखा हैं खासकर सरसों की 10 से 15 मन प्रति एकड उपज हो रही हैं। उधर,दूसरी तरफ सरकार ने 21 मार्च से सरसों की एमएसपी रेट 5050 रू0 प्रति क्विंटल की दर से खरीद कराने का दावा किया है जबकि जिला की मंडियों में सरसों की आवक शुरू हो गई है और 5 हजार से 75 सौ रूप्ये प्रति क्विंटल के हिसाब से खुले में बिक्री हो रही हैं। किसानों की माने तो सरसों का भाव एमएसपी से अधिक होने से किसान अपनी उपज को निजि आढतियों के यहां बेचने में अधिक दिलचस्पी दिखा रहा है और साथ ही कहा कि सरकार जब सरसों की खरीद शुरू करेगी तब तक जिला के किसानों की अधिकांश उपज की मंडी में बिकवाली हो चुकी होगी। इस बारे में कार्यवाहक डीएमईओ ने बताया कि नूंह अनाज मंडी में 4663, तावडू में 1313, फिरोजपुर झिरका में 635 व पुन्हाना में 28024 क्विंटल अब तक सरसों की आवक हो चुकी है और ओसतन 5 हजार से से 75 सौ रूप्ये प्रति क्विंटल की दर से बिकवाली हो रही है जबकि न्यूनतम मुल्य 5050 है और 21 मार्च से सरकारी खरीद होगी।

# जिला उपायुक्त ने किया गाहड़ा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया दौरा



अधिकारीगण भी रहे मौजूद

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। कनीना उपमण्डल के गांव गाहड़ा में बनने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के स्थान का जिला उपायुक्त श्यामलाल पूनिया ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया।

इस अवसर पर एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह सहित वन विभाग तथा जनस्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य अधिकारीगण भी रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों से कई पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कर उनकी बातों को ध्यान से सुना तथा बाद उन्हें दिशानिर्देश दिए ताकि कार्य जल्दी हो सके।

इस स्थान पर जाल के पेड़ आ रहे है जिसे हटाने को लेकर उपायुक्त ने वन विभाग के अधकारियों व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की जरूरी दिशा निर्देश भी दिए

गौरतलब है कि गांव गाहड़ा की पंचायत ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व स्टोरेज के लिए लगभग सवा 25 एकड़ जमीन दी है इस प्लांट के बन जाने के बाद 29 गांवों को पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा जिससे हजारों लोगों जो फायदा मिलेगा।

# जिला में बीएसएनएल की सेवाओं का जनाजा निकला, लोगों का इससे मोह भंग हुआ

» मदरलैंड संवाददाता




नूंह/मेवात। भारत संचार निगम लिमिटेड(बीएसएनएल) की सेलवन, लैंडलाईन व इंटरनेट सेवाओं का जिला में जनाजा सा निकल गया है खासकर जिला में सर्वाधिक राजस्व देने वाला तावडू उप मण्डल के उपभोक्ता इससे किनारा करते जा रहे हैं। उपभोक्ताओं की माने तो रोजाना नेटवर्क प्रोब्लम, खराब व्यवस्था ठीक न होने बिजली गुल होने व बारिश से सेलवन व लैंडलाईन सेवाएं पूरी तरह से ठप ही रहती हैं।

हैरत की बात देखने को यह मिल रही है कि सीजीएम अम्बाला,जीएम गुरूग्राम व जिला के नूंह के अधिकारियों को बार-बार शिकायत देने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई हैं।

उपभोक्ता वेदप्रकाश, संजय कुमार, सुरेन्द्र सिंह, अली मोहम्मद, कालू, रमजान, अजीजान आदि ने बताया कि जिला में बीएसएनएल की लैंडलाईन,सेलवन व इंटरनेट सेवाएं बदहाल होने से दिक्कतों का सामना करना पड रहा है खासकर जिला में सर्वाधिक राजस्व देने वाला तावडू उप मण्डल में रोजाना नेटवर्क प्रोब्लम, लाईन कटी होना आदि समस्याओं से रोजाना सामना करना पड रहा है।

इस बारे में सीजीएम अम्बाला संदीप खुल्लर से सम्पर्क करने पर उनके निजि सचिव राज बहादुर ने कहा कि साहब मिटिंग में हैं और इस दौरान उनसे सम्पर्क संभव नही हैं। उन्होंने आगे बताया कि जीएम गुरूग्राम को इस समस्या से अवगत कराया जा सकता है जबकि जीएम के निजि सचिव पाल ने कहा कि साहब मिटिंग में हैं और उनसे सम्पर्क फिल्हाल संभव नही हैं।

# एक दिवसीय बाल महिला एवं बाल विकास विभाग खेल प्रतियोगिता संपन्न

### विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

» मदरलैंड संवाददाता



कनीना। कनीना की राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के खेल के मैदान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि सीडीपीओ शालू यादव थे इस अवसर पर 300 मीटर दौड़ साइकिल रेस 400 मीटर दौड़ 100 मीटर दौड़ मटका दौड़ आलू चम्मच दौड़ आदि आयोजित की गई जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के महिलाओं ने भाग लिया 300 मीटर दौड़ में 18 से 35 और जबकि बाकी सभी प्रतियोगिताओं में 35 से 45 वर्ष की महिलाओं ने भाग लिया

इस मौके पर आयोजित आलू चम्मच दौड़ में सोनू कनीना प्रथम, शुभलता द्वितीय तथा दीपक तृतीय स्थान पर रही। मटका दौड़ में आशा बाघोत प्रथम, दीपक ककराला द्वितीय तथा कौशल्या तृतीय स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ 30 से 45 आयु वर्ग में प्रथम बबली कनीना, द्वितीय पिंकी द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर पवित्रा रही। इसी प्रकार 300 मीटर दौड़ में भारती प्रथम, विमलेश पड़तल द्वितीय, तृतीय स्थान पर विनय विनय कनीना रही। साइकिल दौड़ में एकता ने बाजी मारी जबकि 400 मीटर दौड़ में अंतिम प्रथम, प्रियंका द्वितीय तथा रीता तृतीय स्थान पर रही।

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शालू यादव की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता में सीनियर असिस्टेंट विशंभर दयाल, जितेंद्र यादव लिपिक, अजीत, अमरजीत, सरिता, अमृत सिंह विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## डीसी ने किया अंत्योदय मेले का निरीक्षण

# अंत्योदय परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना मेले का लक्ष्य -पूनिया

### वेलकम व काउंसलिंग डेस्क बढ़ाने के निर्देश

» मदरलैंड संवाददाता



कनीना। उपायुक्त श्याम लाल पुनिया ने आज कनीना के राजकीय कालेज में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के दूसरे फेज के अंत्योदय मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से भी मुलाकात की तथा उनसे सरकार की योजनाओं का फायदा उठाने का आह्वान किया।

डीसी ने कहा कि सरकार प्रदेश के प्रत्येक जरूरतमंद गरीब व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। सरकार का मकसद है कि गरीब लोगों का जीवन स्तर सुधरे और वे स्वाभिमान के साथ अपनी आजीविका चलाएं। मेले में आने वाले परिवारों को समयबद्धता के साथ लोगों को सेवाएं दी जा रही हैं।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदकों का हर रोज डाटा अपलोड करें ताकि बैंक जल्द लोन की प्रक्रिया शुरू कर सकें। उन्होंने वेलकम व काउंसलिंग डेस्क बढ़ाने को कहा ताकि लोगों की ज्यादा भीड़ न लगे। पूनिया ने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों के उत्थान को लेकर कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का उनके घर द्वार पर फायदा पहुंचाने के लिए सभी खंडों में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना चलाई गई है। इन मेलों में सरकार के निर्देशों पर एक ही छत के नीचे सभी योजनाओं का लाभ देने के लिए 18 विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए हैं। पहले चरण के सफल आयोजन के बाद दूसरे चरण के मेलों का आयोजन हो रहा है। इन मेलों के माध्यम से जिला के अंत्योदय परिवारों ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है।

इस मौके पर कनीना के एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम सुरेंद्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा व तहसीलदार, पालिका प्रधान सतीश जेलदार के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# भाजपा की 4 राज्यों में जीत के बाद जिला में कायकर्ता झूम उठे, एक -दूसरे को मिठाई खिलाई

» मदरलैंड संवाददाता






नूंह/मेवात। उत्तरप्रदेश, उतराखण्ड, पंजाब, गोवा व मणीपुर 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 4 राज्यों में जीत खासकर उत्तरप्रदेश में फिर से सीएम योगी आदित्यनाथ का जलवा बरकरार रहने से मुस्लिम बाहुल्य जिले नूंह(मेवात) के कार्यकर्ता अच्छे खासे उत्साहित हैं और इसे होली पर्व का तोहफा मानकर वहां के मतदाताओं ने भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर मुहर लगाई है। 4 राज्यों के चुनाव का परिणाम के दौरान आए रूझान से ब्रांड मोदी की मजबूती, मोदी सरकार के गरीब कल्याण एजेंडे के असर और कोरोना महामारी काल में सरकार के कामकाज पर वहां के मतदाताओं ने सहमति जताते हुए भाजपा का साथ दिया है। वहीं, चुनाव मतगणना शुरू होते ही जिला के भाजपाई, कांग्रेसी, इनेलो, जजपा, आप व बसपा आदि दलों से जुडे कार्यकर्ता अपने-अपने कार्यालयों में कूच करते दिखाई दे रहे थे। 4 राज्यों का जनादेश भाजपा के पक्ष में आने से उत्साहित कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का ध्वज लेकर एक-दूसरे को अमीर गुलाल लगाकर मीठा मूंह खिला रहे थे। वहीं, आप के जिला इकाई के सदस्य भी पंजाब में पार्टी की बढत से उत्साहित नजर आ रहे थे। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जाकिर हुसैन के नूँह निवास स्थान, भाजपा जिला कार्यालय के अलावा नूंह,नगीना,पुन्हाना, पिनगवा, इंडरी, उजीना, फिरोजपुर झिरका, तावडू, आदि जगहों पर भी मिठाई बांटकर खुशियाँ मनाई गईं।

इस मौके पर विधायक कुंवर संजय सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, भाजपा मीडिया प्रभारी मनीष जैन, तावडू नपा अध्यक्ष मनीता आशीष गर्ग, युवा भाजपा नेता ताहिर हुसैन ,निवर्तमान पार्षद व युवा भाजपा नेता कमल गोयल व युवा भाजपा जिला अध्यक्ष कैशव पंडित आदि भी मौजूद रहे।

फोटो केपसन जेपी जी 10 नूंह 5 में भाजपाई जीत के मौके पर खुशियां मनाते हुए व मिठाई बांटते हुए

मुंबई (ईएमएस)। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के अच्छे प्रदर्शन पर शिवसेना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को "जीत हजम करना" सीखना चाहिए। साथ ही शिवसेना ने चुनावी राज्यों में बीजेपी के प्रदर्शन का श्रेय उसके अच्छे चुनावी प्रबंधन को दिया। गोवा, उत्तर प्रदेश और मणिपुर में शिवसेना के खराब प्रदर्शन पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी को 'नोटा' (उपरोक्त में से कोई नहीं) विकल्प से भी कम वोट मिले क्योंकि उसके पास उपयोग के लिए बीजेपी जितना पैसा नहीं था।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना उन चुनावी राज्य में खाता तक नहीं खोल पायी, जहां उसने अपने उम्मीदवार उतारे थे। राउत ने पंजाब में खराब प्रदर्शन के लिए अपनी पूर्व सहयोगी बीजेपी पर निशाना भी साधा।

उन्होंने कहा, "हार पचाना आसान है लेकिन बीजेपी को सफलता को पचाना सीखना चाहिए। केवल कुछ लोग ही सफलता पचा सकते हैं।" राउत ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस पार्टी का चुनाव प्रबंधन सही नहीं था। उन्होंने कहा, "बीजेपी की जीत इसके अच्छे चुनाव प्रबंधन का नतीजा है।"

## संक्षिप्त समाचार

### रूझानों में शुरूआत से ही भाजपा ने बनाए रखी बढ़त

देहरादून, एजेंसी। विधानसभा चुनाव के 23 दिन बाद आज उत्तराखंड में सभी 70 विधानसभा सीटों के चुनाव नतीजे आने शुरू हो गये थे। इस चुनाव में जहां रूझानों में भाजपा शुरूआती दौर से आगे रही, लेकिन परिणामों में कांग्रेस के लोहाघाट से प्रत्याशी खुशाल सिंह अधिकारी सबसे पहले विजयी घोषित किये गये। विधानसभा चुनाव के शुरूआती रुझानों में भले ही कांग्रेस पीछे चल रही थी, लेकिन पहली सीट कांग्रेस के खाते में ही गई है। लोहाघाट विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी खुशाल सिंह अधिकारी ने 5693 वोट के अंतर से जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी को पराजित किया। मतगणना में भाजपा की बढ़त से यह साफ हो गया कि इस बार सत्ता की बागडोर किस दल के हाथों में आ रही है। वहीं खटीमा सीट से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हारने से पार्टी को गहरा धक्का लगा है।

### जीत के बाद मतगणना स्थल पहुंचे भाजपा प्रत्याशी मुन्ना सिंह चौहान व खजान दास का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

देहरादून, एजेंसी। राजपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी खजानदास तथा विकासनगर से भाजपा प्रत्याशी मुन्ना सिंह चैहान रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स के मतगणना स्थल पहुंचे जहां पर कार्यकताओं ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया और जीत की बधाई दी। इस अवसर पर नव निर्वाचित विधायक खजानदास ने कहा है कि अब और तेज गति से विकास होगा, साथ ही राजपुर विधानसभा का विकास एवं अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता ने जो जनादेश दिया है वह उसका सम्मान करते हैं अब तेजी के साथ विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जायेगा। इस अवसर पर नव निर्वाचित विधायक मुन्ना सिंह चैहान ने कहा कि दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने का बीजेपी ने वायदा किया था उसे पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता ने जो आशीर्वाद उन्हें दिया है जनता के हितों व उनके साथ किये गये वायदों को पूरा करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड में किये गये विकास पर जनता ने मुहर लगाई है अब अपने क्षेत्र का फिर से तेजी के साथ विकास किया जायेगा तथा अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का काम किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर मसूरी से भाजपा प्रत्याशी गणेश जोशी ने अपने प्रतिद्वंदी गोदावरी थापली को पराजित कर शानदार जीत दर्ज कर जीत का चैका लगाया है। उन्होंने कांग्रेस की गोदावरी थापली को 15 हजार से अधिक मतों से पराजित किया। वहीं कैंट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व आठ बार विधायक रहे स्वर्गीय हरबंस कपूर की पत्नी सविता कपूर ने कांग्रेस प्रत्याशी सूर्यकांत धस्माना को पराजित कर विधानसभा में पहुंचने का गौरव हासिल किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय हरबंस कपूर के अधूरे छोड़े गये कार्यों को पूर्ण करने का काम तेजी से किया जायेगा।

### डूबे दो युवकों में से एक का शव बरामद

देहरादून, एजेंसी। बीते दिनों देर शाम एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली थी कि दो लड़के चीला पावर हाउस में डूब गए हैं। उपरोक्त सूचना प्राप्त होते ही एसडीआरएफ पोस्ट ढालवाला की डीप डाइविंग टीम द्वारा आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों व राफ्ट के माध्यम से तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था। चार दिन बाद एक शव बरामद किया गया। इस दौरान एसडीआरएफ टीम द्वारा विगत 04 दिनों से घटनास्थल पर उक्त युवकों की गहन सर्चिंग की जा रही थी। परंतु लापता का कोई सुराग नही मिल पा रहा था। एसडीआरएफ टीम पोस्ट ढालावाला द्वारा पुनः सर्चिंग की गई। सर्चिंग के दौरान एसडीआरएफ टीम द्वारा वाटर कम्युनिकेशन सैट का प्रयोग कर डीप डाइवर मातबर सिंह को लगभग 30 फीट गहराई में भेजा गया व एक युवक नाम प्रमोद पुत्र विनोद कुमार, नजफगढ़, उम्र 25 का शव बरामद कर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। एसडीआरएफ की टीम के सदस्यों ने बताया कि दूसरे युवक पंकज पुत्र अनूप सिंह, द्वारिका दिल्ली, उम 25 अभी लापता है, जिसकी सर्चिंग एसडीआरएफ टीम द्वारा घटनास्थल पर की जा रही है।

### भाजपा कार्यकताओं ने होली खेलकर मनाया पार्टी की जीत का जश्न

देहरादून, एजेंसी। एक बार फिर से उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चली अंडर ग्राउंड लहर से आज भाजपा प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। जनता द्वारा दिये गये जनादेश से भाजपा को बढ़त दिलाई है। आज सुबह से जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस भवन में सन्नाटा छाया रहा। अन्य दिनों की अपेक्षा वहां पर कार्यकताओं व पदाधिकारियों की चहल कदमी कम रही, वहीं अधिकांश पदाधिकारी मतगणना में जुटे रहे। भाजपा महानगर कार्यालय एवं प्रदेश भाजपा मुख्यालय एवं मतगणना स्थल से रायपुर स्थित महाराणा प्रताप चैक में कार्यकताओं ने जमकर जश्न मनाया तथा आतिशबाजी व अबीर गुलाल लगाकर जमकर होली मनाई। इस दौरान कार्यकताओं ने मिष्ठान्न वितरित किया। आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुबह से ही कार्यकर्ता इकठठा होने लगे थे उन्होंने वहां पर ढोल की थाप पर नृत्य करना शुरू कर दिया। रूझान के बीच ही उत्साहित कार्यकताओं ने आतिशबाजी की और मिष्ठान्न वितरित कर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। इस दौरान कार्यकताओं ने मिष्ठान्न वितरित कर खुशी को दोगुना किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार व प्रदेश सरकार ने जनता के हितों के लिए कल्याणकारी कार्य किये जिसके चलते प्रदेश में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने में जनता ने अपनी अहम भूमिका निभाई। उनका कहना है कि पूर्व में कांग्रेस के शासनकाल में जिस प्रकार लगातार घोटाले हुए और भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा, जनता ने कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों व उनके द्वारा किये गये वायदों के खिलाफ अपना वोट दिया था, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अंडर करंट जादू बरकरार रहा।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन कौशिक भारी मतों से जीते



- कांग्रेसी प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी दूसरी बार मदन से हारे
- जनपद हरिद्वार की 11 सीटों में पांच सीटों पर कांग्रेस का कब्जा
- तीन सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर बसपा और एक निर्दलीय ने जीती

हरिद्वार, एजेंसी। विधानसभा चुनाव 2022 में जनपद हरिद्वार की 11 सीटों में भाजपा ने तीन, कांग्रेस ने पांच, बसपा ने दो और निर्दलीय ने एक सीट पर जीत हासिल की है। जिनमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन कौशिक ने हरिद्वार विधानसभा सीट पर पांचवी बार जीत हासिल कर अपना दबदबे को बरकरार रखा है। जबकि ग्रामीण सीट पर भाजपा के तीसरी बार चुनावी मैदान में खड़े स्वामी यतीश्वरानंद चुनाव हार गये है। बता दें कि जनपद हरिद्वार की 11 सीटों पर जबसे हार्ट सीट हरिद्वार और ग्रामीण विधानसभा सीट बनी हुई थी। हरिद्वार विधानसभा सीट पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन कौशिक और कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के बीच काटे की टक्कर थी। जबकि ग्रामीण सीट पर वर्ष 2017 में हरीश रावत को हराने वाले स्वामी यतीश्वरानंद की टक्कर हरीश रावत की बेटी अनुपमा रावत के साथ थी। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा रावत ने अपने पिता की हार का बदला लेते हुए स्वामी यतीश्वरानंद को हराकर जीत हासिल की है। विधानसभा चुनाव 2022 में जनपद हरिद्वार की 11 विधानसीटों पर जीत हासिल करने वाले प्रत्याशियों में हरिद्वार सीट पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन कौशिक ने सतपाल ब्रह्मचारी को दूसरी बार करारी शिकस्त देकर 15,505 मतों से जीत हासिल की है। रानीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी आदेश चैहान ने कांग्रेस प्रत्याशी राजबीर सिंह चैहान को 12,350 मतों से हरा कर जीत हासिल की है। रूड़की विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप बत्रा ने कांग्रेस प्रत्याशी यशपाल राणा को 2,277 मतो से हराकर जीत हासिल की। ग्रामीण विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा रावत ने तीसरी बार चुनावी मैदान में उतरे भाजपा विधायक स्वामी यतीश्वरानंद को 5,983 मतों से हरा कर जीत हासिल की। ज्वालापुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रवि बहादुर ने भाजपा विधायक सुरेश राठौर को 13,376 मतो से हरा कर जीत हासिल की। झबरेडा विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी विरेन्द्र कुमार ने भाजपा प्रत्याशी राजपाल सिंह को 8,162 मतों से हरा कर जीत हासिल की है। पिरान कलियर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी फुरकान अहमद ने भाजपा प्रत्याशी मुनिश कुमार सैनी को 11,872 मतों से हरा कर जीत हासिल की। भगवानपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी ममता राकेश ने अपने देवर भाजपा प्रत्याशी सुबोध राकेश को 4,811 मतों से हराकर जीत हासिल की। मंगलौर विधानसभा सीट से बसपा प्रत्याशी सरबत करीम अंसारी ने कांग्रेस प्रत्याशी कांजी मोहम्मद निजामुद्दीन को 661 मतों से हरा कर जीत हासिल की। लक्सर विधानसभा सीट से बसपा प्रत्याशी शहजाद ने भाजपा प्रत्याशी संजय गुप्ता को 9,017 मतों से हरा कर जीत हासिल की और खानपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी वरिष्ठ पत्रकार उमेश शर्मा ने बसपा प्रत्याशी रविन्द्र सिंह को 6,495 मतों से हराकर जीत हासिल की है।

## मतगणना के लिए की गई थी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था

देहरादून, एजेंसी। विधानसभा चुनाव मतगणना को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से कराने के लिए जन्मेजय खंडूड़ी, पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतगणना के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है, वहीं अधिकारियों को हरसंभव निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मेजय खंडूड़ी ने कहा मतगणना के समय अतिरिक्त सावधानियां बरती गई। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में नियुक्त किया गया समस्त बल प्रातः छह बजे तक अपनी ड्यूटी स्थल पर पहुंच कर आसपास के क्षेत्र को भली भांति चेक किया गया और मतगणना स्थल व उसके आसपास के दायरे में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश नहीं करने दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक तीन, क्षेत्राधिकारी छह, निरीक्षक 12, उप निरीक्षक 68, हैड कांस्टेबल 32, कांस्टेबल 349, महिला कांस्टेबल 134, पीएसी की दो कंपनी, यातायात कांस्टेबल सात को तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम के बाहर मार्गो पर किसी भी प्रकार की अनावश्यक भीड़ एकत्रित न हो के व्यापक निर्देश दिये गये थे। मतगणना स्थल पर केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही चेकिंग के उपरांत अंदर जाने की अनुमति दी जाए, मुख्य गेट पर नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी सुरक्षा ड्यूटी में नियुक्त पुलिसकर्मियों को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि और इसके अतिरिक्त मतगणना हॉल में पार्टियों की ओर से नियुक्त गए पार्टी एजेंटों को किसी भी दशा में अपने साथ ब्रीफकेस, ज्वलनशील सामग्री, मोबाइल आदि ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में नियुक्त सभी अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी के दौरान अपना आचरण निष्पक्ष रखा तथा अनावश्यक किसी भी विवाद से बचने के भी निर्देश दिये गये हैं। मतगणना स्थल के चारो ओर 100 मीटर के घेरे को पैदल क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है, इस परिधि के अन्दर किसी भी प्रकार के वाहन को ले जाने की अनुमति नहीं दी गई है प्रत्येक विधानसभा वार अधिकृत एजेंटो के लिए अलग-अलग रंग के कार्ड बनाये गये हैं, और उसी के अनुरूप प्रवेश दिया गया है। मतगणना कक्ष के बाहर लगे पुलिस कर्मी अधिकृत व्यक्ति को ही मतगणना कक्ष में प्रवेश दिया गया।

## उत्तराखण्ड की जनता ने आप की उम्मीदों पर फेरा पानी

### पार्टी के मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी कर्नल कोठियाल भी चुनाव हारे




देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार व गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सेनि कर्नल अजय कोठियाल व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल लगातार राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने का दावा करते रहे। यहां दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ ही उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया, मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार व गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सेनि कर्नल अजय कोठियाल सहित अन्य नेता लगातार राज्य में दावा कर रहे थे कि यहां पर आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी और जो वायदे जनता से किये गये हैं उसे पहले दिन से ही पूर्ण करने का काम किया जायेगा। उत्तराखंड की जनता ने आम आदमी पार्टी के द्वारा की गई फ्री बिजली, एक हजार रुपए 18 वर्ष से अधिक आयु की युवतियों व महिलाओं को देने, किसानों को फ्री बिजली, बेरोजगारों को पांच हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता को राज्य की जनता व युवा वर्ग ने पूरी तरह से नकार दिया है और यह जता दिया है कि जनता ऐसे लोक लुभावने किये गये वायदों के झांसे में आने वाली नहीं है जिसका आज यह परिणाम देखने को मिला है। वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने इस बार पंजाब विधानसभा चुनाव में भी जीत की ओर अग्रसर है। पंजाब की तरह उत्तराखंड में भी आप पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरी थी, लेकिन इस पर्वतीय राज्य में उसके सपने चकनाचूर हो गए हैं। 70 विधानसभा सीटों से प्राप्त अब तक के रुझान के मुताबिक आप पार्टी किसी भी सीट पर जीत तो दूर आगे भी नहीं बढ़ सकी है। वहीं दूसरी ओर खुद आप पार्टी के मुख्यमंत्री पद के दावेदार सेनि कर्नल अजय कोठियाल भारी मतों के अंतर से हार गए हैं।

## कांग्रेस के लिए सबसे बुरी खबर रही पूर्व सीएम हरीश रावत की हार




लालकुआं, एजेंसी। लालकुआं उत्तराखंड चुनाव के नतीजों में कांग्रेस के लिए बेहद चिंताजनक खबर यह आई कि पूर्व सीएम हरीश रावत इस बार भी चुनाव हार गए। हरीश रावत इस बार लालकुआं सीट से चुनाव मैदान में उतारे गए थे, जहां उनका विरोध भी कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने किया था। कांग्रेस से टिकट पाने की आस लगाए बैठीं संध्या डालाकोटी ने पार्टी के खिलाफ बगावत भी कर दी थी। बहरहाल, अब चुनाव के नतीजे सामने आए हैं और हरीश रावत को बीजेपी के मोहन सिंह बिष्ट ने हरा दिया है। बताते चलें कि मोहन बिष्ट वो नेता हैं, जिन्हें भाजपा ने 06 साल के लिए पार्टी से निकाला था, लेकिन चुनाव से ऐन पहले उनकी पार्टी में इंट्री हुई और हरीश रावत को हराया। भाजपा के प्रत्याशी मोहन बिष्ट लालकुआं सीट के ही हल्दूचैड़ इलाके से ताल्लुक रखने वाले नेता हैं, जिन्हें जमीनी आधार वाला चेहरा माना जाता है। 2019 के जिला पंचायत चुनाव में भाजपा ने इंदर सिंह को कैंडिडेट बनाया था, लेकिन बागी हुए मोहन बिष्ट ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और भाजपा को हरा दिया। तब भाजपा ने उन्हें पार्टी से 06 सालों के लिए निकाल दिया था, लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव के टिकट बांटे जाने से ऐन पहले ही मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने पार्टी में उनकी वापसी करवाई थी। तब से माना जा रहा था कि वह चुनाव लड़ेंगे और उन्हें ही टिकट मिला। छात्र जीवन से ही छात्र राजनीति में प्रवेश करने वाले मोहन सिंह उत्तराखंड सहकारी डेयरी फाउंडेशन के प्रमुख भी रह चुके हैं। जनसंपर्क के लिहाज से उन्हें जमीनी नेता कहा जाता है और लोगों से उनके संपर्क जीवंत बताए जाते हैं। हरीश रावत को हराने के बाद माना जा सकता है कि भाजपा की सरकार में उन्हें प्रमुखता मिलना तय है। इधर मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को हार की आदत पड़ गई है। उन्होंने कहा कि हरीश रावत मुख्यमंत्री होते हुए दो जगहों से हार गये, अब पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से फिर हार गए। उन्होंने कहा कि हरीश रावत को किसी क्षेत्र में रहकर जनता की सेवा करनी चाहिए उसके बाद वहां से चुनाव लड़ें। उन्होंने अपनी जीत पर क्षेत्र की जनता को धन्यवाद दिया है।

## बहु अनुकृति गुसांई को नहीं जिता पाए हरक सिंह रावत

### भाजपा छोड़ कांग्रेस में गए हरक को लगा जोर का झटका


देहरादून, एजेंसी। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री व कांग्रेस नेता डा. हरक सिंह रावत का भी इस विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद उनकी राजनीति में अब ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रहा है। आज 2022 के विधानसभा चुनाव में एक बार जहां भाजपा ने सभी मिथक तोड़ दिये हैं वहीं दूसरी ओर अपने आपको शेरे गढ़वाल का दर्जा देने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत का राजनैतिक भविष्य भी दांव पर लग गया है। पहले भाजपा से अपने लिए व अपनी बहु के लिए टिकट की मांग हरक सिंह रावत करते रहे, लेकिन जब भाजपा ने उनकी बात नहीं मानी तो उन्होंने कांग्रेस में जाने का मन बनाया तो भाजपा ने भी तुरंत एक्शन लेते हुए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। लेकिन यह सफर यहीं पर खत्म नहीं हुआ और कांग्रेस में आने के लिए हरक सिंह रावत को काफी पसीना बहाना पड़ा। बाद में कांग्रेस की शर्तों पर उन्हें शामिल किया गया। विधानसभा चुनाव के लिए हरक सिंह रावत ने दावा किया है कि वह अपने दम पर प्रदेश में कांग्रेस की 32 से 33 सीटें जिताने में सक्षम हैं लेकिन उनका यह दावा उन्हीं पर भारी पड़ गया कि वह लैंसडाउन सीट से अपनी बहु अनुकृति गुसांई रावत को भी नहीं जिता पाये।

## जैसे-जैसे रूझान आते गए वैसे-वैसे पिछड़ने वाले प्रत्याशियों के एजेंट खिसकते गए

देहरादून, एजेंसी। महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज में मतगणना के दौरान जैसे-जैसे रूझान आते गये वैसे-वैसे ही मतगणना स्थल से पिछड़ने वाले प्रत्याशियों के समर्थकों और एजेंटों ने वहां से निकलना शुरू कर दिया था। आज रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आज सुबह आठ बजे मतगणना प्रारंभ हो गयी थी। पहले पोस्टल बैलेट की मतगणना हुई और मतगणना प्रारंभ होने तक वहां सुरक्षाकर्मी, मतगणना कर्मी, पुलिस अधिकारी, प्रत्याशियों के एजेंट ही पहुंचे थे। उसके बाद मीडिया कर्मी भी वहां पहुंच गये थे लेकिन जैसे-जैसे मतगणना आगे बढ़ती गयी वैसे-वैसे समर्थक भी वहां पहुंचने लगे थे। मतगणना स्थल भले ही स्पोर्ट्स कॉलेज में बनाया गया हो, लेकिन कॉलेज के मेन गेट के पास स्थित पार्किंग में गाड़ी खड़ी करवायी जा रही थी जिस कारण मुख्य स्थान तक पहुंचने के लिए काफी दूरी पैदल ही तय करनी पड़ रही थी। कई जगहों पर पुलिसकर्मी ड्यूटी में तैनात थे, जिनकी वजह से थोड़ी बहुत रौनक दिखायी दे रही थी, क्योंकि उनके लिए कुछ समय के अंतराल में खाने-पीने की वस्तुएं पहुंच रही थी और वह सब अपनी ड्यूटी के साथ ही खाने-पीने में भी व्यस्त हो रहे थे।

# ऊधमपुर विस्फोट ने खोली सुरक्षा की पोल, घटनास्थल किया सील

### सौ मीटर के दायरे में डीसी दफ्तर समेत कई कार्यालय मौजूद हैं



ऊधमपुर, एजेंसी। शहर के सलाथिया चौक में हुए विस्फोट ने जिले में सुरक्षा व निगरानी व्यवस्था के साथ ही खुफिया तंत्र की पोल खोल दी है। जिस जगह विस्फोट हुआ है, वह सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील होने के साथ भीड़भाड़ वाला इलाका है। ऐसे में इस जगह पर इस तरह का विस्फोट सुरक्षा और खुफिया तंत्र की बड़ी चूक को दर्शाता है। सलाथिया चौक में जहां पर विस्फोट हुआ है, उसके ठीक सामने सड़क पार जज निवास है। इसके साथ ही सौ मीटर के दायरे के में डीसी दफ्तर, जिला अदालत परिसर, तहसीलदार कार्यालय, जिला विकास परिषद अध्यक्ष का कार्यालय, बीएसएनएल दफ्तर स्थित है। पुलिस थाना व बस स्टैंड भी यहां से 500 मीटर की दूरी पर स्थित है और जिला ट्रेजरी दफ्तर व जम्मू कश्मीर बैंक की शाखाएं भी सौ मीटर के अंदर हैं, जिससे यह इलाका सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण और संवेदनशील है।

जिस जगह विस्फोट हुआ है, वहां से महज 10 मीटर दूर पुलिस पिकेट बनी है, जहां पर हर समय पुलिस के जवान और अर्धसैनिक बल के जवान चौबीसों घंटे तैनात रहते हैं। ऐसी संवेदनशील जगह पर आईईडी जैसे विस्फोटक का पहुंचना सुरक्षा में बेहद गंभीर चूक है। यदि इस जगह पर विस्फोटक रखा जा सकता है तो जिला अदालत परिसर, मेटाडोर स्टैंड या अन्य किसी जगह पर भी ऐसी वारदात को अंजाम दिया जा सकता है। यह इलाका संवेदनशील होने के साथ काफी भीड़भाड़ वाला भी है, मगर इस जगह पर निगरानी के लिए आज तक पुलिस की ओर से कोई सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाए गए हैं। हालांकि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना भी थी, मगर आज तक वह ठंडे बस्ते में है। इसके साथ ही यहां सुरक्षा के प्रबंध वैसे देखने को नहीं मिलते, इसलिए ऐसे संवेदनशील इलाकों में पुलिस को सुरक्षा और निगरानी के प्रबंधों को भी अधिक पुख्ता करने की जरूरत है। शहर के सलाथिया चौक में हुए विस्फोट के बाद पुलिस का गैर पेशेवर रवैया देखने को मिला। आम तौर पर इस तरह की घटनाओं में परिस्थिति जन्य साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के लिए घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र को सील कर दिया जाता है, जिससे फारेंसिक टीम को साक्ष्य जुटाने में मदद मिल सके, लेकिन सलाथिया चौक में विस्फोट के करीब ढाई घंटों के बाद घटनास्थल को सील किया गया। ऊधमपुर जिला की गिनती जम्मू संभाग के सबसे शांत जिलों मे होती है। ऐसा भी नहीं है कि इस जिले में आतंकियों ने वारदातों को अंजाम नहीं दिया है। बुधवार को भी सलाथिया चौक पर विस्फोट के बाद से लेकर एडीजी के चले जाने तक घटनास्थल को सुरक्षित करने के लिए किसी तरह की सीङ्कूषलग नहीं की गई। इस दौरान पत्रकारों से लेकर आम लोग भी घटनास्थल के आसपास घूमते रहे। हालांकि पुलिस कर्मी सबको दूर रखने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। करीबन ढाई घंटों के बाद प्लास्टिक की रस्सी से पुलिस कर्मियों ने घेरा बनाकर वहां से सबको बाहर किया। इसके साथ ही सलाथिया चौक की तरफ से घटनास्थल को जाने वाले मार्ग को भी बैरीकेट लगा कर बंद किया गया। इसके कुछ देर के बाद कंटीली तार लगाई गई और हाईवे अथारिटी के निर्माण के दौरान प्रयोग की जाने वाले टेप के लगा कर घटना स्थल को सुरक्षित किया गया। पुलिस ने जो काम करीब ढाई घंटों के बाद किया, उसे सबसे पहले करना चाहिए था। सलाथिया चौक में जिस जगह विस्फोट हुआ है, उस जगह पर पड़े सामान में एक लिफाफे में कश्मीरी कुल्चे (कश्मीर रोटी) से भरा लिफाफा मिला है। इससे चचाएं यह भी है कि विस्फोटक रखने वाला कोई कश्मीरी भी हो सकता है। विस्फोट के बाद जांच कर रही टीम ने घटना स्थल पर पड़े सामान की जांच शुरू की, जिसमें एक लड़की का बैग मिला। पास ही काम पर जाने की वजह से इस लड़की ने कपड़ों का यह बैग कुछ देर के लिए वहां पर रखा था। इस बैग में उसके कपड़े थे। अपना बैग लेने वहां पहुंची इस लड़की से एसएसपी ऊधमपुर व अन्य पुलिस अधिकारियों ने पूछताछ कर बैग के बारे में जानकारी हासिल की। वहीं, चचाएं यह भी कि घायलों में किसी ने किसी व्यक्ति को घटना स्थल पर एक बैग रखते देखा है। मगर इस तरह की बात करने वाला बैग रखने वाले का हुलिया नहीं बता पा रहा। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, घटना स्थल पर जांच के दौरान एक लिफाफे में काफी ज्यादा कश्मीरी कुल्चे मिले हैं। पार्षद विक्रम सलाथिया व स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक यहां पर कश्मीरी कुल्चे कोई नहीं बेचता। इतना ज्यादा मात्रा में इसका होना यह संदेह भी बढ़ा रहा है कि कहीं विस्फोटक रखने वाला कोई कश्मीरी तो नहीं था। हालांकि अभी तक इसको लेकर भी कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### होले महले के अवसर पर सजाया गया मॉडल टाउन एक्सटेंशन गुरुद्वारा



हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता, लुधियानाः मॉडल टाउन एक्सटेंशन सिंह सभा गुरूद्वारा लाईटो और फूलो से सजाया गया है हर साल की तरह इस साल भी बड़ी धूम धाम से होला मोहल्ला मनाया जा रहा हैइस अवसर पर दविंदर सिंह सोढी और प्रसिद्ध रागी जत्थे कीर्तन कर संगतों को निहाल करेगे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान इंद्रजीत सिंह मक्कड़ ने बताया कि गुरु का अटूट लंगर भी बाटा जाएगा ।

### नकली नंबर प्लेट बनाने वाले को किया गिरफ्तार, नकली चिह्न का प्रयोग कर बनाता था नंबर प्लेट



संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। शहर की महावीर चौकी की पुलिस टीम ने अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6 मार्च को नीरपुर चौक नारनौल के पास से एक बुलेरो गाड़ी को पकड़ा था। जिस पर नकली नंबर प्लेट लगी हुई थी और नंबर प्लेट को छुपाने के लिए उस पर ग्रीस लगाई हुई थी। पुलिस ने बुलेरो गाड़ी में बैठे नारनौल के गांव मुकुंदपुरा के रहने वाले अजीत उर्फ राव, विक्रम उर्फ चोटी, सतीश और पूर्णमल उर्फ कालू चार युवकों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने पता लगाया कि फाइनैंस कंपनी को धोखा देने के लिए गाड़ी पर नकली नंबर प्लेट लगाई हुई थी और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, जिस वजह से नंबर प्लेट को छुपाने के लिए उसपर ग्रीस लगाई हुई थी। पुलिस ने ड्राइवर सीट पर बैठे युवक अजीत से गाड़ी के कागजात बारे पूछताछ की, अजीत ने गाड़ी की आरसी निकल कर दिखाई। पुलिस ने आरसी की जांच की तो पाया कि आरसी भी नकली है। इस पर पुलिस द्वारा गाड़ी और युवकों की तलाशी लेने पर गाड़ी से टेंपररी नंबर प्लेट और अजीत से एक देशी कट्टा और एक जिंदा रौंद बरामद किया था। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एएसपी संदीप कुमार ने प्रेस वार्ता करते हुए मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपित अजीत से नकली नंबर प्लेट के बारे में पूछताछ करने पर उसने बताया कि रमेश वासी पटीकरा के पास से नकली नंबर प्लेट ली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रमेश को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में रमेश ने बताया कि नारनौल में जीनियस बाईक एक्सेसरीज के नाम से अनिल वासी खोड़मा की दुकान है। उसके पास से ही उसने नंबर प्लेट बनवाई थी। जिस पर पुलिस ने अनिल वासी खोड़मा को गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ कर जांच की। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए पता लगाया कि आरोपित रमेश आरोपित अनिल के पास नंबर प्लेट बनवाने वाले ग्राहक लेकर आता था और मुनाफे का हिस्सा दोनों में बराबर बांट लिया जाता था। पुलिस ने आरोपित अनिल से पूछताछ करते हुए पता लगाया कि वह बिना छपी हुई नंबर प्लेट दिल्ली से लाता था और उनपर नकली चिन्ह लगाकर हाई सिक्योरिटी की नकली नंबर प्लेट बनाता था। इस तरह की नंबर प्लेट सरकार द्वारा अधिकृत एजेंसी ही बना सकती हैं। सरकार द्वारा अधिकृत एजेंसी ना होने बावजूद आरोपित अनिल ने इस प्रकार की नंबर प्लेट तैयार की हैं। इस कार्य में इन्हे काफी मुनाफा होता था। इस प्रकार यह लोग नकली हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाकर सरकार को नुकसान पहुंचा रहे थे। पुलिस ने आरोपित अनिल के पास से नंबर प्लेट बनाने की डाई, अंग्रेजी के छोटेझबड़े अक्षर, बनाई हुई और बिना छपी हुई नंबर प्लेट करीब 116 और करीब 147 नकली चिन्ह(लोगो) बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस द्वारा 6 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है।

### भाजपा की चार राज्यों में प्रचंड जीत पर नारनौल भाजपाइयों ने मनाया जश्न



मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा की चार राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश में हुई ऐतिहासिक व प्रचंड विजय की खुशी में भाजपा कार्यकताओं ने शहर के आजाद चौक में जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में ईकट्ठे होकर जश्न मनाया एवं रंग गुलाल लगाकर व मिठाई बांटकर खुशी मनाई। आजाद चौक में भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे और सभी ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर यूपी में योगी जी के नेतृत्व में भाजपा की हुई प्रचंड जीत की शुभकामनाएं दी। चुनावी नतीजे शुरू होते ही कार्यकताओं का जिला कार्यालय में जमावड़ा होना शुरू हो गया और ढोल बजाकर जीत की खुशी मनाई। जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने इस अवसर पर सभी कार्यकताओं को ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए सभी का मीठा मुंह करवाया और रंग गुलाल लगाकर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश सुमुखी विकास कर रहा है और जनता ने जात पात व तुष्टीकरण की राजनीति को नकार कर विकास के नाम पर वोट दिया है। वही उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुंडाराज व जंगलराज को खत्म करके पिछले 5 साल से जनता को गुंडई से निजात दिलवाई और यूपी ने विकास के मार्ग पर चलकर पिछड़े राज्य से अग्रणी राज्य की ओर अग्रसर किया। हालांकि वोट बैंक की राजनीति के लिए विपक्ष ने सत्ता को बदनाम करने के लिए तरह-तरह की शादी से रची किसान आंदोलन के नाम पर जनता को बरगलाया गया और झूठ बोलकर सत्ता के प्रति अविश्वास पैदा करने की कोशिश की गई परंतु जनता ने इन सब धोखे बाजो को नकार कर केवल और केवल विकास के नाम पर भारतीय जनता पार्टी को दोबारा से बहुमत दिया और योगी जी को यूपी की फिर से कमान सौंपी है।

# सोनी बीबीसी अर्थ ने जीवंत अहसास के 5 वर्ष पूरे किये

चंडीगढ़ : 2017 में अपने शुभारम्भ से सोनी बीबीसी अर्थ ने तथ्यात्मक मनोरंजन श्रेणी में विश्व-स्तरीय कंटेंट का मार्ग प्रशस्त किया है। अपने दर्शकों को ज्ञान प्रदान करने और अंतर्बोध युक्त कथावाचन एवं पथ-प्रदर्शक शोज से प्रेरित करते हुए इस चैनल ने 5 वर्ष की उपलब्धि पूरी कर ली है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का अपने विशेष तरीके से यशोगान करने के लिए सोनी बीबीसी अर्थ ने ह्रहर पल को सार्थक बनाएँह्ल (मेक एव्री मोमेंट मीनिंगफुल) नामक एक चौतरफा प्रचार और इसके अंतर्गत विविध गतिविधियों को आरम्भ किया। प्रचार के अंतर्गत इस चैनल ने प्रयोक्ता-उत्पादित प्रतियोगिता आरम्भ की है। #5इयर्स ऑफ लाइफ नामक इस प्रतियोगिता को इन्स्टाग्राम पर लॉन्च किया गया है। इसमें लोगों को यह साझा करने का अवसर मिलता है कि इस ब्रांड के ऑडियो का प्रयोग करके रील के जरिए किसी के जीवन में उन्होंने किस प्रकार अर्थ भरने का कार्य किया है। उत्तेजना को एक स्तर और ऊपर ले जाते हुए एक सम्मोहक अनुभव के लिए एक नवाचारी इन्स्टाग्राम फिल्टर (इनोवेटिव इन्स्टाग्राम फिल्टर) है। संवर्धित वास्तविकता (ऑगमेंटेड रियलिटी) के प्रयोग पर आधारित यह फिल्टर तब सक्रिय होता है जब प्रयोक्ता अपने कैमरे को सोनी बीबीसी अर्थ के लोगो (ऑन-एयर, वेब, प्रिंट, और आउटडोर) की दिशा में इंगित करते हैं और उनके स्क्रीन पर एनिमेटेड जानवरों की तस्वीरें जीवंत हो उठती हैं। इस चैनल ने ह्5 वर्ष 5 महा शोजह्ल (5 इयर्स 5 मेगा शोज) कार्यक्रम भी पेश किया है जिसमे द्वारा दर्शकों को अपनी मनपसंद मूवी के लिए वोट करने का अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम का प्रसारण 12 मार्च, शनिवार को रात 8:00 बजे से किया जाएगा। सोनी बीबीसी अर्थ को प्लैनेट अर्थ, डाइनैस्टीज, ब्लू प्लैनेट 2, सेरेनगेटी, और अनेक प्रतिष्ठित सीरीज जैसे सबसे बड़े टाइटल्स में से कुछ को पेश करने का श्रेय प्राप्त है। इसके पास विविध कंटेंट की लाइब्रेरी है जिसमें प्रकृति और वन्यजीवन, विज्ञान, साहसिक यात्राएं और खोज, अभियंत्रण और विनिर्माण, फिशिंग, लोग और संस्कृति, स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती, भारत और अंतरिक्ष आदि क्षेत्रों की विविध विधाओं की सामग्रियाँ उपलब्ध हैं। अपने इस विविध भण्डार की बदौलत यह ब्रांड हर किसी को आकर्षित करता है। इस ब्रांड में अनेक प्लैटफॉर्म भी तैयार किये हैं जो प्रकृतिप्रेमियों से जुड़ता है और उनकी अधिक जानने की जिज्ञासा संतुष्ट करता है। स्कूलों से जुड़ा कार्यक्रम ह्फील अलाइव ऑवर्सह्ल शैक्षिक सत्रों के जरिए गृह के बारे में उत्सुकता और जूनून बढ़ाता है। तुषार शाह, ह्मुख्य विपणन अधिकारी एवं व्यवसाय प्रमुख झ इंग्लिश क्लस्टर और सोनी एएटीएच, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्सह्ल ने कहा ह्लअपनी उपभोक्ता समझ और जानकारी द्वारा निर्देशित, हमने एक ब्रांड का निर्माण करना चाहा था जो हमारे मौलिक मूल्यों के साथ मिलकर तथ्यात्मक मनोरंजन के क्षेत्र में पथ-प्रदर्शक बन सके। चूँकि, हमने सोनी बीबीसी अर्थ के 5 वर्ष पूरे कर लिए हैं, हमें अपनी दृष्टि साकार होते हुए देखकर काफी खुशी हो रही है। सर्वोच्च दर्जे के कंटेंट, सम्मानित ब्रांड इक्विटी, और वितरण प्रवीणता सहित अपने दोनों सहयोगियों की शक्ति के साथ इस चैनल ने अपने दर्शकों के जीवन में हमेशा अर्थ का समावेश किया है। हम दर्शकों का लगातार मनोरंजन करने और हमारे साथ व्यतीत उनके हर पल को सार्थक बनाने की आशा करते हैं।

# टीबी मुक्त हरियाणा मिशन के तहत धनौंदा में कैंप आयोजित



» अशोक सैनी, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। टीबी मुक्त हरियाणा मिशन के तहत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनौंदा में कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डा. दीक्षांत ने 50 टीबी के संभावित मरीजों की जांच, 30 मरीजों के एक्स-रे किए तथा 5 मरीजों की सीबीएनएएटी जांच के लिए लिखा गया।

सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त हरियाणा मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के सहयोग से जिला की जिन संस्थाओं में एक्स-रे जांच की सुविधाएं नहीं है उन संस्थाओं पर टीबी के रोगियों के पहचान के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इन कैंपों में संभावित टीबी मरीजों की जांच एक्स-रे व सीबीएनएएटी मशीन से बिगड़ी हुई टीबी की जांच मुफ्त की जा रही है। जो मरीज टीबी से ग्रस्त पाया जाएगा उनका डॉट्स प्रणाली के तहत मुफ्त इलाज किया जाएगा।

# पंजाब के बाद हरियाणा में चलेगा झाड़ू : सचिन जैन



» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हांसी। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में सभी दलों पर झाड़ू चला दिया और जिसकी जीत का जश्न आम आदमी पार्टी ने हांसी में भी मनाया

हांसी में आम आदमी पार्टी नेता सचिन जैन ने अपने तोशाम चुंगी स्तिथ कार्यालय पर कार्यकर्ताओ और शहर के गणमान्य लोगो के साथ लड्डू बांट कर मनाया।

आप नेता ने कहा की आज पंजाब के नतीजों ने बता दिया है कि अब लोगो ने काम की राजनीति को चुनना शुरू कर दिया है और इसी लिए दिल्ली के बाद पंजाब में भी लोगो ने आम आदमी पार्टी को चुना है, उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने पूरा चुनाव जनता के मुद्दो पर लड़ा और जीत दर्ज की जबकि इसके विपरित भाजपा, कांग्रेस और अकाली ने पूरा चुनाव अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को गाली दे कर लड़ा


जैन ने हास्यपद लहजे में कहा की हरियाणा में खट्टर साहब का 75 पार का सपना हरियाणा के लाल केजरीवाल ने पंजाब में पूरा कर दिया है और अब हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी अपना परचम लहराएगी।

जैन ने कहा कि अब हांसी और हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी सांसद सुशील गुप्ता ने नेतृत्व में पार्टी संगठन का विस्तार करेगी और आने वाले समय में नगर निकाय चुनाव में अपना परचम लहराएगी

इस जश्न के वक्त वार्ड सेवक मुकेश सैनी, सुरेंद्र ढांडा, सप्रेम कुमार, संजय गोयल, अशोक जैन, रमेश कुमार, राजीव जैन, महेंद्र चावला, संजय कुमार, रामकुमार सिहाग, विनोद जैन, श्याम कुमार और अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे

# अहंकारी और बलात्कारी का हुआ सफाया आत्म नगर और पश्चिमी हल्के की महिलाओं में खुशी की लहर




» मदरलैंड संवाददाता



लुधियानाः औद्योगिक नगरी में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। पार्टी के सभी विधायक चुनाव हार गए। लुधियाना जिले से मंत्री भारत भूषण आशु और गुरकीरत सिंह कोटली को करारी हार का सामना करना पड़ा। यानी विधायक की दौड़ में 12 नए चेहरे हैं। खास बात यह है कि सबसे बड़ा झटका कांग्रेस को लग रहा है, जिसके 2 मंत्री और सभी विधायकों को हार का सामना करना पड़ा।

**बैंस बंधुओं को भी करारी पटखनी मिली**

कांग्रेस के नए चेहरे बिक्रम सिंह बाजवा सिर्फ साहनेवाल से आगे चल रहे थे लेकिन बाद में वह हार गए। इसके अलावा दोनों बैंस बंधुओं को भी करारी पटखनी मिली। लुधियाना दक्षिण से बलविंदर सिंह बैंस की हालत सबसे ज्यादा खराब रही, जिन्हें अचार अंकों का स्कोर छूने को नहीं मिल पाया। भाजपा लंबे समय के बाद एक बार फिर लुधियाना सेंट्रल से खाता खोलने की ओर अग्रसर नजर आ रही थी लेकिन आखिरी समय में देबी चुनाव हार गए।

**सबसे बड़े जिले में आप की धमाकेदार एंट्री**

हैट्रिक की ओर अग्रसर सभी छह विधायक औंधे मुंह गिर गए। मालवा के सबसे बड़े जिले लुधियाना में आम आदमी पार्टी ने अप्रत्याशित प्रदर्शन किया है। नतीजों में 14 में से 13 सीटें आम आदमी पार्टी की झोली में आई है। केवल दाखा में शिअद के मनप्रीत अयाली अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे। पवनीत पहवा ने बताया कि आत्म नगर हल्के की सभी महिलाएं खुश हैं कि उस पार्टी की जीत हुई जो महिलाओ को इंसाफ दिलाएगा और युवाओं को रोजगार देगा वही धीरा मेहरा ने कहा कि आत्म नगर हल्का पिछले कई सालों से पिछड़ा हुआ था अब उम्मीद जागी है कि आम आदमी पार्टी इस हल्के का विकास करेगी और माफिया का सफाया होगा श्वेता अरोड़ा ने कहा कि आबकारी मंत्री का सफाया हुआ जो एक बलात्कारी का साथ देता था वह महिला को अब जाकर इंसाफ मिलेगा जब अंकारी और बलात्कारी दोनों ही साफ हो गए

**किस सीट से कौन जीता**

लुधियाना पूर्वी - दलजीत सिंह भोला (आप)

लुधियाना उत्तरी - मदन लाल बग्गा (आप)

लुधियाना दक्षिण - राजिंदर पाल कौर (आप)

लुधियाना पश्चिम - गुरप्रीत गोगी (आप)

लुधियाना सेंट्रल - अशोक पराशर (आप)

आत्मनगर - कुलवंत सिंह सिद्धू (आप)

जगराओं - सरबजीत कौर माणूके (आप)

खन्ना - तरुणप्रीत सिंह सोनू (आप)

गिल - जीवन सिंह संगोवाल (आप)

समराला - जगतार सिंह दयालपुरा (आप)

दाखा - मनप्रीत अयाली (शिअद)

साहनेवाल - हरदीप सिंह मुंडिया (आप)

रायकोट - हाकम सिंह ठेकेदार (आप)

पायल - मानविंदर सिंह ग्यासपुरा (आप)

# मंत्री 7512वोटों से और वैद 57288वोटो से कड़वल 16354वोटो से हारे

## लुधियाना की जनता ने दिया जवाब किया कांग्रेस का सफाया




» मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः पंजाब विधान सभा चुनाव के रिजल्ट ने पूरे पंजाब को हिला कर रख दिया जनता कितनी तंग थी कांग्रेस पार्टी और अकाली दल से नतीजों ने बताया दिया पश्चिमी हलके से कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशू को उन्हीं के ही कांग्रेस पार्टी से गए हुए आम आदमी पार्टी के में गुरप्रीत सिंह गोगी ने 7512 वोटों से हरा दिया गुरप्रीत गोगी ने हल्के के लोगो का धन्यवाद किया जिन्होंने ने उनका साथ दिया और अहंकारी मंत्री का सफाया किया जिसने शहर में अतंग मचा रखा था गोगी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि सताए हुए लोगो को इंसाफ दिलवाने का वही गिल हल्के के जगजीवन सिंह संगोवाल ने कुलदीप सिंह वैद को 57288 वोटो से पिछाडा दूसरे नंबर मे दर्शन सिंह शिवालिक अकाली दल के रहे जगजीवन सिंह ने कहा कि पिछले पांच साल कांग्रेस के विधायक अपने ए सी कमरो से ही नही निकले थे और न ही किसी का फोन उठाया करते थे आज जनता ने जवाब दे दिया है वही सबसे ज्यादा लुधियाना की हॉट सीट आत्म नगर हल्का जहा बैंस भाईयो ने बड़े बड़े पोस्टर लगाए हुए थे बैंस आत्म नगर दा जो आत्म नगर की जनता ने जवाब दे दिया आज वो तीसरे स्थान पर नजर आए दूसरे नंबर पर कमलजीत सिंह कड़वल जिनको 16354 वोटो से कुलवंत सिंह सिद्धू ने हराया सिद्धू ने कहा अब आम आदमी पार्टी की सरकार आ गई है आत्म नगर हल्के से सभी माफिया खत्म होगा और इस हल्के का पहल के आधार पर विकास किया जाएगा आत्म नगर की जनता पिछले दस सालों से नर्क का जीवन जी रहे थे अब इस हल्के में सिर्फ विकास ही जल्द नजर आएगा



# हकेवि के समाजशास्त्र विभाग में सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित



» जयप्रकाश भारद्वाज, मदरलैंड संवाददाता

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा डूइंग सोशियोलॉजिकल रिसर्चः एन इंटरडिसिप्लिनरी पर्सपेक्टिव विषय पर 15 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला के संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को अनुसंधान प्रक्रिया से अपडेट होने व शैक्षणिक क्षेत्र में गुणवत्ता लाने के साथ शोध कार्य की एक स्पष्ट समझ रखने के लिए प्रेरित करेगा।

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत आयोजित इस कार्यशाला में कुलपति ने कहा कि ऐसी कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों व शोधार्थियों को बाहरी विशेषज्ञों के रूबरू होने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कार्यशाला प्रतिभागियों में नए विचारों एवं सूचनाओं के माध्यम से उनके ज्ञान में भी इजाफा करने में सहायक होगी।। उन्होंने कहा कि समाजशास्त्र अनुशासन स्वयं अंतःविषय है क्योंकि इसमें इतिहास, नवाचार, प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और राजनीति के विषय शामिल हैं। इसलिए, इसका उपयोग सामाजिक नेटवर्क, सामाजिक परिवर्तन और समाज की सामाजिक संरचना को अधिक व्यापक रूप से देखने के लिए किया जा सकता है। समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. टी. लोंगकोई ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य अनुसंधान में सुधार और उन्नयन करना है। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों में शैक्षणिक, अनुसंधान, डिजिटल और महत्वपूर्ण आत्म-जागरूकता दक्षताओं को विकसित करने के लिए कार्यरत है। इससे विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सहयोग मिलेगा। सत्र के अंत में विभाग के सहायक आचार्य डॉ. युद्धवीर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# ए लाईफ अन कॉमन दे इंडिकेवल बी एस बेदी जर्नी ऑफआन आई पी एस आफिसर' - खबरी लाल



विनोद तकियावाला

आसमा वर्षो से वर्षो तक बढ़ता है तब खाक के फलग से कोई इंसान इस जमीन पर दुनिया ह्य वालो को प्रेम ,कर्तव्य,शांति भाई चारे व सोहार्द का संदेश ले कर भेजता है।डा0 बलवीर बेदी सेवा निवृत 1961 यू पी बैच के भारतीय पुलिस सेवा केडर आफिसर थें । डा० बलवीर सिंह बेदी ईसान व इन्सानियत के जीती जागती उदाहरण थें।आप की पहचान एक भारतीय पुलिस सेवा में कर्तव्य निष्ट,अधिकारी थे ,वही अपने परिवार व समाज के लिए सच्चे व नेक इंसान थे।मैने उन्हे नजदीक से ना केवल देखा है ब्लकि कई यादगार पल भी गुजारे है।उपरोक्त उदगार आज नई दिल्ली के इतिहासिक जन्तर मन्तर मार्ग पर स्थित केरला हाउस के सभागार मे डा० बलवीर सिंह वेदी के जीवन पर आधारित बायोग्राफी ह्य ए लाईफ अनकामन ह्य बी एस बेंदी दे इंडिकेवल जर्नी ऑफ ऑन आई पी एस आफिसर ह्ल डा० प्रीति सिंह द्वारा लिखी गई पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम था

इस अवसर पर मुझे भी अपने बरिष्ट मीडिया मित्रों के साथ कुछ स्वर्णिम पल बिताने व साक्षी बन नें का सुअवसर मिला ।

पुस्तक का प्रकाशन दिशा इन्टर नेशन पब्लिर्स हाउस ह्य ग्रेटर नोएडा के द्वारा कुशल प्रकाशन वसंपादन किया गया है।पुस्तक की साज व सज्जा सजिल्द प्रकाशित किया गया है। पुस्तक की कीमत 390 /= है।पुस्तक ऑन लाईन एमोजन एप पर भी उपलब्ध है।

आशा है कि पुस्तक अपने पाठकों को ना केवल प्रेरणा देगी ब्लकि उनके जीवन में मार्गदर्शन के साथ पथ प्रदर्शक का कार्य करेगी

सन1961 यु पी बैच के आई पी एस पिता के जीवन पर आधारित वायोग्राफी के रूप पुस्तक के माध्यम से प्रेरणा दायक कहानी एक पुत्री के कलम से लिपि बद्ध की गई है।

विश्व के मानस पटल पर भारत विभिन्नता में एकता व अखण्डता के लिए प्रख्यात है।यहाँ की वेष भुषा व भाषा अलग अलग ही हो लेकिन सबके दिल राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत प्रोत है।हमारी संस्कृति व सभ्यता का परचम पुरे विश्व में पहरा रहा है।इसके साथ यहाँ के बदलते मौसमअपने साथ पर्व त्योहार ह्यक्षेत्रीय साज व संगीत के दीवाने भारत के अलावे कई देशों मे है।इसी क्रम में आज ऋतु बसंत के खुशनुमा माहोल में राजधानी के ऐतिहासिक जनपथ मार्ग केरला हाउस में अपने कुछ वरिष्ट संपादक व मीडिया मित्रो के सानिध्य सम्मापीय में जीवन के स्वर्णिम पल बिताने का सौभाग्य प्राप्त हुआ विगत दिनों हमें मिला ह्य



मौका था।डाङ्ग बलबीर सिंह बेंदी आई पी एस के जीवन पर आधारित लिखित पुस्तक के विमोचन समारोह का।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मंच पर विराजमान हो कर शोभा बड़ा रहे थे,केरल राज्य के महामहिम आरिफ मो खान थे,जिनसे मिलने का सौभाग्य मुझे पूर्व में कई बार हो चुका है।मै आरिफ साहब के विषय मे संक्षिप्त में इतना बताना चाहूंगा कि ये एक बे सहदय ही संजीदा व खुश मियाज इंसान है। आज आप भले ही एक संवैधानिक महामहिम के पद आसीन है।इस अवसर पर केरल राज्य के महामहिम आरिफ मो०खान के कर कमलो द्वारा पुस्तक का विमोचन एक सादे समारोह नई दिल्ली स्थित केरला हाउस कै सभागार में किया है।

इस पुस्तक में डा० बेंदी के जीवन के उत्तार चढाव के संघर्ष व अनुभवो पर आधारित है।एक भारतीय पुलिस प्रसानिक सेवा पद पर रहते है। आप ने अपने धार्मिक ह्यसमाजिक व पारिवारिक द्वायत्वो का निंवाह का इतना आसान नही था।फिर भी आपने अपने जीवन व सरकारी पदो के बीच में समझौता नही कर एक अनोखा सामजस्य स्थापित किया।

आप का भारत पाक के विभाजन समय अपने परिवार का पंजाब के सिन्ध प्रांत से भारत मे आगमन हुआ था , पुस्तक में विभाजन से वेदना के कारुणिक कहानी का सचित्र चित्रण किया गया है। लेखिका नें अपने पापा के सान्निध्य बताते हुए कहती है कि

जब मै तीन साल की थी ह्य पापा जालोन में रढ के पद थें।वे रात रात भर घर से बाहर रहते थें

मेरे मन मस्तिष्क पे वह धुमिल तस्वीरें आज भी है।जब मेरे से एक पैसा गुम हो गया और मेरी मॉ मेरे पें बहुत ही गुस्सा हो गई।

इसी क्रम मे मै आप सभी को एक समक्ष एक बात का जिक्र करना चाहूंगी घर पर पहली बार महिन्द्रा कम्पनी जीप आई थी।उस समय मगरू लाल जो कि रशोईयाँ थे ह्यकिरोसिन स्टोव पर देसी मुर्गा बनाने का आदेश दिया था - ह्य

जम्मु - कश्मीर 1992 -1993 .

डी जे पी - पद रहे थें।

पुस्तक विमोचन समारोह मे केरला के महामहिम राज्यपाल आरिफ मो०खान साहव नें अपने उदगार व्यक्त करत हुए कहा कि बेदी जी समाज में अनुशासन प्रिय थे , मुझे प्रशन्नता हो रही है।मुझे व मेरी स्वगीर्या पत्नी केउनके काफी भी अच्छे तालुक थें।आज मुझे काफी ही प्रसन्नता हो रही है कि एक पुत्री के द्वारा अपने पिता पर बायोग्राफी लिखना इतना आसान नही होता है।डा० बलवीर सिंह वेदी एवं एक सच्चे कर्म निष्ट अनुसासन प्रिय पुलिश अधिकारी थें।एक शिक्षक को रूप में हमारा हमेशा सम्मान करते थे !

बच्चे के प्रति उन्होने अपनी जिम्मेदारी व प्रतिबद्धता निभाये करते रहते थें।जब वे मिलते थें तो अतिथि धर्म का पालन करते उनके सम्मान व खान पीने का विशेष ध्यान रखते थें।बेंदी साहब स्वयं खानें पीने वहुत शौकीन थें।जब कोई उनसे मिलने आते है।उनके ना केवल समान करते ब्लकि एक खुशनुमा माहोल मे हर तरह के मदद करने मे पीछे नही रहते थे।एक बार कहानी है,जब मै स्वयं उनसे मिलने आए थे।आप को बताना चाहूंगा कि जब उस समय अध्यन के लिए अपने घर से दुर रहते है।हास्टल में नास्ते मे डब्ल रोटी मिलते थें।जिससे खा-खा कर मन उब जाता था।ऐसे में कभी कभी एकआई पी एस के पुलिश अधिकारी(एस एस पी)के घर पर पराठे खाने मिलते है।उनसे मिलने का बहाने मात्र रहता था।घर का खाना मुख्य मकशद होता था।ये मिसेजे बेंदी का था।कानपुर में थोडी सी मोहलत मिली थी।

मुझे गर्व है बेदी साहब की पुत्री व पुस्तक के लेखिका प्रीति से ह्य जिन्होनें मुझे बड़े भाई के रूप हमेशा सम्मान दिया करती है।मेरा बेदी परिवार से पारिवारिक अच्छे सम्बन्ध रहा है।पिता-पुत्री का ये अनोखा अटूट सम्बन्ध समाज एक संदेश देता है।ज्यादातर पिता अपने पुत्र का होता है।लैकिन बेंदी साहब अपने बेटी के अच्छे पिता थें।ऐसे में मुझे महशुर शायर मीर साहब की एक शेर याद आ रही है खाक फलक व इंसान के संदर्भ में सही कहा कि- ह्लजब आसमा में बर्षो से बर्षो तक बढता है तब खाक से फलक से खास इंसान निकल कर इस जमीं पर आता है।मानव को उसके जीवन के उद्देश्य पुरा करने का सीख देता है।डाङ्ग बलवीर सिंह बेदी जी भी ऐसे ही नेक इंसान व अच्छे पिता है।वे अभी स्वास्थ्य लाभ ले रहे है।अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक पुत्री द्वारा अपने आई पी एस पिता के जीवन पर आधारित बायोग्राफी लिख कर यह साबित कर ती है।आज की बेटी बेटे से किसी भी मयाने में पीछे नही है।

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को नमन ह्य वंदन व अभिनन्दन ।

अंत में अपने पाठकों से यह कहते हुए विदा लेते है कि ना ही काहूँ सें दोस्ती , ना ही काहूँ से बैर । खबरी लाल तो माँगे सबकी खैर ॥

## संपादकीय

# तेल पर बैन



यूक्रेन-रूस युद्ध के 13 दिन बीत चुके हैं। इस युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर होने लगा है। तमाम देशों के लगाए ढेरों प्रतिबंध झेलने के बाद भी रूस यूक्रेन पर अपनी कार्रवाई को रोकने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके चलते इंटरनेशनल लेवल पर अब नए समीकरण बनने लगे हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस से तेल के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंगलवार को बाइडेन ने इसका ऐलान किया। विशेषज्ञ इस कदम को बहुत बड़ी कार्रवाई मानते हुए कह रहे हैं कि यही एक ऐसा कदम है जो रूस को कदम पीछे हटाने पर मजबूर कर सकता है। हालांकि माना जा रहा है कि इस कार्रवाई का असली असर तभी होगा जबकि यूरोपीय देश भी इसे लागू करें, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कितने यूरोपीय देश यह कदम उठा पाएंगे। हालांकि ब्रिटेन ने कहा है कि वह साल के आखिर तक रूस से तेल का आयात चरणबद्ध तरीके से बंद कर देगा। अमेरिका के मुकाबले रूस पर यूरोप की ऊर्जा निर्भरता कहीं ज्यादा है। सऊदी अरब के बाद रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक है, लेकिन अमेरिका उससे थोड़ी मात्रा में ही तेल आयात करता है जिसका विकल्प खोजना आसान है लेकिन यूरोप के लिए निकट भविष्य में तो ऐसा करना आसान नहीं दिखता। युद्ध में भी यूक्रेन के रास्ते बड़े स्तर पर हो रही है रूसी गैस आपूर्ति एक और खतरा तेल कीमतों में बेतहाशा वृद्धि भी है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही दुनियाभर में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। अगर रूस से आयात बंद कर दिया जाता है तो उपभोक्ताओं, उद्योगों और वित्तीय बाजारों के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं, जिसका असर अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अमेरिकी प्रतिबंध का असर अमेरिका में गैसोलिन के दाम ऐतिहासिक ऊंचाई पर हैं। बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन की मांग मानते हुए रूस से तेल आयात पर प्रतिबंध का ऐलान कर दिया है। हालांकि रूस पर इसका बहुत ज्यादा असर होने की संभावना नहीं है क्योंकि अमेरिका बहुत कम तेल रूस से खरीदता है और प्राकृतिक गैस तो बिल्कुल नहीं लेता है। पिछले साल अमेरिका के कुल पेट्रोलियम आयात का सिर्फ 8 प्रतिशत रूस से आया था। 2021 में इसकी मात्रा 24.50 करोड़ बैरल थी, यानी लगभग 6,72,000 बैरल प्रतिदिन, लेकिन रूस से आयात रोजाना घट रहा है क्योंकि खरीदार भी रूसी तेल को ना कह रहे हैं लेकिन रूस पर फिलहाल इसका ज्यादा असर नहीं होगा क्योंकि इतनी ही मात्रा में वह अपना तेल कहीं और बेच सकता है। चीन और भारत उसके संभावित ग्राहक हैं। पर उसे यह तेल कम कीमत पर बेचना होगा क्योंकि उसके तेल के ग्राहक लगातार घट रहे हैं। इससे वेनेजुएला, ईरान को फायदा होगा। आने वाले समय में अगर रूस को बिल्कुल अलग-थलग कर दिया जाता है तो ईरान और वेनेजुएला जैसे तेल विक्रेता देशों की वापसी अंतरराष्ट्रीय बाजार में हो सकती है, जिनकी अपनी छवि अच्छी नहीं है। इनकी वापसी से तेल की कीमतों को दोबारा स्थिर किया जा सकता है। पिछले हफ्ते ही अमेरिका का एक दल वेनेजुएला में था और प्रतिबंध हटाने पर बातचीत हुई है।

# क्या अब और 'बेलगाम' हो जायेगी यह दुनिया?



तनवीर जाफरी

> दुनिया जानती है कि अमेरिका व रूस के बीच वैश्विक वर्चस्व की वह दीर्घकालिक जंग चल रही है जिसे दुनिया ह्यशीतयुद्ध ह्य के नाम से भी जानती है। दुनिया के अनेक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ रूस के यूक्रेन पर आक्रमण की आलोचना तो कर रहे हैं साथ ही यह भी याद दिला रहे हैं कि यूक्रेन की तबाही पर ह्यविलापह्ल करने वाला यही मीडिया क्या उस समय भी लोगों के जान माल के नुक़्सान का ऐसा ही कवरेज करता है जब फिलिस्तीन, अफगानिस्तान, सीरिया, इराक व यमन जैसे देशों में विदेशी सैन्य कार्रवाइयां होती हैं अथवा विद्रोह कराये जाते हैं ? उस समय मीडिया में खामोशी इसीलिये छाई होती है क्योंकि प्राय: पश्चिमी मीडिया भी अमेरिकी हितों का ध्यान रखते हुये संचालित होता है। और यदि अलजजीरा जैसा कोई चैनल अमेरिकी या इस्राईली बर्बरता पूर्ण कार्रवाई तथा इनसे होने वाली जान माल की क्षति का ब्यौरा प्रसारित करते है तो ऐसे चैनल्स के दफ़्तरों को बमबारी कर उड़ा दिया जाता है। जैसा कि इराक युद्ध के समय भी हुआ और गत वर्ष 16 मई 2021 को गाजा में भी देखने को मिला। गाजा में यही ह्यपश्चिमी हित साधकह्ल मीडिया उस समय खामोश था जब गाजा स्थित 12 मंज़िला मीडिया टावर को इस्राईली हवाई हमले में ध्वस्त कर दिया गया था।



रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर किया गया सैन्य आक्रमण न तो अचानक किया गया हमला था न ही रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने अपने इस फैसले में कोई बात लुका छिपा रखी थी। यूक्रेन को पिछले कई महीनों की लगातार चेतावनी के बाद पुतिन द्वारा सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया गया। उधर यूक्रेन को भी इस बात का भरोसा था कि यदि पुतिन ने यूक्रेन पर आक्रमण करने का ह्यदुस्साहसह्ल किया तो यूरोपीय संघ के देश,नाटो के सदस्य देश खासकर अमेरिका, यूक्रेन की मदद के लिये खुलकर सामने आयेंगे। परन्तु अमेरिका ने रूसी संपत्तियां जब्त करने व कुछ नाटो देशों ने यूक्रेन को हथियार देने,आर्थिक प्रतिबंध लगाने व रूसी विमानों के लिये अपना हवाई मार्ग बंद करने जैसे फैसलों के अतिरिक्त कुछ नहीं किया। निश्चित रूप से यूक्रेन को रूस से अधिक नुक़्सान उसके इसी ह्यभरोसेह्ल ने पहुँचाया कि पश्चिमी देश उसकी जमीन पर आकर उसका युद्ध लड़ेंगे। वैसे भी वियतनाम,इराक और अफगानिस्तान जैसे देशों में अमेरिका की रुस्वाई और 1971 में भारत के विरुद्ध पाकिस्तान की सहायता के लिये भेजे गये ह्यसातवें युद्धपोत के झांसेह्ल बावजूद यूक्रेन राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की किस आधार पर अमेरिका व नाटो हस्तक्षेप की बाट जोह रहे थे यह भी समझ से परे है। हालांकि रूसी हमले के बाद एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की शक्ति उसके अस्तित्व व अहमियत पर भी सवाल उठने लगे हैं।

दुनिया जानती है कि अमेरिका व रूस के बीच वैश्विक वर्चस्व की वह दीर्घकालिक जंग चल रही है जिसे दुनिया ह्यशीतयुद्ध ह्य के नाम से भी जानती है। दुनिया के अनेक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ रूस के यूक्रेन पर आक्रमण की आलोचना तो कर रहे हैं साथ ही यह भी याद दिला रहे हैं कि यूक्रेन की तबाही पर ह्यविलापह्ल करने वाला यही मीडिया क्या उस समय भी लोगों के जान माल के नुक़्सान का ऐसा ही कवरेज करता है जब फिलिस्तीन, अफगानिस्तान, सीरिया, इराक व यमन जैसे देशों में विदेशी सैन्य कार्रवाइयां होती हैं अथवा विद्रोह कराये जाते हैं ? उस समय मीडिया में खामोशी इसीलिये छाई होती है क्योंकि प्रायः पश्चिमी मीडिया भी अमेरिकी हितों का ध्यान रखते हुये संचालित होता है। और यदि अलजजीरा जैसा कोई चैनल अमेरिकी या इस्राईली बर्बरता पूर्ण कार्रवाई तथा इनसे होने वाली जान माल की क्षति का ब्यौरा प्रसारित करते है तो ऐसे चैनल्स के दफ़्तरों को बमबारी कर उड़ा दिया जाता है। जैसा कि इराक युद्ध के समय भी हुआ और गत वर्ष 16 मई 2021 को गाजा में भी देखने को मिला। गाजा में यही ह्यपश्चिमी हित साधकह्ल मीडिया उस समय खामोश था जब गाजा स्थित 12 मंज़िला मीडिया टावर को इस्राईली हवाई हमले में ध्वस्त कर दिया गया था। जिसमें 47 बच्चों सहित 174 लोगों की मौत की खबर आई थी। इसमें अनेक मीडिया अलजजीरा व ए पी सहित अनेक मीडिया मुख्यालय थे। इस इस्राइली हमले को युद्ध अपराध बताया गया था।

इसी तरह अमेरिका भी जब चाहे ईरान को ह्यशैतान की धुरी ह्य का तमगा दे दे। जब चाहे सामूहिक विनाश के हथियार होने का झूठा बहाना बनाकर इराक को तबाह बर्बाद कर दे,जब चाहे कहीं विद्रोहियों की मदद कर सत्ता के विरुद्ध बगावत करा दे क्या वह ह्यअमेरिकी हिटलरशाहीह्ल नहीं है ? क्या यह सब अमेरिका के अधिकार हैं और उसकी हर कार्रवाई विश्व शांति के लिये की जाने वाली मान्य व विधिसंवत कार्रवाई है ? परन्तु अमेरिका की रूस के निकटवर्ती सीमाओं पर घुसपैठ रोकने के लिये यूक्रेन पर किये गये हमले के चलते पश्चिमी मीडिया ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तुलना हिटलर से करते देर नहीं लगाई। ईरान से टकराव के बहाने आज भी अमेरिकाव इस्राईल ढूंढते ही रहते हैं। इराक व अफगानिस्तान को खंडहर बनाने में भी अमेरिका ने कोई कसर नहीं छोड़ी आखिरकार उसी ह्यअराजक ह्य नेतृत्व के हाथों पुनः अफगानिस्तान सौंप कर उसे वापस आना पड़ा।

अमेरिका व इस्राईल पर कई बार युद्ध अपराध के आरोप लग चुके हैं। परन्तु संयुक्त राष्ट्र संघ व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद लेकर तमाम अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में अमेरिकी वर्चस्व होने के कारण न अमेरिका के विरुद्ध आज तक कोई बड़ी कार्रवाई हुई न ही उसके मित्र देश इस्राईल के विरुद्ध। सही मायने में यूक्रेन पर हमले का जितना दोष पुतिन पर मढ़ा जा रहा है,अमेरिका व उसके सहयोगी पश्चिमी देश भी पुतिन से कम जिम्मेदार नहीं हैं। न वे अपने वैश्विक वर्चस्व का खेल खेलते हुये रूस के विरुद्ध यूक्रेन को उकसाते,न उसे संकट में हर संभव सहायता देने का ह्यलॉली पॉप ह्य देते न ही आज यूक्रेन को यह दिन देखने पड़ते। वैसे भी इराक व अफगानिस्तान में अमेरिकी सैन्य अभियान का जिस तरह अमेरिकी जनता ने विरोध किया था और उन्हीं परिस्थितियों में अमेरिका को रातों रात इन देशों से अपने सैन्य साज-ो-सामान छोड़कर भागना पड़ा उसके बाद अब भविष्य में इस बात की कम ही संभावना है कि अमेरिका किसी दूसरे देश की जमीन पर अपने सैनिकों को लड़ने के लिये भेजेगा। खासतौर से तब तक जबतक उसके अपने हितों का सवाल न हो।


राष्ट्रपति पुतिन ने जो भी किया है उसे मानवीय दृष्टि से कतई सही नहीं ठहराया जा सकता परन्तु जिन परिस्थितियों ने उन्हें ऐसा करने के लिये मजबूर किया उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हाँ रूस के यूक्रेन पर किये गये इस हमले के बाद खासतौर पर यूक्रेन के अकेले पड़ जाने व दुनिया के तमाशा देखते रहने के बाद अब इस बात का संदेह और बढ़ गया है कि क्या दुनिया के शक्तिशाली देश अब इस्राईल,अमेरिका की चली आ रही मनमानी और युद्ध अपराधों के बाद अब रूस द्वारा किये गये आक्रमण से भी ह्यप्रेरणा ह्य लेकर अपने पड़ोसी कमजोर व छोटे देशों के विरुद्ध किसी न किसी बहाने इसी तरह की आक्रामक नीतियां अपना सकते हैं ? और यदि ऐसा हुआ तो क्या यह दुनिया भविष्य में अब और भी बेलगाम हो जायेगी ?

# अब पूतिन खुद बात करें झेलेंस्की से



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

यूक्रेन से हजारों भारतीय सुरक्षित लौट आए, यह खुशखबर है। रूस और यूक्रेन ने उन्हें बाहर निकलने के लिए सुरक्षित बरामदा दे दिया है। बदले में भारत इस वक्त यूक्रेन और रूस दोनों की मदद करे, यह जरुरी है। यह काम न अमेरिका कर सकता है, न चीन और न ही अन्य यूरोपीय राष्ट्र, क्योंकि वे इस या उस पक्ष से जुड़े हुए हैं। रूसी हमले को अब दो सप्ताह होने को आए हैं। अब दोनों देशों का दम फूलने लगा है। रूस में भी हजारों लोग पूतिन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और उधर यूक्रेन के राष्ट्रपति झेलेंस्की ने अब ऐसा बयान दे दिया है कि उसे वह महिने-दो महिने पहले दे देते तो रूसी हमले की नौबत ही नहीं आती। उन्होंने न सिर्फ नाटो के जबानी-जमा-खर्च की पोल खोल दी बल्कि अपनी गलती भी स्वीकार की। उन्होंने नाटो के फुसलावे में आकर रूस से झगड़ा मोल ले लिया। अब उन्होंने एबीसी टीवी को दिए गए एक इंटरव्यू में साफ-साफ कह दिया है कि यूक्रेन के नाटो में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। नाटो किस काम का है? उसने यूक्रेन का इतना-सा निवेदन भी नहीं माना कि वह यूक्रेन के हवाई-क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दे ताकि रूसी विमान यूक्रेन पर बम न बरसा सकें। वे ऐसे देश के राष्ट्रपति नहीं बने रहना चाहते हैं, जो घुटने टेक कर अपनी सुरक्षा की भीख मांगे। झेलेंस्की ने दोनबास क्षेत्र के दो जिलों को स्वतंत्र राष्ट्र बनाने की रूसी घोषणा की दो-टूक भर्त्सना नहीं की। उन्होंने कहा कि दोनेत्स्क और लुहांस को रूस के अलावा किसी ने भी मान्यता नहीं दी है। इन दोनों क्षेत्रों के भविष्य के बारे में भी हम बातचीत कर सकते हैं। लेकिन वहां के निवासियों में



जो लोग यूक्रेन के साथ रहना चाहते हैं, उनके बारे में भी सोचना होगा। झेलेंस्की के इस बयान के बावजूद यदि पूतिन अपनी जिद पर डटे रहते हैं तो अनेक तटस्थतावादी देशों और बुद्धिजीवियों के बीच उनकी छवि विकृत होती चली जाएगी। इस समय जो चीन बराबर रूसी रवैए के प्रति सहानुभूति दिखाता रहा है, उसने भी रूस से अपील की है कि वह संयम का परिचय दे। तुर्की और चीन भी अब मध्यस्थता की कोशिश में लगे हैं। आशंका यही है कि कहीं पाकिस्तान के इमरान खान इस मामले में हमारे नरेंद्र मोदी से आगे न निकल जाएं। वे हमले के वक्त मास्को में पूतिन के मेहमान भी थे और भारत की तरह वे तटस्थ भी रहे हैं। जहां तक झेलेंस्की का सवाल है, उनकी हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी। वे अफगानिस्तान के अशरफ गनी की तरह देश छोड़कर भागे नहीं हैं। न ही वे कहीं जाकर छिप गए हैं। इस वक्त वे जहां रह रहे हैं, उस स्थान का पता उन्होंने खुद ही सार्वजनिक कर दिया है। ऐसे झेलेंस्की से अब बात करने में पूतिन को कोई एतराज क्यों होना चाहिए?

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित बस की ठोकर से बच्ची जख्मी, पुलिस ने खदेड़कर बस को किया जप्त

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। अनियंत्रित बस की ठोकर से तीन साल की एक बच्ची जख्मी हो गयी. जख्मी बच्ची की पहचान फफौत पंचायत के तारा गांव निवासी वशिष्ठ दास की तीन वर्षीर्या पुत्री पूजा कुमारी के रुप में की गयी है.जख्मी बच्ची का इलाज खोदावन्दपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया गया.जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया.यह घटना गुरुवार को बेगूसराय रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 पर तारा गांव के समीप घटी.घटना की सूचना पाकर क्षेत्र में गश्ती कर रही अपर थानाध्यक्ष अर्चना झा ने दुर्घटनाग्रस्त बस को खदेड़कर चेरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र के बसही गांव में पकड़ लिया और बस को जप्त कर थाना ले आयी.बस का चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा.

### चार राज्यों में BJP की जीत को लेकर पटना में जश्न में डूबे पार्टी कार्यकर्ता



मदरलैण्ड संवाददाता, पटना। पांच राज्यों में हुए चुनाव के नतीजे अब साफ हो गये है, पंजाब को छोड़कर बाकी चार राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में बीजेपी की सरकार बननी तय है।. ऐसे में देश भर के बीजेपी कार्यकर्ता गदगद हैं. रुझान के मुताबिक, यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दोबारा बीजेपी की वापसी हो रही है. यूपी में बीजेपी ने रुझानों में स्पष्ट तौर पर बहुमत हासिल कर लिया है. ऐसे में बीजेपी कार्यकर्ता पटना कार्यलय में जश्न मना रहे हैं. बीजेपी के पटना दफ्तर में कार्यकताओं ने होली खेलते हुए नारेबाजी की. इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ता 'यूपी में का बा ? 'यूपी में बाबा' के नारे लगाते रहे. वहीं, पटना कार्यलय में प्रदेश अध्यक्ष संजय, पवन कुमार यादव, समाट चौधरी, सतीश राय, वीर सिंह मौजुद थे।

### शौच के लिए निकले डीलर अरुण सिंह की निर्मम हत्या

बेगूसरारय, एजेंसी। बेगूसराय जिले के मंझौल ओपी क्षेत्र के पबड़ा गांव में 65 वर्षीय डीलर अरुण सिंह की बदमाशों ने चाकू व भाला से गोद-गोदकर हत्या कर दी। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मृतक सुरेंद्र कुमार सिंह का पुत्र था। पुलिस ने गुरुवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुबह शौच के लिए दरवाजे से उठकर बाहर निकला था। उसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उन पर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। इससे भी मन नहीं भरा तो नुकीला भाला से गला व सिर पर प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। मृतक के पैर से लेकर सिर पर दर्जनों गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं। घटना के बाद बदमाश भाग निकले। घायल अरुण सिंह की चीख पुकार सुनकर आनन-फानन में उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज में ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मंझौल ओपी अध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मृतक के पुत्र ने पुलिस को हत्यारों का नाम भी बताया है। परिजनों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व पड़ोसी के साथ जमीनी विवाद हुआ था और उसी रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया है।

### सड़क किनारे पलटी कार पेड़ से टकराई, तीन की मौत

कटिहार, एजेंसी। बिहार के कटिहार जिले में गुरुवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में गाड़ी का ड्राइवर बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए पूर्णिया रेफर कर दिया गया है। यह सड़क हादसा कोढ़ा थाना क्षेत्र के गोंदवाडा के टाटा शोरुम के पास एनएच 31 पर हुआ। कुसेर्ला की ओर से पूर्णिया जा रही एक कार ओवरटेक के दौरान अनियंत्रित होकर गोंदवाडा के समीप सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार चारों लोग बुरी तरह गाड़ी में फंस गए। हादसे के तुरंत बाद लोग मदद को पहुंचे, लेकिन आधे घंटे तक कोशिश करने के बाद गाड़ी नहीं खुल सकी। इतनी देर में कार में सवार दो महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से काफी जद्दोजहद के बाद कार ड्राइवर को किसी तरह से बाहर निकाला। घायल अवस्था में ड्राइवर को इलाज के लिए कोढ़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया रेफर कर दिया। वहीं कार में फंसे तीनों लोगों को स्थानीय नागरिकों और पुलिस के द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बाहर निकाला गया। हादसे में मरने वालों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुटी हुई हैं।

### बंधन बैंक से 5 मिनट में बंदूक की नोक पर लूटा 40 लाख कैश

खगड़िया, एजेंसी। खगड़िया जिले के जेएनकेटी रोड स्थित बंधन बैंक में आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने गुरुवार को दिनदहाड़े लगभग 40 लाख रुपए लूट लिए। महज पांच मिनट के अंदर बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। बताया गया है कि आधा दर्जन की संख्या में नकाबपोश आए एवं सबसे पहले बैंक के गेट पर खड़े सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट शुरू करते हुए उसके हथियार को फेंक दिया। हथियार के बल पर सीधे बैंक के भीतर घुसकर कैश काउंटर में रखे नकदी को अपने कब्जे में ले लिया। लगभग आधा दर्जन ग्राहकों से उसके पास से नकदी और मोबाइल भी लूट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद सदर एसडीपीओ, मुख्यालय एसडीपीओ, इंस्पेक्टर समेत कई अन्य पुलिस अधिकारी घटना की जांच में जुट गए। मारपीट की घटना में गार्ड सौरभ कुमार को सिर में गंभीर चोट आई है। सदर एसडीपीओ सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस घटना में संलिप्त बदमाशों की शिनाख्त कर रही है।

## वाट्सएप ग्रुप पर कैंडिडेट से होती थी डीलिंग, सरकारी नौकरी के लिए लेते थे 25 लाख रुपये

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। पटना पुलिस ने ऑनलाइन एग्जाम सेंटर के जिस सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़ किया है, विशेष टीम ने जब जांच की तो कई ऐसे चौंकाने वाले कारनामे सामने आये कि एसएसपी भी दंग रह गये. यह गिरोह न सिर्फ परीक्षा को सॉल्व करते थे, बल्कि प्राइवेट कोचिंग संस्थानों के द्वारा लिये गये अपने एग्जाम को भी यह गिरोह मैनेज करता था. इसके लिए ये प्रति कैंडिडेट से डेढ़ से दो लाख रुपये लेते थे. वहीं सरकारी नौकरी के लिए 20 से 25 लाख रुपये तक की डीलिंग होती थी. इस पूरे गिरोह के नेटवर्क को तकनीकी रूप से हैंडल कराने के लिए कोलकाता से टीसीएस के आइटी हेड को अधिक सैलरी पर बिहार बुलवाया गया था और उसे अपने इस गिरोह का आइटी सेल का इंचार्ज बना रखा था. इन सभी के बैंक अकाउंट को पुलिस ने खंगालना शुरू कर दिया है. गिरोह का एक अपना वाट्सएप ग्रुप था और इसी से कैंडिडेट आते थे और बातचीत होती थी. गिरोह के सभी सदस्यों के खिलाफ दानापुर थाने में मामला दर्ज किया गया है.

**अतुल वत्स ही है इस गिरोह का किंग पिन**

मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे गिरोह का अतुल वत्स ही किंग पिन है, लेकिन उसका नाम सबके सामने उजागर हो चुका था, जिसके बाद इन लोगों ने अपना खुद का गिरोह बनाया और तैयार कर लिया ऑनलाइन एग्जाम सेंटर में फजीर्वाड़े का बड़ा नेटवर्क. यही नहीं इसके अलावे यूपी के लखनऊ, आगरा और मध्य प्रदेश के ग्वालियर समेत अन्य राज्यों के ऑनलाइन सेंटरों से साठ-गांठ की बातें भी सामने आयी हैं.

**इंजीनियरिंग, मेडिकल समेत बड़ी परीक्षाओं में भी सेटिंग**

गिरोह ने सबसे बड़े पैमाने पर आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा में सेटिंग की थी. एनटीपीसी का रिजल्ट रद्द होने के बाद फिर से बड़ी संख्या में कैंडिडेट को पास कराने का जिम्मा ले रखा था. प्रत्येक कैंडिडेट से 60-40 के रेशियो से पैसा लेकर काम किया जाता था. 40 प्रतिशत रुपये परीक्षा से पहले और दसवीं, बारहवीं और ग्रेजुएशन की मूल प्रति ले लेते थे. इसके बाद जब सर्टिफिकेट का वैरिफिकेशन हो जाने के बाद भी 60 प्रतिशत पैसा लेते थे. यह गिरोह इंजीनियरिंग, मेडिकल समेत अन्य बड़े परीक्षाओं की भी सेटिंग कराते थे. यही नहीं विदेशों में भी नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से पैसा लेते थे।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत पेंशन कार्ड बनाने को लेकर वृहद नामांकन कैंप आयोजित

### सात से 13 मार्च तक मनाया जा रहा है पेंशन सप्ताह

» मदरलैण्ड संवाददाता



मोतिहारी। संयुक्त श्रम भवन के सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत श्रम संसाधन विभाग के निदेर्शानुसार चल रहे इस पेंशन सप्ताह में जिला स्तरीय वृहद नामांकन कैंप का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया।उद्घाटन के उपरांत श्रम अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा बुके देकर जिलाधिकारी का स्वागत किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह एक अंशदायी पेंशन योजना है,जिसमें कामगार को उनकी उम्र के अनुसार निर्धारित राशि को जमा कराना होगा तथा उतनी ही राशि केंद्र सरकार के द्वारा उनके खाते में जमा की जाएगी।60 वर्ष की आयु पूरी करने के पश्चात न्यूनतम तीन प्रतिमाह पेंशन की राशि उन्हें जीवन भर मिलेगी।उन्होंने बताया कि मासिक अनुदान की राशि उम्र के अनुसार 55 से दो सौ रुपया के बीच निर्धारित की गई है।18 वर्ष की आयु के कामगार को 55 जबकि 29 वर्ष की आयु के कामगार को सौ तथा 40 वर्ष की आयु के कामगार को दो सौ रुपया मासिक अनुदान की राशि निर्धारित की गई है।जिलाधिकारी ने बताया कि यदि कामगार कुछ अवधि के पश्चात इस योजना से किसी कारणवश हटना भी चाहते हैं तो उन्हें उनकी तब तक की जमा की गई राशि ब्याज सहित वापस मिल जाएगी।उन्होंने बताया कि यह पेंशन योजना अन्य पेंशन योजनाओं के अतिरिक्त होगा जो उन्हें अन्य विभागों से मिलेंगे।जिलाधिकारी ने जिले के सभी असंगठित कामगारों से अपील करते हुए कहा कि वे 13 मार्च तक चलने वाले इस पेंशन सप्ताह में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत अपना पेंशन कार्ड बनवा लें।वहीं अपने स्वागत भाषण में श्रम अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया।उन्होंने बताया कि यह पेंशन सप्ताह सात मार्च से 13 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।इस अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा धीरज कुमार,जिला नियोजन पदाधिकारी मुकुंद माधव,जिला सांख्यिकी पदाधिकारी भीम शर्मा,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गुप्तेश्वर कुमार,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मोतिहारी सदर जूली कुमारी,शंभू नाथ प्रसाद गुप्ता,रविंद्र भूषण,विकास कुमार,रामप्यारे लाल,पुरुषोत्तम कुमार,मनोज कुमार,जिला कौशल प्रबंधक सुधीर कुमार,राजीव नयन,श्रम अधीक्षक कार्यालय के सभी कार्यालय कर्मी,स्थानीय जनप्रतिनिधि,श्रमिक एवं मजदूर संगठनों के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

## वार्ड आपदा प्रबंधन समिति के गठन के लिए बैठक, अंचलाधिकारी ने निर्गत किया पत्र

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। ग्रामीण क्षेत्रों में आमलोगों को आगजनी, भूकंप, बाढ़ से बचाव की जानकारी देने एवं उन्हें जागरूक करने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग ने निर्देश पत्र जारी किया है. इस निर्देश के आलोक में अंचलाधिकारी ने खोदावन्दपुर में वार्ड स्तर पर वार्ड आपदा प्रबंधन समिति के गठन का निर्देश जारी किया है.गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में इस मुद्दे पर प्रखंड स्तरीय एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सरिता कुमारी ने की. बैठक में सर्वव्यापी जनसहयोग शिक्षा सेवा संस्थान के प्रदेश सचिव मोहम्मद गुलाब कुरैशी ने कहा कि आगजनी, भूकंप व बाढ़ के समय में लोग घबरा जाते हैं.और जानमाल की काफी क्षति होती है. इस बात से सरकार काफी चितिंत है.सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इस आपदा से बचाव के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया है.यह जिम्मेदारी सर्वव्यापी जनसहयोग शिक्षा संस्थान को दी गयी है. उन्होंने बताया कि वार्ड स्तर पर वार्ड सदस्य के नेतृत्व में वार्ड आपदा प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा. और खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के सभी 112 वार्डों में प्रशिक्षण के माध्यम से आपदा से बचाव के गुर लोगों को सिखाएं जाएगें.इस मौके पर संस्थान के जिला कार्यक्रम समन्वयक राजेश कुमार चौरसिया ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथि का निर्धारण नहीं हुआ है.मौके पर संस्थान से जुड़ें नीलम देवी, विक्रम कुमार, रंजीत कुमार, नाजनी प्रवीण, रौशन खातून, अवनिशा कुमारी, रीमा कुमारी, रोहित कुमार समेत अन्य प्रशिक्षक मौजूद थे.

## नवीन के निशानदेही पर एसएसपी ने की छापेमारी, भारी मात्रा में हुआ अवैध वारूद बरामद!

» मदरलैण्ड संवाददाता



भागलपुर। काजबलीचक में हुए बम ब्लास्ट के बाद लगातार जिला प्रशासन अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। काजबलीचक में बम ब्लास्ट के आरोपी नवीन मंडल से कड़ी पूछताछ में पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं , जिसको लेकर जिला प्रशासन लगातार छापामारी कर रही है ह्वपुलिस के पूछताछ में नवीन ने अवैध बारूद के सप्लायर में आशीष गुप्ता का भी नाम कबूला है ह्व मामले को लेकर एसएसपी बाबूराम ने स्थानीय थाना के सहयोग से बाल्टी कारखाना के रहने वाले आशीष के घर छापेमारी कर बारूद बरामद किया है ह्वएसएसपी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि नवीन मंडल से पूछताछ में नवीन ने बताया कि आशीष गुप्ता नामक व्यक्ति बारूद का सप्लायर है। वहीं आशीष गुप्ता को पुलिस हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ के बाद आशीष ने कबूल की है ह्वजिसके बाद आशीष गुप्ता के घर पुलिस छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध वारूद बरामद किया है ह्वपुलिस के पूछताछ में आशीष गुप्ता ने बताया कि एक कंटेनर में और बारूद है।

## भागलपुर बांका स्थानीय प्राधिकार बिहार विधानसभा परिसद के लिए विजय कुमार सिंह ने जिलाअधिकारी के समक्ष किया नामांकन!

» मदरलैण्ड संवाददाता



भागलपुर। भागलपुर बांका स्थानीय प्राधिकार बिहार विधानसभा परिषद एनडीए (जदयू) प्रत्याशी विजय कुमार सिंह भागलपुर समाहरणालय भागलपुर जिलाअधिकारी के समक्ष नामांकन किए। इसके बात बायपास स्थित बिरला स्कूल के सामने मैदान में सभा किया गया। सभा का संचालन जदयू प्रदेश महासचिव विभूति गोस्वामी ने किया। सभा में मुख्य अतिथि के रुप में बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री माननीय अशोक चौधरी जी एवं जदयू एमएलसी संजय सिंह जी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी जी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी बिहार के पंचायती राज्य में अति पिछड़ा हरिजन, हरिजन, महिला को आरक्षण दिया एवं उन्हें वेतनमान किया। जनप्रतिनिधि को सुरक्षा दिया। बिहार पंचायती राज्य के जनप्रतिनिधि को पूरा अधिकार दिया है। नीतीश जी के राज में बिहार पूर्णरूपेण विकसित कर रहा है बिहार आप जंगलराज से मुक्त है। नीतीश कुमार जी के शासनकाल में जनप्रतिनिधि अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं।उन्होंने तमाम बिहार पंचायती राज के जनप्रतिनिधि से एनडीए प्रत्याशी विजय कुमार सिंह जी के पक्ष में वोट देकर जिताने का अपील किए।

सभा को जदयू एमएलसी संजय सिंह, बांका सांसद गिरधारी यादव, भागलपुर सांसद अजय मंडल, पूर्व राज्यसभा सांसद कहकशां परवीन, भागलपुर जदयू जिलाध्यक्ष पंचम श्रीवास्तव, नाथनगर के पूर्व विधायक लक्ष्मीकांत मंडल, भागलपुर जिला परिषद के चेयरमैन टुनटुन साह, बांका जिला जदयू जिला अध्यक्ष अमरेंद्र जी, बांका भागलपुर स्थानीय प्राधिकार के बिहार राज पंचायती के बहुत से जनप्रतिनिधि, एवं जदयू नेता ने सभा को संबोधित किया।

कार्यक्रम में भागलपुर जदयू जिलाध्यक्ष पंचम श्रीवास्तव बीजेपी जिला अध्यक्ष रोहित पांडे, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष रोशन सिंह, जिला जदयू उपाध्यक्ष ओम भास्कर, शिशुपाल भारती, बिपिन बिहारी, भावेश कुशवाहा, भागलपुर जदयू मीडिया सेल प्रभारी कुणाल सिंह, बीजेपी मीडिया सेल प्रभारी इंदु भूषण झा, सुमन भारती, विपुल सिंह, संतोष भगत, विनय कुमार, विवेकानंद गुप्ता हम पार्टी के नेता अजय राय, दीपक चौहान, सुमन कुमार प्रसून, एवं भागलपुर बांका जिला के एनडीए गठबंधन के बहुत सारे नेता एवं भागलपुर बांका स्थानीय प्राधिकार क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दो बाइकों की सीधी टक्कर में दो लोगों की मौत

### बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से हुए घायल

रोहतास, एजेंसी। जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के तेलड़ी और रेडिया गांव के बीच गुरुवार को दो बाइक की सीधी टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि उसपर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घंटना सुबह 11 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर में दोनों बाइक चालकों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतकों की पहचान आलमपुर गांव निवासी शंकर चौधरी के 30 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार चौधरी तथा चेनारी डीह निवासी शिव चंद्रवंशी के 16 वर्षीय पुत्र नीतीश चंद्रवंशी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया है। घायल युवकों में शंकर चौधरी के पुत्र विक्की चौधरी को गम्भीर स्थिति में डाक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया तथा एक अन्य घायल चेनारी डीह निवासी द्वारिका पासवान के 17 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार का इलाज सासाराम सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

घटना के बारे में स्वजनों ने बताया कि अरविंद और विक्की जो की सहोदर भाई हैं अपने गांव आलमपुर से बाइक पर सवार हो वाराणसी दवा लाने जा रहे थे। इसी क्रम में रेडियां गांव के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक की उनसे आमने सामने टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक चला रहे अरविंद तथा दूसरे बाइक चालक नीतीश चंद्रवंशी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तेज आवाज सुनकर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी तथा घायल विक्की चौधरी व अनिल कुमार को एम्बुलेंस करा इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजवाया। अरविंद अपने भाई के साथ मिलकर चेनारी बाजार में ही फुटपाथी दुकानदार के रूप में अपनी आजीविका चलाते थे। इस काम में उनके पिता शंकर चौधरी भी सहयोग करते हैं। अरविंद की दो लड़कियां हैं, जिन्हें वो समय से पहले ही अकेला छोड़ गए हैं। जवान एक बेटे की मौत तथा दूसरे की गंभीर स्थिति की खबर सुन पिता सदमे में हैं। वहीं दूसरी ओर मृतक नीतीश चंद्रवंशी अपने दो भाई में सबसे बड़े थे तथा अभी इंटरमीडिएट के छात्र थे। ये अपने दोस्त अनिल के साथ चौन्दौली के अपने एक रिश्तेदार के यहां से किसी समारोह में शामिल हो वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस घटना ने दो परिवारों का चिराग एक झटके में छीन लिया। घटना की सूचना मिलते ही सदर अस्पताल परिसर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्वजनों के चीत्कार से पूरा अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया।

## नक्सल बंदी का असर, शेरघाटी इमामगंज मुख्य मार्ग पर सन्नाटा

गया, एजेंसी। नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के बंदी को लेकर गुरुवार को यात्री बस नहीं चल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बंदी का साफ असर दिख रहा है। शेरघाटी इमामगंज मुख्य मार्ग पर सन्नाटा पसरा हुआ है। बंदी के दौरान नक्सली किसी घटना को अंजाम नहीं दे इसे लेकर पुलिस अलर्ट दिख रही है। सुबह से ही स्थानीय थाने की पुलिस गस्त करती नजर आ रही है।

मालूम हो कि नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के रीजनल कमेटी की ओर से आज मगध बंद का आह्वान किया गया है। नक्सलियों ने बंदी का कारण पुलिस द्वारा जंगली क्षेत्रों में मुठभेड़ के नाम पर लगातार की जा रही बमबारी बताया गया है। नक्सलियों का कहना है कि पुलिस जंगली क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के नाम पर लगातार बमबारी कर रही है। इसी के विरोध में 10 मार्च को मगध बंद किया गया है। वहीं अगर औरंगाबाद की बात करें तो वहां पर भी नक्सलियों के बंद का असर दिखा। औरंगाबाद के नवीनगर में लोगों की दुकानों के साथ बैंक भी बंद रहे। जिले के नवीनगर क्षेत्र में पुलिस की गाड़ी गस्त करते हुए नजर आ रही है ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो। आम नागरिक भी नक्सलियों के बंद की वजह से बाहर नहीं दिख रहे हैं न कोई गाड़ी चल रही है और न ही कोई वाहन आना-जाना कर रहे हैं। नवादा जिले में नक्सलियों के मगध बंद के ऐलान का किसी भी प्रकार का कोई असर नहीं दिखा। दुकानें खुली हुई हैं। रोज की तरह यात्री वाहनों के साथ हम लोग भी अपने वाहन से अपने काम पर आ जा रहे हैं। आम दिनों की तरह बैंक भी खुले हुए हैं और ग्राहक भी अपने काम से वहां पहुंच रहे हैं।

## चर्चित हीट एंड इन मामले में आरोपी पिता पुत्र हुए गिरफ्तार

### पुलिस ने कहा उपद्रवी तत्व के कारण कार्रवाई में हुई देरी

» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। बथनाहा के मंडल चौक पर मंगलवार को सड़क दुर्घटना में शिक्षक विद्यानंद मंडल की हुई मौत के मामले में बथनाहा पुलिस ने मृतक की पत्नी राजमणि देवी द्वारा दिए आवेदन के आधार पर रवि साह पिता संजय साह एवं संजय साह पिता स्व दिनेश साह के विरुद्ध प्राथमिकी सं० 75/22 दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार को पिता पुत्र दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले ने बथनाहा ओपी अध्यक्ष नन्द किशोर नन्दन ने बताया कि मामले में लोगों की मांग पर आरोपित पिता पुत्र दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं ओपी अध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तारी में देरी की वजह उपद्रवी तत्वों द्वारा बेवजह किए गए हो हंगामे को बताते हुए कहा कि पुलिस को उपद्रवियों को नियंत्रित करने में उलझ कर काफी समय व्यर्थ गंवाना पड़ा वर्ना गिरफ्तारी कल ही हो जाती। ओपी अध्यक्ष ने बताया कि हिट एंड रन के आरोपित दोनों पिता पुत्र को कल कोर्ट में पेश करने का सम्भावना जताया है। वही मामले में आरोपित संजय साह की पत्नी रीता देवी ने भी बथनाहा ओपी में आवेदन देकर आठ ज्ञात एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध घर मे घुस कर तोड़-फोड़, लूट-पाट कर उत्पात मचाने सहित घर मे मौजूद महिलाओं के साथ छेड़छाड़ एवं बदसलूकी करने सहित डराने धमकाने आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। आवेदन में उपद्रवी तत्वों के द्वारा उनकी गाड़ी कार एवं ट्रैक्टर को नुकसान पहुंचाने के अलावे घर से नकद तीन लाख रुपये लूट लेने की बात कही गयी है। वहीं मामले में ओपी अध्यक्ष ने कहा कि आज वह अभियुक्तों की गिरफ्तारी में व्यस्त होने के कारण आवेदन नहीं देख पाए हैं। मगर थाना में आवेदन दिए जाने की बात उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा कि आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इधर आज भी मृतक के घर मे जहाँ मातम ओसरा हुआ है वहीं घर और मातमपुरसी के लिए जानपहचान वालों सहित रिस्तेदारों का आना जाना लगा हुआ है। तो दूसरी ओर आरोपित संजय साह के घर की महिलाएं भी दहशत में रह रही है।



दुर्घटना में शिक्षक की मौत से आक्रोशित भीड़ ने आगजनी कर सड़क को किया जाम, आश्वासन के बाद जाम हुवा खाली

» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। थाना क्षेत्र के मंडल चौक के समीप बथनाहा-जोगबनी मार्ग पर मंगलवार की देर शाम अनियंत्रित कार की चपेट में आने से पैदल चल रहे एक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई, मृतक भटियाही वार्ड 08 निवासी डॉ भीम राव अम्बेडकर उच्च विद्यालय बथनाहा के शिक्षक विद्यानंद मंडल हैं, घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बुधवार को सुबह से बथनाहा-जोगबनी मार्ग पर मंडलचौक के समीप आगजनी कर सड़क जाम किया। 10 बजे ही ग्रामीण सड़क पर उतर गए व पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। दोपहर 12:00बजे तक मंडल चौक के समीप जाम [illegible] समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित भीड़ ने दुर्घटना करने वाले आरोपी के पुत्र रवि साह पे० संजय साह(कावड़ी) को अविलंब गिरफ्तार मांग पर अड़ी रही। थाना अध्यक्ष बथनाहा व जोगबनी एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ के साथ सामंजस कर आरोपी पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, इसके बाद लोग शांत हुए और जाम को हटाया गया। सूत्रों के जानकारी के अनुसार रवि साह शराब के नशे में कार से बथनाहा चौक की ओर से मंडल चौक की ओर आ रहा था। कार बहुत तेज गति से चल रहा था। इतने में अनियंत्रित हो कर के अपने साइड से पैदल जा रहे विद्यानंद मंडल जी को जोरदार टक्कर मार दी और इंसानियत को शर्मसार करते हुवे वाहन [illegible] फारबिसगंज पहुँची, जहाँ चिकित्सकों के द्वारा उन्हें मृत घोषित किया गया। बताते चले कि विद्यानंद सर मृदुलभाषी, स्वार्थविहीन, सादगी से जीवन व्यतीत करने वाले धनी व्यक्तित्व के लोग थे साथ ही कुशल शिक्षक होने के साथ समाज सेवी भी थे और वर्ष 2011 से लेकर 2016 तक बथनाहा पंचायत से सरपंच प्रतिनिधि के रूप में अपनी सेवा दे चुके थे। मौके पर वरिष्ठ राजद नेता सुरेंद्र सिंह यादव, हरेंद्र सिंह यादव, असलम परवेज, बिनोद साह, पूर्व सरपंच मो०आबिद, पूर्व मुखिया अरुण मंडल,राजेश चंद्र वर्मा (वकील) जदयू नेता मुन्ना खान, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि निर्मल पंडित, सहित सैकड़ों से भी अधिक उनके विद्यार्थी उपस्थित थे। वही आगामी नगर

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा की जीत पर कार्यकताओं ने मनाया जश्न



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। देश के चार राज्यो में भाजपा की प्रचंड जीत पर गुरुवार को हसनगंज प्रखंड स्थित भाजपा कार्यकताओं ने खूब जश्न मनाया। कार्यकर्ता एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर खुशी से झूम उठे और आपस में मिठाइयां बांटी। साथ ही, जीत पर बधाइयां दी गई। जिला महामंत्री प्रशांत कुमार झा ने कहा कि हसनगंज मंडल भाजपा कटिहार ओर जश्न मनाया गया। देश के चार राज्यों में भाजपा जीत की परचम लहराया गया है। आपस में अबीर गुलाल लगाकर जीत की खुशी जाहिर कर रहे हैं। जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति और आदित्यनाथ योगी के कार्यशैली को जनता ने पसंद कर सरकार में मिलाया है। इसको लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि देश का हॉट कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश आज फिर से भगवा मय हो गया है। प्रखंड अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेश, मणिपुर, उत्तराखंड, गोवा में भाजपा अपनी परचम लहराई है। इसी खुशी में हसनगंज प्रखंड के भाजपा परिवार खुशी मना रहे हैं अबीर गुलाल लगाकर। इस अवसर पर समाजसेवी राजकुमार उर्फ राजू मंडल, महेंद्र प्रसाद मंडल, अनिल कुमार, प्रखंड प्रमुख नीलू देवी, अजय अग्रवाल, ज्योतिष कांत कुंवर, दिलीप मंडल, गौतम कुमार आदि भाजपा परिवार के लोग सक्रिय रुप से उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे के बाद अतिक्रमण हटाने की मांग,ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आजमनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आजमनगर दिल्ली–दीवानगंज मुख्य सड़क को ग्रामीणों ने घंटों जाम किये रखा इस दौरान आवागमन बाधित रहा बीते बुधवार की देर रात स्कॉर्पियो मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत होने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए उक्त घायल व्यक्ति को इलाज हेतु सिलीगुड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जिसकी हालत फिलहाल नाजुक बताई जा रही।स्कार्पियो चालक वक्त की नजाकत को देखते हुए।मौके से फरार हो गया।आक्रोशित ग्रामीणों ने अल सुबह सड़क को जाम कर टायर जलाकर सड़क को जाम कर दिया घंटों आवागमन बाधित रहने के बाद स्थानीय प्रशासन स्थल पर पहुंच मामले को शांत कराया ग्रामीणों से पूछे जाने के बाद ग्रामीणों ने बताया मामला सड़क पर अतिक्रमण को लेकर है।जहां कुछ लोगों द्वारा सड़क पर दोनों तरफ से अतिक्रमण कर लिया गया है।इसी वजह से वाहन चालकों को दाएं बाएं दिखाई न देने की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।वहीं थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार,अंचलाधिकारी संजय कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्र,अंचल निरीक्षक समीम अख्तर मुखिया महबूब आलम,जिला पार्षद प्रतिनिधि मसुद आलम आदि लोगों ने ग्रामीणों को आश्वासित करते हुए कहा जल्द ही समस्या का निदान कर दिया जाएगा।

### सांसद के प्रयास दो पुल निर्माण के लिये मिला स्वीकृति



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी द्वारा कटिहार जिला अंतर्गत सोनैली बस्तौल आर.सी.डी पथ के 10वें किलोमीटर पर अवस्थित बीजैली पुल एवं दूसरा सोनैली बेलौरी आर.सी.डी रोड में 10वें किलोमीटर पर कोचखालबाड़ी पर पुराने पुल के स्थान पर नए सी.सी पुल के निर्माण के संबंध दिनांक 1 दिसंबर 2021 को लिखे गए पत्र पर संज्ञान लेते हुए अभियंता प्रमुख मुख्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना द्वारा मुख्य अभियंता सीमांचल उपभाग,पथ निर्माण विभाग बिहार पटना को अग्रतर आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र लिखा गया है।

### दिनदहाड़े मवेशी व्यवसाई से 16,30000 की हुई लूट पुलिस जांच में जुटी



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कोढ़ा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 31 मूसापुर चौक के नजदीक मवेशी व्यापारी से दिनदहाड़े दो बाइक सवार चार नकाबपोश अपराधियों ने 16 लाख तीस हजार रुपये लूट लिया। घटना के बारे में बताया जाता है कि मवेशी व्यापारी सत्यम सिंह जोकि मधेपुरा का रहने वाला है उनके कर्मी के द्वारा कार से 16 लाख तीस हजार रुपए लेकर खेरिया मवेशी बाजार मवेशी खरीदारी करने जा रहे थे मूसापुर चौक के नजदीक ब्रेकर होने के कारण गाड़ी की गति कम होने के बाद ल पीछे से आ रहे हैं अपराधियों ने गाड़ी रोक पहले दो राउंड गोली चलाया उसके बाद बैग में रखे रू16 लाख तीस हजार रुपये लेकर भागने के क्रम में भी एक राउंड गोली चलाया और रुपए लेकर घटनास्थल से फरार हो गया घटना करीब 9:20 मिनट का बताया जा रहा है वहीं घटना के बाद ग्रामीणों का घटनास्थल पर भीड़ लग गया घटना की जानकारी कोढ़ा पुलिस को दी गई पुलिस अनुसंधान में जुट गई वही कटिहार एसपी जितेंद्र कुमार भी घटनास्थल पहुंचकर लूटपाट के पीड़ित से पूछताछ कर रहा है वहीं एसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि इससे पहले भी कई बार राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर घटनाएं घटी है जिसका पुलिस ने अनुसंधान बहुत जल्द किया है और इस घटना का भी पुलिस अनुसंधान जल्द कर लेगा और अपराधी की भी गिरफ्तारी की जाएगी।

# तीस लाभूक में रेणु देवी को नहीं मिला कब्जा,दो लाभुक आपस भिड़े



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बरारी प्रखंड के पूवीबारीनगर पंचायत के वार्ड दो सोती गाँव में विस्थापित भूमिहीन परिवार को सरकार ने वर्ष 2ड11-12 में करीब तीस परिवार को बसाने हेतु जमीन क्रय कर दिया था,जमीन का पर्चा पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी एवं तत्तकालीन डीडीसी ने प्रखंड मुख्यालय में शिविर लगाकर बांटा था, तकरीबन सभी लाभूक धीरे बसते चले गये, चूंकि जमीन में वर्षा का पानी एवं तरसुइया पानी से लोगों को बसने में कठिनाई भी हुई, सोमवार को अंचल पदाधिकारी ललन कुमार मंडल,अंचल निरिक्षक संजय सिह,थानाध्यक्ष सदाबुल हक भारी पुलिस बल के साथ सोती गाँव पहुंचकर बसोवास के लिए दी गई जमीन की पैमाइस कर देखा तो चौहदी गलत पायी गई,जिसको लेकर थोड़ी परेशानी हुई ,मामला जब मुन्नी देवी पति नरेश सिंह व रेणु देवी पति धुरी मंडल के बीच जमीन मापी पर तीन डीसमल जमीन की जगह पाँच डीसमल जमीन मुन्नी देवी के कब्जे में दिखने पर सीओ ने तत्तकाल जमीन खाली कराने को जुटी तो मुन्नी देवी खाली करने को तैयार नही थी, काफी मंशक्कत के बाद भी रेणु देवी ने स्पष्ट कहा कि सरकार ने मुझे तीन डिसमल जमीन दी है वही मुझे चाहिये ,आखिर कार भारी पुलिस बल के साथ पदाधिकारी बिना कब्जा दिलाये वापस गई, जबकि सीआई संजय सिंह,राजस्व कर्मचारी विजय यादव ने बताया कि रेणु देवी को तीन डिसमल जमीन का नक्सा काटकर जमीन पैमाइस कर चिन्हीत कर प्रतिवेदन जिला भेजा जायेगा। मुन्नी देवी ज्यादा जमीन छेकी है तो रेणु देवी बिना घर के दर दर भटक रही है।

## यूबीजीबी बैंक खाताधारी की मृत्यु पर पत्नी को बीमा का दो लाख शाखा प्रबंधक ने दिया




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। प्रखंड में भारत सरकार पीएम द्वारा संचालित बैंक खाताधारी की बीमा योजना से प्राप्त दो लाख की राशि पासबुक शाखा प्रबंधक नीरज कुमार ने मृतका की पत्नी को दिया, उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक शाखा गुरूबाजार के शाखा प्रबंधक नीरज कुमार ने बताया कि जहाँना खातुन पति स्व० मोहम्मद तोहीद,वार्ड -ड9, मंसूरी टोला मरघीया ,पंचायत पश्चिमी बारीनगर जो शाखा का खाताधारी मो० तोहीद था ,खाता खोलने के साथ बीमा भी कराया था, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत वर्ष 2ड21 में उत्तर विहार ग्रामीण बैंक शाखा गुरू बाजार में पति के नाम कराया था , पति के मरणोपरांत दो लाख की राशि का बैंक पासुबक खाताधारी मृतका की पत्नी को शाखा प्रबंधक नीरज कुमार के द्वारा शाखा में प्रदान किया गया ,पति मो० तोहीद की मृत्यु के बाद परिजन द्वारा जहाँना खातुन उसके दो बच्चे आशियाना प्रवीण तीन वर्ष एवं मुस्कान डेढ़ वर्ष को परेशानी उठानी पड़ी और वह अपने मायके पूर्णिया के हरदा सौसा में माता पिता संग रहने लगी, बैंक से सुचना मिलने पर जहाँना खातुन को बुधवार यूबीजीबी बैंक गुरूबाजार में शाखा प्रबंधक के द्वारा प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत आश्रित ( दावाकर्ता ) को उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक गुरुबाजार शाखा द्वारा दो लाख की दावा राशि बीमा कम्पनी से प्राप्त कर प्रदान किया गया। आश्रित को बीमा राशि आयोजन मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि मो० इलियास,मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल्ला, लाभुक के साथ इजहार आलम,जमीं अहमद,अजय कुमार चौधरी ,शाखा अधिकारी पंकज कुमार सिंह,संदीप कुमार,मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पवई चौक के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी

### दुर्घटना में तीन की मौत एक घायल



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कोढ़ा थाना क्षेत्र के पवई चौक के पास भीषण सडक हादसा हुआ। पूर्णियां जिले के मधुबनी के रहने वाले सदानन्द पोद्दार उम्र 62 वर्ष,सरोज पोद्दार उम्र 45 वर्ष ,रेणु पोद्दार उम्र 35 वर्ष, ड्राइवर गंगानन्द पोद्दार कार से डुमर जमीन सर्वे के काम से गया हुआ था। वापसी के दौरान कार तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर पवई चौक के नजदीक पेड़ से जा टकराया घटना के बाद मौके पर ही सदानंद पोद्दार, सरोज पोद्दार, रेनू पोद्दार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ड्राइवर गंगा नंद पोद्दार बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों का भीड़ इकट्ठा हो गया।घटना की जानकारी कोढ़ा पुलिस को दी गई। कोढ़ा पुलिस मौके पर पहुंचकर गाड़ी से शव को निकाला गया। घायल ड्राइवर को इलाज के लिए कोढ़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज कटिहार रेफर कर दिया गया।

## भाजपा की जीत में भारत नवनिर्माण मंच के द्वारा विजय जश्न मनाया गया

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर में भाजपा की जीत के उपलक्ष्य में भारत नवनिर्माण मंच के द्वारा विजय जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष अमित साह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता एवं भाजपा अनुसुचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री तललू बासकी एवं भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा झा रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर की जनता ने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया है कि देश अब बदल चुका है। देश में अब जाति, धर्म की राजनीति नही चलेगी। देश की जनता केवल विकास के साथ है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ कर पूरी दुनिया में अपना लौहा मनवा रहा है। इस अवसर पर अनुसुचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह साबित कर दिया है कि अब भय ओर अपराध का उत्तर प्रदेश में कोई स्थान नही है।



इस अवसर पर भाजपा नेत्री सोभा जयसवाल, विभा मिश्रा, भारत नवनिर्माण मंच की राष्ट्रीय उपाध्याक्ष रेणु देवी, महामंत्री सुनीता देवी, मंत्री पिंकी चौधरी, , रेशमी देवी, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री प्रियंका सिंह, गुड़िया शर्मा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद महतो, भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष चांदनी देवी, स्नेहा किरण, नीतु पासवान,शिवानी देवी, अर्चना देवी, नितीश कुमार, राष्ट्रीय सोशलमीडिया प्रभारी प्रियांशु सरावगी सहित सैकड़ों लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी साथ ही मिठाई खिलाया।

## शराब होम डिलीवरी करने वाला युवक गिरफ्तार

### मोटर साईकिल जब्त

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। गुप्त सूचना के आधार पर अजय महतो को 21टेट्रा पैक ऑफिसर चॉइस विदेशी शराब प्रत्येक 180 एम एल एवं एक बोतल 375 एम एल का इंपिरियल ब्लू विदेशी शराब कुल-4.695लीटर के साथ होम डिलीवरी करते हुए नया टोला से एडवोकेट आरके निराला अंकित हीरो होंडा स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल नंबर-इफ10 एल 6368 एवं एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। नगर थाना कांड संख्या-111/22 धारा-30(ं) बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2018 अंकित कर गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अजय महतो के पास से बरामद मोबाइल का कॉल डिटेल्स प्राप्त कर होम डिलीवरी कर शराब बनाने वाले लोगों को भी चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापामारी टीम पुलिस निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह थानाध्यक्ष नगर थाना,एसआई मुकेश कुमार-04,एसआई सियाराम सिंह पीएसआई पंकज प्रताप,पीएसआई सुनील कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने चार राज्यों में प्रचंड जीत मिलने पर जश्न

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार मालाकार ने सभी 4 राज्यों में प्रचंड जीत मिलने पर कहा कि हमारी पार्टी ने फिर विधानसभा चुनाव के मौके पर चौका लगाया है। यूपी, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में दोबारा कमल खिला है। देश के कर्म योगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , संगठन के धनी गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राज्यों की सरकार की कार्यशैली, विकास, सुरक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रतिफल के कारण जनता ने कमल खिलाया है। देश के दूरदर्शी पीएम मोदी के कार्यों का जादू आज भी जनता के सर चढ़कर बोल रहा है। जिसका नतीजा है विधानसभा चुनाव का यह परिणाम। इसके लिए एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित राष्ट्रीय नेतृत्व को सभी 4 राज्यों में प्रचंड बहुमत दिलाने के लिए बहुत-बहुत बधाई।

## समाज कल्याण व स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता:उपायुक्त

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग व समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन के सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के साथ फाईलेरिया एमडीए 2022 कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए धीमी गति से कार्यों पर रोश प्रकट करते हुए सिविल सर्जन को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ हीं कोविड टीकाकरण गति को बेहतर करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का निदेश दिया।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के 194 पंचायत के पंचायतों में दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु कैम्प का आयोजन करने का निर्देश दिया, ताकि विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए उनके पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र हो। एक अनुमान के अनुसार दिव्यांगजनों के पास प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है, जिसके फलस्वरूप वे सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहें हैं। ऐसे में राज्य सरकार के निदेशानुसार 09 मार्च माह से अभियान चलाकर सभी बचे दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की दिशा में कैम्प लगाकर कार्य करते हुए स्वावलंबन पोर्टल से जोड़ना सुनिश्चित करें। वहीं राज्य सरकार के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य विभाग व समाज कल्याण विभाग आपसी समन्वय के साथ सभी 194 पंचायतों में कैम्प का आयोजन कर दिनांक 31.03.2022 तक सभी बचे दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत करायें। साथ हीं आयोजित होने वाले कैम्पों का व्यापक प्रचार-



प्रसार करें, ताकि सभी छूटे दिव्यांगजन, जिनका प्रमाण पत्र अबतक नहीं बन पाया है उन्हें शत-प्रतिशत चिन्हित करते हुए निर्धारित तिथियों को कैम्प में पहुँचने तथा दिव्यांगता की जाँच एवं मूल्यांकन में सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करें। सबसे महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी प्रमाण पत्र निर्गत हो वह स्वावलंबन पोर्टल के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड के रूप में ही निर्गत किया जाए। इस पोर्टल पर लंबित मामलों का सतत पर्यवेक्षण भी किया जाय तथा इनके शीघ्र निष्पादन हेतु कार्रवाई की जाय। दिव्यांग जनों के लिए निर्गत होनेवाले प्रमाण पत्र में एकरूपता लाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि पूर्व में जो भी प्रमाण पत्र निर्गत किये गये हैं उनको भी इसी स्वावलंबन पोर्टल पर अंकित करते हुए उन्हें यूडीआईडी में परिवर्तित किया जाय।

बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सिविल सर्जन को निदेशित करते हुए कहा कि सभी अस्पतलों में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति के अलावा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के प्रति लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया। आगे उन्होंने विभिन्न योजनाओं के साथ एमटीसी केन्द्र, फैमिली प्लानिंग, संस्थागत प्रसव के अलावा जिले में चल रहे कोविड टीकाकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को निदेश दिया गया कि शत प्रतिशत लोगों को कोविड टीका का दूसरी डोज व बूस्टर डोज लगाना सुनिश्चित करें, ताकि जिले को पूर्ण रूप से कोरोना संक्रमण मुक्त बनाया जा सके। साथ हीं उन्होंने जिले में गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन व घटते लिंगानुपात को लेकर पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट का कड़ाई से अनुपालन कराने के अलावा ऐसा करने वालों को चिन्ह्ति करते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई करने निदेश संबंधित वरीय अधिकारियों व सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को दिया, ताकि जिले में घटते लिंगानुपात को बेहतर बनाया जा सके। इसके अलावे संस्थागत प्रसव बढ़ाने के साथ वैसे क्षेत्र को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया, जहां संस्थागत प्रसव का प्रतिशत कम रहा। उन क्षेत्र में इस्टीट्यूशनल डिलीवरी का प्रतिशत बढ़ाते हुए गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत इस्टीट्यूशनल डिलीवरी का निर्देश दिया गया। इस्टीट्यूशनल डिलीवरी कम रहने को लेकर प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकरियों को कड़े शब्दों में प्रतिशत में सुधार का निर्देश दिया गया।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग से जुड़े विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन के सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने विभाग की और से संचालित विभिन्न योजनाओं की वास्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ हीं उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व सभी प्रखण्डों के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को सख्त निदेशित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य करें, ताकि शत प्रतिशत योजना का लाभ लाभुकों को मिल सके। आगे उपायुक्त ने समाज कल्याण से संचालित विभिन्न योजनाओं के शिथिलता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्यशैली के साथ कार्य करने का निदेश दिया, ताकि महिलाओं एवं बच्चों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। वहीं उन्होंने सभी प्रखण्डों के बाल परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को क्षेत्र निरीक्षण कर योजनाओं की गति से उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराने का निदेश दिया। साथ हीं उपायुक्त द्वारा जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के उदेश्य से गर्भवती महिलाओं को समय पर पौष्टिक आहार वितरण व टीकाकरण कराने का निदेश दिया गया। वहीं बच्चों को दिये जाने वाले टीकाकरण के कार्यों को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 09
नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 मार्च 2022

## उपायुक्त की अध्यक्षता में पंचायत चुनाव से जुड़े कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता





देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में पंचायत चुनाव से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन के सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा पंचायत चुनाव से जुड़े विभिन्न किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों को तय समय के अनुरूप पूर्ण कर लें, ताकि आने वाले समय में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। आगे उपायुक्त ने कहा कि कुल 2458 मतदान केन्द्रों से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत करायें। साथ हीं संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों के अलावा रूटचार्ट, गश्ती दल, कर्मचारियों, दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को लेकर आवश्यक व उचित दिश-निर्देश दिया गया।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने पंचायत चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों पर रोश प्रकट करते हुए पंचायती राज पदाधिकारी को बेहतर तरीके से कार्यों को ससमय करने का निदेश दिया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि सभी कोषांगों का गठन किया जा चुका है। ऐसे में कार्मिक कोषांग के साथ-साथ सभी कोषांग के अधिकारी सक्रिय होकर कार्य करें, ताकि ससमय कार्यों का निष्पादन किया जा सके। आगे उन्होंने विधि-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यकतानुसार आकलन करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश संबंधित अधिकारी को दिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का कारण ज्ञात करते हुए उनसे समन्वय स्थापित आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लें। साथ ही बैठक में पोलिंग स्टेशन, क्लस्टर प्वाइन्ट के लिए रूट चार्ट से संबधित प्रतिवेदन के अलावा जिला स्तर पर वाहन की उपलब्धता व आवश्यकता के विषय में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को रूट चार्ट व पोलिंग स्टेशन आदि का आंकलन कर वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने दिव्यांग मतदातओं की सूची तैयार करने एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों पर आवश्यक सारी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने की तैयारी करने की आवश्यकता है, ताकि दिव्यांग मतदाता सुगमतापूर्वक अपने मत का उपयोग कर सकें।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे* उप विकास आयुक्त कुमार ताराचन्द्र, अपर समाहर्ता चन्द्र भूषण प्रसाद सिंह, सिविल सर्जन डॉ0 सीके शाही, डीआरडीए निदेशक परमेश्वर मुण्डा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रणवीर कुमार सिंह, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी

रवि कुमार, जिला आपूर्ति अमित कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा

विवेक मेहता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी एबी रॉय, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा सांसद सतीश चंद्र दुबे की उपस्थिति में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। साठी भाजपा कार्यकताओं ने साठी बाजार स्थित योगेश्वरी मंदिर चौक पर अपनी खुशी का इजहार किया। मौका था देश में हुवे पांच राज्यों विधानसभा चुनाव में चार राज्यों में भाजपा की जीत होने पर एक दूसरे को मिठाई खिला एवं गुलाल अबीर लगा जश्न मनाया। मौके पर पहुंचे राज्य सभा सांसद



● राष्ट्रवाद, विकासवाद और हिंदुत्व की जो बात करेगा वही भारत पर राज करेगा, सांसद सतीशचंद्र दुबे

सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि देश की आत्मा बस्ती है जहां राम और कृष्ण के साथ भगवान शिव की नगरी नाम से उत्तर प्रदेश प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश के लोगो ने भारतीय जनता पार्टी को जीता कर यह साबित किया है कि जो राष्ट्रवाद,विकासवाद और हिंदुत्व की बात कहेगा वही देश पर राज करेगा। मौके पर साठी मंडल अध्यक्ष पंकज वर्मा,प्रदेश कार्य समिति सदस्य पवन वर्मा,राज्य सभा प्रतिनिधि दीपक दत्त तिवारी, जिला उपाध्यक्ष दीपू रजक,रंजन ओझा,मैनुद्दीन आलम,अमित गिरी,बंगाली पटेल,दीपक राउत,गोविंद राउत,शम्भु सिंह,योद्धा ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### घूसखोर प्रधान लिपिक को 25 हजार रिश्वत लेते निगरानी ने रंगेहाथ दबोचा




मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। पश्चिम चंपारण के बगहा में निगरानी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बगहा-1 प्रखंड के आईसीडीएस कार्यालय में प्रधान लिपिक के पद पर कार्यरत शंभूनाथ पांडेय को 25 हजार रूपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को निगरानी डीएसपी के नेतृत्व में पहुंची टीम गिरफ्तार लिपिक को अपने साथ मुजफ्फरपुर लेकर चली गई।जानकारी के मुताबिक प्रधान लिपिक शंभू नाथ पांडेय ने एक आंगनबाडी सेविका की सेवा स्थाई करने के एवज में डुमरिया गांव निवासी रजनीश कुमार गिरी से 25 हजार रूपए की मांग की थी। जिसकी शिकायत रजनीश कुमार ने निगरानी से की थी।

### 10 बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कटा



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मंझरिया पंचायत के बेलवा मोड़ व पटखौली गांव के 10 बिजली उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल जमा नही करने के कारण उनका कनेक्शन काट दिया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए बिजली विभाग के जेई रमेश कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के छापेमारी दल द्वारा बुधवार को बेलवा मोड़ व पटखौली गांव में छापेमारी की गई, जिसमे पाया गया कि उक्त गांवो के सुनील यादव, हीरा यादव, कलाम मियाँ, रहमान मियाँ, जयनारायण साह, प्रसाद सहनी, जितेंद्र साह,जनक सहनी, मुन्ना यादव, हरिनारायण साह द्वारा बिना बिजली का बिल जमा किये अवैध ढंग से बिजली जलाई जा रही थी। यही कारण है कि उक्त सभी बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया है। जेई ने चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली बिल जमा नही करने वाले बिजली उपभोक्ताओं पर कड़ी कारवाई की जाएगी। छापेमारी दल में बिजली विभाग के जेई रमेश कुमार, सुपरवाइजर विभूति कुमार, मुकेश कुमार शुक्ला, रविकांत शर्मा, प्रमोद कुमार, अखिलेश कुमार, सूरज कुमार व रूपेश कुमार शामिल थे।

### बन्टी बबली देशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार भेजा गया जेल



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। भितहा पुलिस ने बुधवार की रात्रि में छापेमारी कर एक शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी ने बताया कि सेमरबारी फैक्स गोदाम के बगल मे बेच रहा बंटी बबली देशी शराब 6.200 लीटर के साथ लालू यादव पिता स्व. अदालत यादव ग्राम सेमरवारी थाना भितहा जिला प. चम्पारण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। उक्त शराब कारोबारियों पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।

### महिला शराब कारोबारी गिरफ्तार भेजी गई जेल

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा पुलिस ने सिट्ठी गाँव से बुधवार की संध्या छापेमारी कर पांच लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक महिला कारोबारी को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार कारोबारी की पहचान भूणेश्वर महतो की पत्नी जनक नंदनी देवी के रूप में की गई हैं,जिसे उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया। ऐसे ही गौनाहा थाना क्षेत्र के तुरहा टोली गौनाहा के एक शराबी को शराब पीकर हुड़दंग मचाते हुए। गौनाहा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराबी की पहचान परसा गांव निवासी विक्रम पटेल के पुत्र अजय पटेल उर्फ बिंदेश्वरी पटेल के रूप में की गई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर शराबी को जेल भेज दिया गया है।

## विशेष न्यायालय के माध्यम से उत्पाद अभियोगों का होगा त्वरित गति से निष्पादन जिलाधिकारी

### 09.74 डिसमिल भूमि चिन्हित, हस्तानांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। सरकार के निदेश के आलोक में विशेष न्यायालय के माध्यम से उत्पाद अभियोगों का त्वरित गति से निष्पादन कराया जाना है। विशेष न्यायालय के निर्माण हेतु बेतिया अंचल के उज्जैन टोला में 09.74 डिसमिल भूमि को चिन्हित कर लिया गया है तथा भूमि हस्तानांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के उपरांत विशेष न्यायालय का निर्माण प्रस्तावित भूमि पर कराया जायेगा।

इसी परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, राज्य सरकार की अतिमहत्त्वाकांक्षी योजना है। उच्चस्तर से लगातार प्राप्त हो रहे निदेशों के आलोक में पुलिस एवं उत्पाद विभाग के द्वारा निरंतर छापेमारी किया जा रहा है तथा शराब का कारोबार करने वाले व्यक्तियों की गिरफ्तारी, शराब के धंधे में संलग्न वाहन आदि की जब्ती भी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि लगातार छापेमारी अभियान चलाने के फलस्वरूप वादों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। इन वादों के संचालनार्थ पश्चिम चम्पारण जिले में दो विशेष न्यायालय भी अधिष्ठापित हैं। साथ ही विशेष लोक अभियोजक (उत्पाद) भी नियुक्त हैं। उत्पाद से सम्बंधित मामलों के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त हैं, जो निरंतर सरकार की ओर से पक्ष रख रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि उज्जैन टोला में विशेष न्यायालय का निर्माण हो जाने के उपरांत उत्पाद अभियोगों का त्वरित गति से निष्पादन हो सकेगा। यह कार्य बेहद अहम है, इसका कार्यान्वयन तत्परतापूर्वक किया जाय।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, श्री नंदकिशोर साह, एसडीएम, बेतिया, श्री विनोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फरार अभियुक्त के घर ठकराहा पुलिस ने नोटिस किया चस्पा

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। ठकराहां गुरुवार कोठकराहां पुलिस ने थानाकांड संख्या 115/2020 के नामजद अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार चस्पा करके सरेंडर करने का अल्टीमेटम दिया है। इस कांड के नामजद अभियुक्त भागकर दूसरे राज्य में छुपे हैं। उक्त कांड सन 2020 के दो पक्षों के विवाद में मामले की देखरेख में आई पुलिस बल पर विवाद करने के आरोप दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस कांड में नामजद अभियुक्तों में एक अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। पुलिस की लगातार दबिश के चलते दो और अभियुक्त ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया इस कांड में नामजद अभियुक्त रंजन तिवारी,करीमुल्लाह देवान और जैनुद्दीन देवान लगातार छुप रहे है। ये तीनों अभियुक्तों दूसरे राज्य में भागकर छुपे है। परिजनों के उपर पुलिस के समझाने का असर नही है। इन अभियुक्तों के घर पर अनुसंधान कर्ता के द्वारा डुग्गी बजवाकर इशतेहार चस्पा कर दिया गया है। अगर ये लोग शीघ्र हाजिर नही हुए,तो तत्काल कुर्की की जाएगी।

## परीक्षाओं में फजीवाड़ा करने वाली गैंग के दो और सदस्य गिरफ्तार

पटना, एजेंसी। ऑनलाइन और ऑफलाइन परीक्षाओं में फजीवाड़ा करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के दो और सदस्यों को पटना पुलिस की विशेष टीम ने गिरफ्तार कर लिया। अब गिरोह के कुल चार सदस्य अश्विनी सौरभ, तनेश कुमार, रूपेश कुमार और शिवशंकर कुमार पुलिस गिरफ्त में हैं। ये सभी बिहार समेत अन्य राज्यों में होने वाली ऑनलाइन परीक्षाओं में भी धांधली करते थे। गिरोह में व्यापम घोटाले और यूपी में टीईटी परीक्षा में हुई धांधली में जेल गया एक आरोपित भी शामिल है। दोनों फिलहाल पुलिस गिरफ्त से फरार हैं। एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि रेलवे, एसएससी, एमभीआई, टीसीएस, एनटीपीसी, आरआरबी व अन्य परीक्षाओं में स्कॉलर बैठाकर और तकनीक के सहारे ये लोग फजीवाड़े का खेल खेलते थे। परीक्षा देने वाले कैंडिडेट से 30 से 40 लाख रुपये इस गैंग के सदस्य लेते थे। एडवांस के रूप में डेढ़ से दो लाख रुपये लिये जाते थे। पुलिस ने दानापुर थाना क्षेत्र के आरके पुरम साईंकॉलोनी स्थित एक घर से इन्हें पकड़ा, जहां स्कॉलर गैंग के सदस्यों ने दफ्तर खोल रखा था।

इनके पास से नकद 18 लाख 78 हजार नकद रुपये, हिडेन कैमरा, हार्ड डिस्क, लैपटॉप, 70 अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्र, रेलवे, एनटीपीसी-आरआरबी के एडमिट कार्ड व अन्य कागजात बरामद किये गये हैं। इस गैंग के कनेक्शन उस प्रेस से भी हैं जहां प्रश्नपत्र छपते थे। कोलकाता स्थित कौशिक प्रेस के मालिक को वाराणसी पुलिस वहां हुई टीईटी की परीक्षा में धांधली के मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। इसी प्रेस से इस गैंग के सदस्य भी अलग-अलग परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र लीक करवा लिया करते थे। सॉफ्टवेयर के माध्यम से गिरोह के लोग ऑनलाइन परीक्षा सेंटरों से लाइव आईपी एड्रेस जेनरेट कर सामानांतर रूप से अपने लैपटॉप पर प्रश्नों को देखकर हल कर दिया करते थे। ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों पर कर्मियों को मिलाकर सेनेटाइजर के डिब्बे में बटन कैमरा लगाकर प्रश्नों की तस्वीर खींचकर उसे बाहर भेजा जाता था। गिरोह के सदस्यों के बैंक खातों को पुलिस फ्रीज करेगी। एसएसपी ने बताया कि परीक्षा के पहले दो लाख रुपये एडवांस के साथ ही असली प्रमाणपत्र ले लिये जाते थे। ऑनलाइन परीक्षा लेने वाली कंपनियों में काम करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर गिरोह में हैं। सेटर ने बड़े स्तर पर ऑनलाइन परीक्षाओं में धांधली करने के लिये खुद का ऑनलाइन परीक्षा सेंटर खोल रखा था। एसएसपी के मुताबिक गिरोह की कमान संभालने वाले अश्विनी सौरभ ने मुजफ्फरपुर के रामदयालु चौक पर नब टेक्नोलॉजी के नाम से सेंटर खोला था। उसमें 270 परीक्षार्थी परीक्षा देते थे। इसके अलावा गया में दो और पटना के तीन ऑनलाइन परीक्षा सेंटरों में उसके पैसे लगे हैं। परीक्षा सेंटर पर लगे जैमर को कर देते थे फेल सॉल्वर गैंग के सेंटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को पास करवाते थे। ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों के सर्वर में भी सॉफ्टवेयर जैसे डीएनएस सर्वर, वर्चुअल बॉक्स व अन्य के जरिये हेरफेर किया जाता था।

## ग्राम कचहरी का हुआ आयोजन सैकड़ो ग्रामीण रहे उपस्थित



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। मैनाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के इनारवा पंचायत में गुरुवार के दिन ग्राम कचहरी का आयोजन किया गया जिसमें कई छोटी-बड़ी समस्याओं को सर्वसम्मति से सुलझाया गया। ग्राम कचहरी की अध्यक्षता सरपंच ईनेश गिरी ने किया। बता दें कि इनेश गिरी मैनाटांड़ प्रखंड के एवं नरकटियागंज अनुमंडल के सरपंच संघ के अध्यक्ष भी हैं। मौके पर वर्तमान मुखिया रामदेव भगत पूर्व मुखिया अशोक कुशवाहा एवं कई पंच मौजूद रहे सरपंच इनेश गिरी ने बताया कि वाद संख्या 01/022 का निपटारा ग्राम कचहरी में किया गया। वही कई छोटे-बड़े झगड़ों को ग्राम कचहरी के माध्यम से सुलझाया गया। ग्राम कचहरी के सचिव अनिरुद्ध पासवान ने बताया कि ग्राम कचहरी के माध्यम से जिन लोगो के विवादों को सुलझाया जाता हैं उन्हें ग्राम कचहरी की फीस भी भरनी होती है। सरकारी के द्वारा निर्धारित फीस 100 रु हैं। आज ग्राम कचहरी को राजस्व की प्राप्ति भी हुई है। मौके पर उपसरपंच जैबुन नेशा, पंच भीम पडित, रामाश्रय साह, गौतम साह इनारवा थाना के चौकीदार हेमराज यादव एवं वादी तथा ग्रामीण ग्राम कचहरी में उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर गोली चलने से घटनास्थल पर मौत

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। मैनाटांड़ इनरवा थाना क्षेत्र के बरवा परसौनी गांव में जमीनी विवाद के मैटर में एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी गई। मौके पर पहुंची इनरवा पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। इनरवा थाना अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि बरवा परसौनी गांव में एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक व्यक्ति की पहचान शेख क्यामुद्दीन के रूप में की गई। ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी विवाद को लेकर ये गोलीबारी हुई है। एक दशक से यह लफड़ा चलते आ रहा है। गैरमजरुवा जमीन को लेकर हुई लफड़ा में मृतक ने अपनी दावेदारी कर रहा था कि यह मेरा जमीन है। इस बीच हुए जमकर मारपीट में गोलीबारी हुई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। एसडीपीओ कुंदन कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और बहुत जल्द हत्यारों की जेल में भेजी जाएगी। इधर बता दे कि मृतक के 3 पुत्र और एक पुत्री है।

## कर्जदार डुबा रहे घर-आंगन रोशन करने वाले विभाग की लुटिया

बिश्नाह, एजेंसी। सबके घर-आंगन में रोशनी फैलाने वाले विभाग के लिए कर्जदारों से बिजली बिल जमा करवाने के लिए मिन्नतें करनी पड़ रही हैं। कर्जदार भी ऐसे हैं जिन्हे करोड़ों रुपये बिजली बिल हो जाने पर भी उनको बकाया बिल जमा करने की कोई चिंता नहीं है। बिश्नाह में इस वित्त वर्ष में बिजली विभाग को 39.50 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाना है, लेकिन अब तक इस मद में वह महज 15 करोड़ रुपये ही जुटा पाया है। वित्त वर्ष का यह अंतिम वर्ष है, ऐसे में उसके लिए लक्ष्य हासिल कर पाना बहुत मुश्किल लग रहा है।

जानकारी के मुताबिक, बिजली विभाग का कई सरकारी विभागों और कारखानों पर करोड़ों रुपये का बिजली बिल बकाया है। ऐसे में दूसरों का घर रोशन करने में बिजली विभाग खुद कंगाल होने लगा है। अब चूंकि एक ही माह में वित्त वर्ष का लक्ष्य हासिल करना है तो बिजली विभाग के एक्सईएन पीडी डूषसह ने खुद कमान संभाल ली है। उनके साथ एईई केवल कृष्ण और अन्य अधिकारी एक तरफ आम लोगों को बिजली बिल जमा करने के लिए जागरूक कर रहे हैं, वहीं जिन पर ज्यादा बकाया है, उनके खिलाफ सख्ती भी की जा रही है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वे दो-तीन माह बिजली बिल नहीं जमा करवाते हैं तो उनका कनेक्शन काट दिया जाता है, लेकिन सरकारी विभागों पर करोड़ों रुपये का बिजली बिल बकाया है, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

किस सरकारी विभाग पर कितना बकायाः सिंचाई व जलशक्ति विभाग 59 करोड़, बिश्नाह नगर पालिका 21 करोड़, स्वास्थ्य विभाग 2.19 करोड़, कृषि विभाग 13.50 लाख, शिक्षा विभाग 13 लाख, पुलिस विभाग 3.50 लाख, समाज कल्याण विभाग 1.10 लाख, बागवानी विभाग 3.50 लाख, पशुपालन विभाग 4.50 लाख, तहसील कार्यालय 8.50 लाख, ब्लाक डेवलपमेंट 86 हजार रुपये।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


# रियलमी ने रियलमी 9 सीरीज में दो नए एडिशन - रियलमी 9 5जी और रियलमी 9 5जी स्पीड एडिशन और रियलमी टेकलाईफ बड्स एन100, एवं रियलमी टेकलाईफ वॉच एस100 प्रस्तुत किए

चंडीगढ़, 10 मार्च, 2022ः दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते हुए स्मार्टफोन ब्रांड और 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी नंबर सीरीज में नए उत्पाद रियलमी 9 5जी सीरीज के साथ रियलमी टेकलाईफ बड्स एन100 और रियलमी टेकलाईफ वॉच एस100 प्रस्तुत किए हैं। दो स्मार्टफोन, रियलमी 9 5जी और रियलमी 9 5जी स्पीड एडिशन के साथ रियलमी 9 5जी सीरीज अग्रणी 5जी प्रोसेसर के साथ यूजर अनुभव को बेहतर बना देगी और लेटेस्ट टेक्नॉलॉजिकल ट्रेंड्स के साथ ट्रेंडसेटिंग लाईफस्टाईल प्रस्तुत करने की रियलमी की प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी।

इस लॉन्च के बारे में श्री माधव शेठ, सीईओ, रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी और प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिजनेस ग्रुप ने कहा, ह्यह्यरियलमी के लिए भारत सबसे ज्यादा प्राथमिकता वाला बाजार है और हमें अपनी नंबर सीरीज के लिए अपने फैंस से काफी सराहना व स्नेह मिला है। अत्याधुनिक एवं उद्योग के अग्रणी उत्पाद प्रदान करने की रियलमी की प्रतिबद्धता रियलमी 9 5जी और रियलमी 9 5जी स्पीड एडिशन के लॉन्च से प्रदर्शित होती है। उद्योग में 5जी लीडर के रूप में रियलमी ने सदैव अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ 5जी अनुभव और श्रेणी की सर्वोत्तम विशेषताएं प्रदान करने का प्रयास किया है। रियलमी 9 5जी और रियलमी 9 5जी स्पीड एडिशन के साथ हम अपने यूजर्स को सर्वश्रेष्ठ प्रोसेसर एवं अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी प्रदान कर रहे हैं। हम दो सालों से ज्यादा समय से अपना टेकलाईफ ईकोसिस्टम विकसित कर रहे हैं, और हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम रियलमी टेकलाईफ बड्स एन100 और रियलमी टेकलाईफ वॉच एस100 के साथ अपने एआईओटी उत्पादों का विस्तार कर रहे हैं तथा ग्राहकों को ट्रेंडसेटिंग उत्पाद उपलब्ध करा टेक्नॉलॉजी की मदद से अतुलनीय स्मार्ट लिविंग पाने में मदद कर रहे हैं।'







रियलमी 9 5जी सेगमेंट में सबसे तेज एंट्री लेवल का 5जी फोन है, जिसमें मीडियाटेक डायमेंशिटी 810 5जी प्रोसेसर है, जो सेगमेंट का सबसे तेज 5जी प्रोसेसर है। यह 5जी ड्युअल सिम ड्युअल स्टैंडबाय को सपोर्ट करता है। इसके प्रोसेसर में सेगमेंट की सबसे तीव्र सीपीयू क्लॉक स्पीड है, जो 2.4 गीगाहर्ट्ज.की स्पीड से काम करता है। रियलमी 9 5जी में रिपल होलोग्राफिक डिजाईन है और इसका वजन 188 ग्राम है। इसलिए यह इस सेगमेंट में सबसे थिन स्मार्टफोंस में से एक है। 8.5 मिमी के अत्यधिक स्लिम डिजाईन के साथ यह सबसे थिन स्मार्टफोंस में से एक है और बेहतरीन इन-हैंड फील प्रदान करता है। इसके कैमरा मॉड्यूल में 48 मेगापिक्सल हाई रिजॉल्यूशन का प्राईमरी कैमरा, प्रोफेशनल पोर्टेऊट मोड के लिए 2 मेगापिक्सल ब्लैंकएंडव्हाईट पोर्टेऊट लैंस और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो लैंस के साथ अन्य ट्रेंडी फोटोग्राफी फंक्शंस हैं। इसके अलावा, इसमें 16 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-क्लियर फ्रंट कैमरा है, जो यूजर्स को शार्प सेल्फी प्रदान करता है। इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी है, जो 18 वॉट डार्ट चार्ज को सपोर्ट करती है। इसलिए रियलमी 9 5जी केवल 15 मिनट में 50 प्रतिशत तक चार्ज हो जाता है। ऐप की रिस्पॉन्सिवनेस बढ़ाने के लिए रियलमी 9 5जी में 5जीबी तक का डाईनामिक रैम एक्सपैंशन (डीआरई) है, ताकि यूजर्स विभिन्न ऐप्स के बीच सुगमता से स्विच कर सकें। रियलमी 9 5जी दो कलर्स- स्टारगेज व्हाईट और मीटियर ब्लैक में तथा दो स्टोरेज वैरिएंट्स में 14,999 रु. (4जीबी+64जीबी) और 17,499 रु. (6जीबी+128जीबी) में आता है। इसकी पहली सेल 14 मार्च, दोपहर 12 बजे से रियलमी.कॉम, फ्लिपकार्ट.कॉम और मेनलाईन चैनल्स पर शुरू होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जिंदल स्टील में इस्पात बिक्री बढ़कर 5.90 लाख टन रही

नई दिल्ली, एजेंसी। जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने कहा कि फरवरी 2022 में इस्पात की बिक्री आठ फीसदी की वृद्धि के साथ 5.90 लाख टन रही। कंपनी ने एक बयान में बताया कि पिछले वर्ष समान अवधि में 5.47 लाख टन इस्पात की बिक्री हुई थी। उसने कहा कि पिछले महीने हुई कुल बिक्री में 24 फीसदी योगदान निर्यात का है। कंपनी ने कहा कि जेएसपीएल का इस्पात उत्पादन फरवरी 2022 में 6.57 लाख टन था जो पिछले वर्ष के मुकाबले कुछ अधिक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक वीआर शर्मा ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से इस्पात के दाम बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म होने के बाद भी बाजार में स्थिरता आने में कम से कम छह महीने का वक्त लगेगा।

### अशनीर ग्रोवर ओर उनकी पत्नी ने 8.2 करोड़ अग्रिम कर का भुगतान किया

मुंबई, एजेंसी। डिजिटल भुगतान कंपनी भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर ने आकलन वर्ष 2022-23 के लिए 7.1 करोड़ रुपए के अग्रिम कर का भुगतान किया है। ग्रोवर की पत्नी माधुरी जैन ने भी अग्रिम कर के रूप में 1.1 करोड़ रुपए जमा किए हैं। जानकारी के मुताबिक अशनीर ग्रोवर ने आठ मार्च को 7.1 करोड़ रुपए के अग्रिम कर का भुगतान किया और माधुरी जैन ने भी आकलन वर्ष 2022-23 के लिए अग्रिम कर के रूप में 1.1 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। इसके साथ ही ग्रोवर लगातार दूसरे वर्ष सर्वाधिक कर अदा करने वाले स्टार्टअप संस्थापकों में से एक बन गए हैं। ग्रोवर, भारतपे में धन की कथित अनियमितता और कर चोरी के मामले को लेकर कर अधिकारियों की जांच के घेरे में हैं। जीएसटी अधिकारी भारतपे का बीते चार साल का लेखाजोखा जांच रहे हैं। बाहरी लेखा कंपनी की जांच में कथित वित्तीय अनियमितता में लिप्त पाए जाने के कारण भारतपे ने हाल में अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी को सभी पदों से हटा दिया था।

### रूस और यूक्रेन युद्ध से भारत पर मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ाः रघुराम राजन



मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में पैदा हुए गतिरोध को देखते हुए भारत को कीमत नियंत्रण संबंधी अपनी प्रतिक्रिया में बदलाव लाने की जरूरत है। राजन ने कहा कि महंगाई के खिलाफ इस जंग में हार होने पर न तो सरकार और न ही आरबीआई का मकसद पूरा हो पाएगा। किसी भी केंद्रीय बैंक के लिए सरकार से मिले निर्देश का सम्मान करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत के केंद्रीय बैंक को एक निर्देश है और वह उस पर खरा भी उतरा है। महामारी के समय ब्याज दरों में बढ़ोतरी न कर मध्यम स्तर की महंगाई को तरजीह दी गई। आरबीआई को यह निर्देश है कि महंगाई को चार फीसदी के स्तर पर रखा जाए, जिसमें दो प्रतिशत कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखी गई है। किसी भी अन्य केंद्रीय बैंक की तरह हमें भी नई चुनौतियां आने पर समाधान करना है। ऐसा नहीं करने पर यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा नहीं होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत में महंगाई की मौजूदा स्थिति एक अस्थायी झटका है, तो उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में पहले से ही ऊंचे स्तर पर मौजूद महंगाई के ऊपर की स्थिति है। इस तरह युद्ध का अतिरिक्त प्रभाव पड़ता है, जिससे महंगाई बढ़ रही है। आरबीआई की ओर से प्रस्तावित केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा से लेनदेन की गति में सुधार होगा। नकदी की लागत घटाने में मदद मिलेगी।

### सेबी के पूर्णकालिक सदस्य बने अश्विनी भाटिया

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक अश्विनी भाटिया को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने भाटिया की नियुक्ति को शुरूआत में तीन साल की अवधि के लिए मंजूरी दी और यह अवधि प्रभार संभालने की तारीख से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि भाटिया को पूर्णकालिक सदस्य (डब्ल्यूटीएम) बनाए जाने के साथ ही अब सेबी में पूर्णकालिक सदस्य का केवल एक पद रिक्त है। भाटिया को अगस्त 2020 में एसबीआई का प्रबंध निदेशक बनाया गया था, वह इस वर्ष मई में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

# यूएई के तेल उत्पादन बढ़ाने के संकेतों से कच्चे तेल में गिरावट



मुंबई, एजेंसी। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट देखने को मिली है। बताया जा रहा है कि कीमतों पर नियंत्रण के लिए यूएई तेल उत्पादन बढ़ाने के पक्ष में है। इसी के साथ तेल की कीमतों में गुरुवार को अधिकतम 18 प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली है और ब्रेंट क्रूड 113 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे आ गया है। इससे पहले इसी हफ्ते ब्रेंट क्रूड 139 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गया था। कीमतों का ये स्तर बीते 14 सालों में सबसे ऊंचा स्तर रहा है। रूस यूक्रेन संकट की वजह से कीमतों में एक हफ्ते में 30 प्रतिशत से ज्यादा की उछाल देखने को मिल चुका है। दरअसल एक खबर में अमेरिका में यूएई के राजदूत के हवाले से लिखा है कि यूएई उत्पादन बढ़ाने के पक्ष में है। वहीं रॉयटर्स ने बाजार के जानकारों से बात कर लिखा है कि यूएई तुरंत 8 लाख बैरल तेल का उत्पादन बढ़ा सकता है, जो कि रूस पर लगे प्रतिबंधों से घटी सप्लाई के सातवें हिस्से की भरपाई कर देगा। वहीं आने वाले समय में ईरान से भी सप्लाई बढ़ने का अनुमान है जिससे भी आगे दबाव और कम होने का अनुमान दिया गया है। इन संकेतों को देखते हुए जानकारों ने अनुमान दिया है कि कीमतों में आगे और कमी आ सकती है। दरअसल तेल उत्पादक देशों को भी आशंका है कि तेल कीमतों में इतने उछाल से मांग पर नकारात्मक असर पड़ेगा, वहीं अर्थव्यवस्थाओं में महंगे तेल से अगर सुस्ती आती है तो कच्चे तेल की कीमतों में और गिरावट आएगी। इसलिए ओपेक देश तेल उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

# नई बीएमडब्ल्यू एक्स4 भारत में लॉन्च




चंडीगढः नई बीएमडब्ल्यू एक्स4 को आज भारत में लॉन्च किया गया है। बीएमडब्ल्यू ने स्पोर्ट्स एक्टिविटी कूपे को नई आकर्षक डिजाइनिंग, अतिरिक्त उपकरणों और आकर्षक फीचर्स के साथ तरोताजगी से ढालकर फिर संवारा है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई मेंस्थानीयरूप से उत्पादितए बीएमडब्ल्यू एक्स4 भारत में बीएमडब्ल्यू की सभी डीलरशिप्स पर पेट्रोल और डीजल वैरिएंट्स में आज से उपलब्ध होगी। श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, बीएमडब्ल्यू एक्स4 ने भारत में खास स्पोर्ट्स एक्टिविटी कूपे कॉन्सेप्ट की स्थापना की है और उसे लोकप्रिय बनाया है। यह गाड़ी केवल कुछ ही समय में उन उपभोक्ताओं की पसंद बन गई है, जिनकी मांग कुछ हटकेएअलग स्टाइल की कार की है। वह लक्जरी स्पोर्ट्स एक्टिवटी व्हीकल्स के जैसे लगजरीऔर परफॉर्मेंस की भी डिमांड करते हैं। औरयह बीएमडब्ल्यू एक्स4 की यूएसपी है। जिस तरह से कार शियर ड्राइविंग प्लेजर को व्यवहारिकता और स्पोर्टी एडवेंचर से मिलाती है वह बेमिसाल है। तरोताजगी से भरपूर लुक्स के साथ अब नई बीएमडब्ल्यू एक्स4 इस सेंगमेंट में अपना स्टेटस कायम रखने के लिए तैयार है। इसके साथ ही यह कार कई आकर्षक फीचर्स के साथ जबर्दस्त प्रोफाइल से लैस है। इसे हमेशा की तरह बोल्ड अंदाज में बनाया गया है। यह एक ऐसी छाप लोगों के दिलों-दिमाग पर छोड़ेगी, जिसे भूलना असंभव होगा। नई बीएमडब्ल्यू एक्स4 एक्सक्लूसिव ब्लैक शैडो एडिशन में सीमित संख्या में उपलब्ध है। इसे डायनैमिक्स का खास ध्यान रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह मोटरस्पोर्ट के शौकीनों की जरूरतों की कसौटी पर खरी उतरती है।

# कलर्स पेश करता है रहस्यमयी नई प्रेम कहानी, 'स्पाई बहू'

चंडीगढ़ : प्यार एक खूबसूरत एहसास है, और कहा जाता है कि आप इसे सबसे असामान्य जगहों पर पाते हैं। इसमें आपके दिल पर जादू करने और आपको एक और खूबसूरत और रोमांटिक दुनिया में ले जाने की शक्ति है। लेकिन जब दो लोगों के बीच प्रेम की नींव एक धोखे के रूप में रखी गई हो तब क्या होगा? यह कहानी रहस्यपूर्ण हो जाती है। एक शानदार प्रेम कहानी की शुरूआत करते हुए कलर्स एक अनोखा रोमांटिक ड्रामा ह्यस्पाई बहूह्न लॉन्च करने के लिए तैयार है। यह शो एक जासूस सेजल (सना सैय्यद द्वारा अभिनीत) की यात्रा का अनुसरण करता है, जो एक संदिग्ध आतंकवादी योहान नंदा (सेहबान अजीम द्वारा अभिनीत) को उजागर करने के लिए एक मिशन पर निकलती है, लेकिन अंत में उसके साथ प्यार में पड़ जाती है। किसी भी अन्य जोड़े की तरह सेजल और योहान एक-दूसरे के प्यार में दुबे हुए हैं, लेकिन इसके साथ ही वह एक दूसरे से कुछ रहस्य



छुपा रहे हैं और अपना रिश्ता बिगाड़ने का जोखिम भी उठा रहे हैं। अश्विनी यार्डी की विनयार्ड फिल्म्स द्वारा निर्मित, ह्यस्पाई बहूह्न का प्रीमियर 14 मार्च को रात 9 बजे होगा और उसके बाद प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार को केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। वायकॉम18 के हिंदी मास एंटरटेनमेंट और किड्स टीवी नेटवर्क की प्रमुख नीना एलाविया जयपुरिया ने कहा, ह्नकलर्स हमेशा दर्शकों के लिए अलग और कहानी में स्वयं को जोड़ने का कंटेंट प्रदान करने में विश्वास करता है। हाल ही में नागिन 6, परिणीति और स्वर्णघर जैसे कई अनूठे फिक्शन शोज को लॉन्च करने के बाद, हम अपने मजबूत लाइनअप में एक नए रोमांटिक ड्रामा ह्यस्पाई बहूह्न को जोड़ने के लिए रोमांचित हैं। यह शो दर्शकों के लिए एक नई रोमांचक अवधारणा को लेकर आएगा और हमें पूरा यकीन है कि एक स्पाई की इस असामान्य प्रेम कहानी को देखकर दर्शकों को अत्यंत आनंद की अनुभूति होगी।

# एक आइकन का पुनर्जन्म: शिवाज 12 ने पेश किया एक नया बोल्ड और आधुनिक लुक

नोएडा / गाजियाबाद । ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की, शिवाज ने अपने फ्लैगशिप ब्लेंड के एक नए लुक से पर्दा उठाया है। यह शिवाज की डिजाइन में इसके 112 साल के इतिहास में सबसे बड़ा बदलाव है। दुनिया की सबसे अधिक बिकने वाली स्कॉच व्हिस्की में से एक शिवाज 12 ने अपनी बोतल, लेबल, और पैक पूरी तरह से नया स्वरूप दिया है। शिवाज की लक्जरी और बेमिसाल विरासत की झलक पेश करता इसका यह नया आकर्षक लुक बोल्डनेस, मार्डर्निटी और स्टेटस का एक खास संगम है। इस नई डिजाइन में शिवाज 12 की आइकॉनिक बोतल को एक नया आकार दिया गया है। लोकप्रिय राउंड शोल्डर्स को बरकरार रखते हुए यह बोतल लंबी और गौरव से भरपूर दिखाई देती है। रिडिजाइन किया गया क्रेस्ट शिवाज के धड़कते हुए दिल ह्यलक्कनबूथह्न पर झिलमिलाती हुई रोशनी डालती है। यह सिंबल शिवाज के मूल्यों जैसे महत्वाकांक्षा, उदारता और सफलता को प्रदर्शित करता है।

इसके बाहरी बॉक्स को पूरी तरह से नया रूप दिया गया है। इसकी परिचित सिल्वर और गोल्ड टोन वाली कलर स्कीम को बदलकर वाइब्रेंट बरगंडी रूप दिया गया है। हालांकि दुनिया भर में शिवाज के चाहने वालों द्वारा पसंद की जाने वाली खास डिटेलिंग और टेक्सचर फिनिश को इस पैकेज में पहले की तरह ही बरकरार रखता है।

पैरेंट कंपनी शिवाज ब्रदर्स के 2025 लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सस्टेनेबिलिटी की मूल भावना के साथ इस पूरे रिडिजाइन प्रोजेक्ट को अंजाम दिया गया है। शिवाज ब्रदर्स ने 2025 तक 100% रिसाइकल योग्य, दोबारा उपयोग के योग्य, कंपोस्टेबल या बायो-बेस्ड पैकेजिंग का लक्ष्य तय किया है। नई बोतल हल्की है, जिससे सालाना 1000 टन से अधिक कांच की बचत होती है, वहीं बाहरी पैकेजिंग अब पूरी तरह से रिसाइकिल सामग्री से तैयार की गई है। इन सभी बदलावों के बावजूद इस बोतल में व्हिस्की का वही प्रसिद्ध स्मूथ, रिच और जेनेरस शिवाज 12 ब्लेंड मिलता है। यह रिडिजाइन स्कॉच व्हिस्की पीने वालों की एक नई, स्टाइल के प्रति जागरूक पीढ़ी से प्रेरित है। यह पीढ़ी लक्जरी के मौजूदा स्वरूप में बदलाव ला रही है और इसे पहले से बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। स्लीक, लक्जरी, और बेहद खूबसूरत नई शिवाज 12 आने वाले वर्ष में शिवाज के पोर्टफोलियो में होने वाले बदलाव की श्रृंखला में पहला पड़ाव है। आइकॉनिक शिवाज 12 के न्यू लुक पर बात करते हुए, कार्तिक मोहिंद्रा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पेरनॉड रिकॉर्ड इंडिया ने कहा, ह्नयह ब्रांड के लिए एक बहुत बड़ा बदलाव है, यह शिवाज पीने वालों की नई पीढ़ी को बोल्ड चॉइस से रूबरू कराता है। नया डिजाइन शिवाज की प्रतिष्ठित और लंबी विरासत में बोल्डनेस, आधुनिकता और एक खास चमक पेश करता है। इस रिडिजाइन के साथ, हम अपने मिलेनियल कस्टमर्स के साथ एक मजबूत रिश्ता बनाना चाहते हैं, जो जीवन में अपनी सफलता और चॉइस को लेकर ज्यादा फिक्रमंद नहीं है। नई जागरूक पीढ़ी के लिए शिवाज 12 में हुए बदलाव के मूल में सस्टेनेबिलिटी रही है। यह रिडिजाइन सस्टेनेबिलिटी के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।'

## रेडमी नोट 11 प्रो+ 5जी और रेडमी नोट 11 प्रो के लॉन्च के साथ रेडमी नोट सीरीज का हुआ विस्तार

चंडीगढ़ : भारत के नंबर एक स्मार्टफोन ब्रांड, शाओमी के उप-ब्रांड, रेडमी इंडिया ने अपनी सबसे ज्यादा बिकने वाली रेडमी नोट सीरीज को प्रो लेवल तक पहुंचाते हुए रेडमी नोट 11 प्रो+ 5जी और रेडमी नोट 11 प्रो लॉन्च किया। इस ब्रांड ने आज अपनी दूसरी स्मार्टवॉच, रेडमी वॉच 2 लाईट की भी घोषणा की। रेडमी नोट 11 प्रो+ 5जी में भविष्य की हाई स्पीड 5जी कनेक्टिविटी के साथ प्रो लेवल की परफॉर्मेंस है। रेडमी नोट 11 प्रो में सर्वश्रेष्ठ विशेषताओं और परफॉर्मेंस का समावेश है, ताकि लोगों को 4जी जोन में रहते हुए ही किफायती मूल्य में शानदार परफॉर्मेंस मिल सके। रेडमी नोट 11 प्रो सीरीज में 4जी एवं 5जी वैरिएंट प्रस्तुत करने के कंपनी के निर्णय के बारे में मुरलीकृष्णन बी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफि सर, शाओमी इंडिया ने बताया, भविष्य 5जी कनेक्टिविटी का है, और हम इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमें यह भी याद रखना होगा कि यह 4जी की जगह नहीं लेगा, बल्कि 4जी के साथ बना रहेगा। खबरों से प्रदर्शित होता है कि 4जी की लोकप्रियता बनी रहेगी और यह आने वाले समय में 5जी शुरू हो जाने के बाद भी यूजर्स के लिए उपयोगी बना रहेगा। ह्नह्न उन्होंने आगे कहा, ह्यह्यरेडमी में हम



टेक्नॉलॉजी को कुछ खास लोगों के लिए बनाने की बजाय विशाल जनसमूह तक पहुंचाने में यकीन रखते हैं, इसीलिए हमने दो नोट प्रो डिवाईस बनाने का निर्णय लिया, जो हम मामले में उत्तम हैं। जहां रेडमी नोट 11 प्रो+ 5जी अत्याधुनिक और भविष्य की टेक्नॉलॉजी के साथ सात सबसे लोकप्रिय 5जी बैंड्स को सपोर्ट करने वाला हमारे द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे उत्तम नोट है, वहीं रेडमी नोट 11 प्रो किफायती मूल्य में सभी विशेषताओं के साथ उत्तम डिवाईस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

मुम्बई, एजेंसी। मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। विधानसभा चुनाव परिणामों से भी बाजार को बल मिला। इसके साथ ही घरेलू बाजार में खरीददारी हावी होने से भी यह ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 817 अंक बढ़कर 55464 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी 249 अंक बढ़कर 16594 पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान बाजार को एचयूएल, टाटा स्टील, ग्रासिम और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में तेजी का लाभ मिला।

इसके पहले आज सुबह ही बाजार की सकारात्मक शुरूआत हुई और सेंसेक्स व निफ्टी में बढ़त रही। सुबह सेंसेक्स 1354 अंक बढ़कर 55,980 अंक पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी में 381 अंकों की अच्छी तेजी रही थी।

एक्सिस बैंक के शेयरों में साल फीसदी की तेजी रही। इसके अलावा टाटा मोटर्स में साढ़े 6 फीसदी और एसबीआई में 5 फीसदी की तेजी आई। बाजार जानकारों के अनुसार विदेशों से भी सकारात्मक संकेत मिले हैं। इससे बाजार खुलते ही यह 1200 अंक ऊपर आ गया।

रूस और यूक्रेन संकट कुछ कम होने और क्रूड (कच्चे तेल) में भी नरमी आई है। इससे भी बाजार पर प्रभाव पड़ा है।

आज के कारोबार में निफ्टी पर बैंक और फाइनेंशियल इंडेक्स करीब दो फीसदी मजबूत हुआ है। आटो इंडेक्स में भी करीब 2 फीसदी तेजी रही है। रियल्टी और मेटल इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा मजबूत हुए हैं। केवल आईटी इंडेक्स में गिरावट रही. एफएमसीजी इंडेक्स भी लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए।

# डेनियल वेलिंगटन ने 70 के दशक से प्रेरित आईवियर, वॉच कलेक्शन लॉन्च किया

चंडीगढ़ : दुनिया के प्रमुख वॉच और एसेसरीज ब्रैंड बनने के मिशन पर बढ़ते हुए, डेनियल वेलिंग्टन ने आईवियर और विंटेज से प्रेरित स्क्वेयर डॉयल वॉच कलेक्शन को लॉन्च कर अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए इस आईवियर कलेक्शन में समकालीन के साथ-साथ सदाबहार डिजाइन है, जो डेनियल वेलिंग्टन कंपनी की मूल गुणवत्ता की पहचान करते हैं। यह पांच अलग-अलग स्टाइल में आते हैं। यह हलके वजन के प्रीमियम इटैलियन बायो एसीटेट या मेटल फ्रेम में बनाए जाते हैं। इन सभी की कीमत 8,499 रुपये रखी गई है। इन चश्मों का स्टील कलेक्शन स्टेनलेस स्टील से बनाया गया है और इनके फ्रेम्स में रिमलेस लेंस का लुक है जबकि एसीटेट



कलेक्शन के फ्रेम में काफी तीखे और बड़े किनारे होते हैं। हर स्टाइल को एक नाम दिया गया है, जिसकी अपनी बेमिसाल विशेषताएं होती हैं। इन स्टाइल्स में आर्क, एंबलर, एवियन, लिंक्स और ग्रांडे शामिल है। डेनियल वेलिंगग्टन में डिजाइनिंग के हेड ओलोफ नॉर्डस्ट्रॉम ने कहा, आईवियर श्रेणी में कदम रखना एक रोमांचक कदम है। क्योंकि हमने लगातार अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करना जारी रखा है। कंपनी में सस्टेनेबिलिटी के ग्लोबल हेड एलिस डिवाइन ने कहा, उपभोक्ताओं को सबसे अलग हटकर बेहतरीन चश्मे प्रदान करने की प्रतिबद्धता वाकई वास्तविक है। हमारी हमेशा यह महत्वांकांक्षा रहती है कि चश्मों के निर्माण में अपनी कीमतों की श्रेणी में उपलब्ध सबसे बेहतर पदार्थों का इस्तेमाल किया जाए। इनमें इस्तेमाल होने वाले सभी नए प्रॉडक्ट्स और मटीरियल की हमने गहराई से समीक्षा करने की नीति बनाई है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हम चश्मों की डिजाइनिंग के मामले में काफी सोच-समझकर बेहतर निर्णय ले सकें।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# महिला विश्वकप : न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को 62 रनों से हराया

हैम्लिटन, एजेंसी। आईसीसी विश्व कप क्रिकेट के अपनी दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम को मेजबान न्यूजीलैंड के हाथों 62 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम की कप्तान मिताली राज ने टॉस जीतकर मेजबान न्यूजीलैंड टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मेजबान कीवी टीम ने एमी सैदरवेट 75 और अमेलिया केर 50 के शानदार अर्धशतकों की सहायता से 50 ओवरों में नौ विकेट पर 260 रन बनाए। इसके बाद 261 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 198 रनों पर ही सिमट गयी। भारत की ओर से अनुभवी खिलाड़ी हरमनप्रीत कौर ने सबसे ज्यादा 71 रन बनाये पर किसी ओर बल्लेबाज का साथ न मिलने के कारण वह टीम को जीत नहीं दिला पायीं।



बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरूआत ठीक नहीं रही। अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 6 और दीप्ति शर्मा 5 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गयीं। इसके बाद यस्तिका भाटिया ने 28 जबकि कप्तान मिताली राज ने 56 गेंदों में एक 31 रन बनाए। इसके बाद हरमनप्रीत ने तेजी से रन बनाये। हरमनप्रीत ने 63 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 71 रन बनाए। हरमनप्रीत के अलावा स्नेह राणा ने 18, झूलन गोस्वामी ने 15 जबकि मेघना सिंह ने 12 रन बनाए। इससे पहले न्यूजीलैंड की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही थी। सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स केवल 5 रनों पर ही आउट हो गयी। इसके बाद कप्तान सोफिया डिवइन ने 35 रन बनाकर टीम को संभाला। अमेलिया केर ने 50 जबकि सैदरवैट ने 75 रन बनाए। मैडी ग्रीन 27 और कैटी मार्टिन ने 41 रन बनाकर अपनी टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

# शीर्ष क्रम की खराब बल्लेबाजी के कारण हारे : मिताली राज



हैम्लिटन, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने आईसीसी महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड से मिली हार पर निराश जाहिर की है। मिताली ने कहा कि हमारा शीर्ष क्रम उम्मीद के अनुसार बल्लेबाजी नहीं कर पाया। इसी कारण भारतीय टीम 261 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 198 रनों पर ही आऊट हो गई। मैच हारने के बाद मिताली ने कहा कि टीम की गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया था पर मेजबान टीम का मध्यक्रम बीच के समय में अच्छी साझेदारी बनाने में सफल रहा। जिससे कीवी टीम एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। भारतीय कप्तान ने कहा है कि 261 रनों का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था पर हमारा शीर्ष क्रम रन नहीं बना पाया जिससे टीम हार गयी।

हमें क्रीज पर टिककर बल्लेबाजी करने की जरूरत थी। बल्लेबाजी को और बेहतर करने की जरूरत है। गेंदबाजों ने आज अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने पिछले मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया था पर बल्लेबाजी को आगे आने वाले मैचों के लिए सुधार करना होगा। भारत की ओ से केवल हरमनप्रीत कौर ही 71 रन बना पायीं। अन्य बल्लेबाजी असफल रहीं।

इस मैच में मेजबानो की ओर से अमेलिया केर ने 50, सैदरवैट ने 75 वहीं कैटी मार्टिन ने 41 रन बनाए थे। वहीं भारतीय टीम की ओर से पूजा ने 34 रन देकर चार विकेट लिए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉय की जगह पर रहमनुल्लाह गुजरात टाइटन्स में शामिल

अहमदाबाद, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए नई टीम गुजरात टाइटन्स ने इंग्लैंड के जैसन रॉय की जगह पर अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज को अपनी टीम शामिल किया है। इससे पहले रॉय ने लंबे बायो बबल के कारण होने वाली थकान को देखते हुए आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया था। रॉय को गुजरात टाइटन्स ने उनके आधार मूल्य 2 करोड़ रूपए में खरीदा था। इसके बाद से ही उनकी जगह पर रहमनुल्लाह को शामिल करने की बातें चल रहीं थीं। रहमनुल्लाह को इससे पहले आईपीएल मेगा नीलामी में किसी टीम ने नहीं खरीदा था। अब उन्हें उनके आधारमूल्य 50 लाख रुपए पर टीम में शामिल किया गया है। गुरबाज पहली बार आईपीएल में खेलेंगे। वह अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी है, जिन्हें गुजरात टाइटन्स ने अपनी टीम में शामिल किया। इससे पहले ही टीम के पास राशिद खान और नूर अहमद जैसे अफगान खिलाड़ी हैं।

### टोमजानोविच बीएनपी परीबस ओपन के दूसरे दौर में पहुंची

इंडियन वेल्स, एजेंसी। क्रोएशियाई महिला टेनिस खिलाड़ी एला टोमजानोविच बीएनपी परीबस ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गयी हैं। टोमजानोविच ने पहले दौर में अमरीका की हेली बापटिस्टे को 6-2, 2-6, 6-2 से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने अमरीका की एलविना कालियेरा को 4-6, 6-2, 7-6 से पराजित किया। वहीं एक अन्य मैच में अमरीका की ही एलिसन रिस्के ने कैटी मैकनाली को 6-0, 6-3 से हराया। केइया कानेपी ने अमरीका की 17 साल की रॉबिन मोंटगोमेरी को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। इस बार विश्व की शीर्ष दो खिलाड़ी ऐश बार्टी और बारबोरा क्रेसीकोवा टूनार्मेंट में नहीं खेल रही हैं। दूसरी ओर कोरोना टीकाकारण नहीं होने के कारण पुरुष वर्ग से सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच ने भी इस टूनार्मेंट से अपना नाम वापस ले लिया था।

### कोविड संक्रमण के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हुए फहीम

कराची, एजेंसी। कोरोना संक्रमण के कारण पाकिस्तान के ऑलराऊंडर फहीम अशरफ यहां शनिवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। फहीम फिट नहीं होने के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे थे पर इसके बाद वह कोविड-19 की जांच में भी पॉजिटिव पाये गये।

# वार्न को श्रद्धांजलि देने काउंटी खिताब जीतना चाहते हैं क्रेन


लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड की काउंटी टीम हैंपशर के लेग स्पिनर मेसन क्रेन ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वार्न के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए 2022 की काउंटी चैंपियनशिप जीतना चाहते हैं। क्रेन वार्न को अपना आदर्श मानते आये हैं। वार्न को देखकर ही उन्होंने खेलना शुरू किया था। क्रेन ने पिछले सत्र में द हंड्रेड टूनार्मेंट में लंदन स्पिरिट की ओर से खेला था। तब वार्न उनकी टीम के कोच थे। इंग्लैंड की ओर से साल 2018 में एकमात्र टेस्ट खेलने वाले क्रेन ने कहा, ह्वमैं बेहद सम्मानित और भाग्यशाली महसूस करता हूं कि मुझे वार्न जैसे दिग्गज खिलाड़ी के अनुभवों का फायदा मिला है ह्ल उन्होंने कहा, ह्वमैं उन्हें आदर्श मानते हुए बड़ा हुआ और वह काफी उदार थे ह्ल वार्न को इन गर्मियों में दोबारा क्रेन के साथ काम करना था पर चार मार्च को थाईलैंड के कोह समुई द्वीप में अचानक ही वार्न का निधन हो गया था। क्रेन ने कहा, ह्ववह लंदन स्पिरिट के मुख्य कोच के रूप में सिर्फ एक सत्र काम कर पाए पर मुझे भरोसा है कि उनके पास सिर्फ मुझे ही नहीं बल्कि टीम के प्रत्येक सदस्य, खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ को देने के लिए काफी कुछ था, इसलिए यह निराशाजनक है ह्ल वार्न 2000 से 2007 तक हैंपशर के लिए खेले और 2004 में इस काउंटी टीम की अगुआई की। 2012 में काउंटी के घरेलू मैदान एजियास बाउल में एक स्टैंड का नाम भी वार्न के नाम पर रखा गया। हैंपशर की टीम पिछले सत्र में मामूली अंतर से खिताब जीतने से चूक गई और 2024 तक टीम के साथ अनुबंध करने वाले क्रेन ने कहा कि वे वार्न को श्रद्धांजलि देने के लिए 1973 के बाद पहला खिताब जीतने के लिए उत्सुक हैं।



चीन में झेंग पेंग पैरा क्रास कंट्री स्कीइंग मुकाबले में भाग लेते हुए।

# इंडियन वेल्स और मियामी ओपन से बाहर रहेंगे जोकोविच

न्यूयॉर्क, एजेंसी। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच इंडियन वेल्स और मियामी ओपन हार्ड कोर्ट टेनिस टूनार्मेंट नहीं खेल खेलेंगे। जोकोविच के अनुसार उन्होंने कोविड-1 टीके नहीं लगाये हैं , इसलिए वह इन दोनो ही टूनार्मेंटों से बाहर रहेंगे। कोविड-19 टीका करण के बिना कोई भी अमेरिका की यात्रा नहीं कर सकता है। जोकोविच ने ट्वीट किया कि ह्वसेंटर्स फोर डिसीज कंट्रोलह्ल ने कहा है कि कोविड नियमों में बदलाव नहीं होगा , इसलिए वह अब अमरीका में नहीं खेल पायेंगे। इंडियन वेल्स में बीएनपी परीबस ओपन के ड्रॉ में उनका नाम था पर टूनार्मेंट के आयोजकों ने कहा है कि इसमें शामिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए कोविड टीकाकरण जरुरी है। जोकोविच ने इस साल केवल एक टूनार्मेंट दुबई में खेला है और इसी कारण वह विश्व रैंकिंग में भी खिसककर



दूसरे नंबर पर आ गये हैं। इससे पहले कोविड-19 टीकाकरण नहीं होने के कारण ही जोकोविच को इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी बाहर कर दिया गया था। जोकोविच ऑस्ट्रलियाई ओपन के लिए गये थे पर सरकार ने उन्हे निर्वासित कर दिया था। इस दौरान इस शीर्ष खिलाड़ी ने अदालत का भी रुख किया पर वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली।

# होल्डर और बोनेर की साझेदारी से वेस्टइंडीज ने बनाये 202/4

सेंट जोंस, एजेंसी। वेस्टइंडीज ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड के पहली पारी में बनाये 311 रनों के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 202 रन बना लिए थे। बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल तय समय से पहले ही समाप्त हो गया। उस समय जैसन होल्डर 43 और एनक्रूमा बोनेर 34 रनों पर खेल रहे थे। इन दोनो के बीच पांचवें विकेट के लिए 75 रनों की साझेदारी हुई है। वहीं इस मैच में वेस्टइंडीज की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने चार विकेट 127 रनों पर ही खो दिये थे। इससे पहले आज सुबह इंग्लैंड टीम ने पहले दिन के छह विकेट पर 268 रन से आगे खेलते हुए 311 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टॉ 140 रन बनाकर आउट हुए ओर इंग्लैंड की पारी समाप्त हो गयी। वहीं वेस्टइंडीज की ओर से तेज गेंदबाज जेडेन सील्स ने 79 रन देकर चार विकेट लिए।

इसके बाद बल्लेबाजी करते हए वेस्टइंडीज के क्रेग ब्रेथवेट और जॉन कैंपबेल ने 83 रन की साझेदारी बनायी। कैंपबेल 35 रन बनाकर आउट हुए जबकि वहीं ब्रेथवेट ने 62 गेंद में ही अर्धशतक लगा दिया पर वह 55 के स्कोर पर मार्क वुड की गेंद पर आउट हुए।

शामार ब्रूक्स को 18 के स्कोर पर बेन स्टोक्स ने अपना शिकार बनाया जबकि जर्मेन ब्लैकवुड को 11 रन बनाकर क्रिस वोक्स की गेंद पर आउट हुए। वेस्टइंडीज ने बिना विकेट खोये 83 रन बना लिए थे पर इसके बाद उसने अपने चार विकेट 44 रनों के भीतर ही गंवा दिए। इसके बाद होल्डर और बोनेर ने पारी को संभाला।

इससे पहले इंग्लैंड ने रात के स्कोर में 43 रन ही जोड़े।

# अय्यर, मिताली और दीप्ति आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी क दौड़ में शामिल

मुम्बई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को पुरुष जबकि महिला वर्ग से कप्तान मिताली राज और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को फरवरी माह में किये अच्छे प्रदर्शन के लिये आईसीसी ह्वमहीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीह्ल के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। इसके अलावा पुरूष वर्ग से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बल्लेबाज वृत्य अरविंद और नेपाल के दीपेंद्र सिंह एरी भी पुस्कार की दौड़ में शामिल हैं। वहीं महिला वर्ग से न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर एमेलिया केर, मिताली और दीप्ति के नाम भी इसमें शामिल है। अय्यर ने फरवरी में भारत की ओर से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय में 80 रन बनाये और आखिरी टी20 में 16 गेंद में 25 रन बनाए। अय्यर श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में तीसरे नंबर पर उतरे ओर उन्होंने तीनों मैचों में अर्धशतक लगाये। इस प्रकार उन्होंने 174 .35 की स्ट्राइक रेट से 204 रन बनाये। उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला। वहीं मिताली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन अर्धशतक समेत 232 रन बनाए। अंतिम एकदिवसीय में वह 54 रन बनाकर नाबाद रही। हरफनमौला दीप्ति ने एकदिवसीय सीरीज सबसे ज्यादा दस विकेट लेने के साथ ही 116 रन भी बनाए।



# दूसरे टेस्ट के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में लगी है पीसीबी

कराची, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई के साथ यहां होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को देखते हुए पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियां यहां जांच में लगी हैं। इसका मकसद किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना को टालना है। इससे पहले जब ऑस्ट्रेलियाई टीम रावलपिंडी में पहला टेस्ट खेल रही थी तब पेशावर में धमाके हुए थे। उसके बाद से ही ऑस्ट्रेलियाई दल से सुरक्षा को लेकर चिन्ताएं व्यक्त की थीं। इसी को देखते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अब कोई गलती नहीं करना चाह रहा है। सिंध रेंजर्स के साथ पुलिस ने नेशनल स्टेडियम के आसपास के क्षेत्रों सहित कराची में जबरदस्त तलाशी अभियान चलाया है। जिससे की किसी प्रकार का कोई जोखिम न रहे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के एक क्रिकेटर एश्टन एगर की पत्नी को यहां पहुंचने के बाद धमकी भी मिली थी जिसके कारण पीसीबी पूरी सतर्कता बरत रही है।




गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम साल 1998 के बाद पहली बार पाक दौरे पर पहुंची है। इससे पहले साल 2009 में श्रीलंकाई टीम पर हुए हमले के बाद से ही कोई भी टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान दौरे पर नहीं गयी है। इस कारण पाक को सभी मैच तटस्थ स्थल यूएई में खेलने पड़े हैं। पिछले कुछ वर्षों में हालात बदले हैं। अब एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट धीरे-धीरे पाकिस्तान में लौट रहा है। इस साल के अंत में न्यूजीलैंड ओर इंग्लैंड पाक दौर पर पहुंचने वाली हैं। यह टीम पिछले साल दौरे पर जाने वालीं थी पर अंत समय पर इन्होंने अपने दौरे रद्द कर दिये थे। तब न्यूजीलैंड टीम को ईमेल के जरिये धमकी मिली थी। इस कारण टीम पाक पहुंचने के बाद भी मैच शुरू होने से पहले वापस लौट गयी थी। इस ऑस्ट्रेलियाई दल के साथ भी हुई जब एश्टन एगर की पत्नी को इंस्टाग्राम पर उनके पति को जान से मारने की धमकी मिली जिसे बाद में वास्तविक खतरा नहीं होने या संबंधित अधिकारियों द्वारा जोखिम पैदा करने वाली किसी भी चीज के रूप में खारिज कर दिया गया।

# हॉकी इंडिया ने जर्मनी के खिलाफ मुकाबले के लिए महिला टीम घोषित की

नई दिल्ली, एजेंसी। सविता पुनिया की कप्तानी में भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी के खिलाफ 12 और 13 मार्च को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग के दो घरेलू मैचों में उतरेगी। इन मैचों के लिए हॉकी इंडिया ने 22 सदस्यीय भारतीय महिला टीम घोषित कर दी है। इस मैचों में दिप ग्रेस एक्का को उप कप्तान बनाया गया है। युवा डिफेंडर अक्षता अबसो ढेकाले और स्ट्राइकर दीपिका जूनियर टीम में नई खिलाड़ी होंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच जननेके शोपमैन ने टीम चयन के बारे में कहा कि एक मजबूत विरोधी के खिलाफ अपनी घरेलू धरती पर खेलने से टीम का प्रदर्शन निखरेगा। उन्होंने कहा कि चयनित टीम के पास अच्छा कौशल है। उसके खिलाड़ी बहुत अच्छी तरह से बचाव करते हैं और आक्रमण करने में भी तेज हैं। हमने युवा प्रतिभाओं के साथ ही अनुभवी खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। हम स्पेन के खिलाफ मुकाबलों में बनी लय आगे भी बनाये रखेंगे।



भारतीय टीम इस प्रकार है :

गोलकीपर्स : सविता पुनिया, बिचु देवी खरीबम।
डिफेंडर्स : दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, अक्षता अबसो ढेकाले।

मिडफील्डर्स : निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, मोनिका, नेहा, नवजोत कौर, सोनिका।

फॉरवड्र्स : राजविंदर कौर, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, मारियाना कुजूर और दीपिका जूनियर।

स्टैंड बॉय खिलाड़ी : रजनी एतिमारपू, इशिका चौधरी, नमिता टोप्पो।

# वार्न की पार्थिव देह को ऑस्ट्रेलिया भेजा गया

बैंकॉक, एजेंसी। दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वॉर्न की पार्थिव देह थाईलैंड से ऑस्ट्रेलिया भेज दी गयी है। वार्न का ऑस्ट्रेलियाई ध्वज में लिपटा ताबूत थाई पुलिस फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट से एम्बुलैंस में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे लाया गया।



इसके बाद उसे एक निजी जेट विमान से ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर के लिए भेज दिया गया। वॉर्न का गत शुक्रवार को थाईलैंड के कोह समुई द्वीन पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह छुट्टियां मनाने के लिए दोस्तों के साथ कोह में थे। वार्न के सम्मान में विक्टोरिया सरकार 30 मार्च को मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पर राजकीय श्रृद्धांजलि सभा का भी आयोजन करेगी। इससे पहले परिवार निजी तौर पर उनका अंतिम संस्कार करेगा।

विक्टोरिया के प्रधानमंत्री डेनियल एंड्रयूज ने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्व वार्न को एमसीजी से बेहतर बिदाई किसी और मैदान पर मिल ही नहीं सकती ह्ल गौरतलब है कि एमसीजी पर ही वॉर्न ने साल 1994 में एशेज हैट्रिक ली और साल 2006 में बॉक्सिंग डे पर 700वां टेस्ट विकेट भी लिए थे। वार्न का जन्म मेलबर्न में ही हुआ और वह यहीं पले-बढ़े। पोस्टमार्टम के अनुसार वार्न की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है और किसी तरह के संदेह के कोई संकेत नहीं मिले।

## घर बनाएं खुला-खुला

साजसज्जा के ये ट्रिक्स अपना कर तो देखें, छोटा घर भी बड़ा दिखेगा. खूबसूरत और बड़े घर की चाह हर किसी को होती है. मगर महानगरों में ऐसे घरों की चाह पूरी होना आसान नहीं. छोटे घरों में रहने को मजबूर होना पड़ता है. मगर थोड़ी सी सूझबूझ व साजसजावट के तरीकों पर ध्यान दे कर छोटे घर में रह कर भी बड़े और हवादार घर में रहने का एहसास ले सकती हैं.



### रखें घर को व्यवस्थित

आप अपने घर को जितना अधिक व्यवस्थित व साफसुथरा रखेंगी, कमरों में उतनी ही ज्यादा जगह दिखेगी. सामान करीने से रख कर और फालतू सामान को हटा कर काफी जगह खाली कर सकती हैं. सफेद व हलके रंगों का प्रयोग करें: गहरे रंग बड़ी जगह के प्रभाव को कम कर देते हैं. इसलिए घर की दीवारों पर सफेद रंग करवाएं. फर्नीचर भी हलके रंग का खरीदें. अगर दीवारों पर सफेद रंग पसंद नहीं आता हो तो हलका हरा, गुलाबी, आसमानी, पीला आदि रंगों का चुनाव करें. पेंट एक ही रंग का करवाएं, फिर देखें कैसे कमरा बड़ा नजर आता है.

### रोशनी का चुनाव

घर में भरपूर रोशनी आने दें, क्योंकि घर में पर्याप्त रोशनी उसे उज्ज्वल और बड़ा दिखाने में मदद करती है. अपने घर में रंगों का प्रभाव दिखाने के लिए लैंप्स भी लगाएं. इस से घर आकर्षक भी दिखेगा.

### मल्टीपर्पज फर्नीचर का इस्तेमाल

ऐसे फर्नीचर में निवेश करें जो बहुद्देशीय हो. इस तरह का फर्नीचर आप के कमरे को व्यवस्थित दिखाता है और जगह भी ज्यादा नजर आती है. उदाहरण के लिए किचन में ऐसी बहुद्देशीय मेज का प्रयोग किया जा सकता है, जिस में बहुत से रैक हों.

### घर में मिरर का प्रयोग

मिरर के प्रयोग से आप अपने कमरे को बड़ा होने का आभास दे सकती हैं. फोकल पौइंट का प्रयोग करें और अपने मिरर को ऐसे केंद्रित करें कि घर में गहराई का भ्रम पैदा हो. घर की खिड़की के सामने वाली दीवार पर दर्पण लगाएं. रोशनी के प्रतिबिंब के कारण आप के कमरे का क्षेत्र बड़ा दिखेगा.

### स्ट्राइप्स का प्रयोग

घर के डैकोर में हलका सा फेरबदल ला कर भी घर का रूप बदल सकती हैं. उदाहरण के लिए धारीदार कारपेट्स कमरे को लंबा होने का आभास दे सकता है. इसी तरह घर के परदे आदि में स्ट्राइप्स वाली डिजाइनें घर को बड़ा दिखाती हैं.

## उम्र के अनुसार खाने में शामिल करें पनीर



पनीर कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर है. यह बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक सबके लिए बहुत फायदेमंद है. इसलिए हर व्यक्ति को अपनी उम्र के अनुसार पनीर को अपने आहार में शामिल जरूर करना चाहिए. पनीर और इससे बने सभी व्यंजन लोगों को पसंद होते हैं. यह न केवल प्रोटीन और कैल्शियम बल्कि शरीर में विटामिन -डी की कमी को भी पूरा करता है. यह शरीर में हीमोग्लोबिन के उत्पादन को उत्तेजित करने में मदद करता है और शरीर में बेहतर इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देता है. पनीर में मौजूद विटामिन बी न केवल बढ़ते बच्चों के विकास में मददगार है, बल्कि एकाग्रता और यादाश्त में सुधार करके मास्तिष्क के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है. वहीं पनीर महिलाओं में ऑस्टियोपोरोरिस को रोकने में मददगार है.

### 6 महीने से अधिक उम्र के बच्चों के लिए

पनीर एक पौष्टिक शिशु आहार है. आप बेबी फूड जैसे गाजर की प्यूरी, सेब की प्यूरी आदि में थोड़ा सा पनीर का पेस्ट मिलाकर बच्चे को दे सकते हैं. ध्यान रखें बच्चे को इसे बहुत कम मात्रा में दिया जाना चाहिए.

### बढ़ते बच्चों के लिए

बढ़ते हुए बच्चों को अपने दैनिक आहार में कार्बोहाइड्रेट के साथ पोषक तत्वों से भरपूर आहार की जरूरत होती है. ऐसे में अपने बढ़ते बच्चों के लिए पनीर के भरवां पराठे बना सकते हैं. बच्चों के लिए दिन की शुरूआत करने का यह एक हाई कार्ब नाश्ता है. आप चाहें, तो तले हुए पनीर के टुकड़ों और सब्जियों के साथ गेहूं की ब्रेड की सैंडविच बनाकर उन्हें खिला सकते हैं. पनीर टिक्का और पनीर रोल जैसे स्टार्टर्स भी बच्चों को पौष्टिक भोजन देने का एक बेहतरीन विकल्प है.

### वयस्कों के लिए

दिल की बीमारियों को दूर करने के साथ ब्लड प्रेशर कम करने और हड्डियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के बाद यह स्पष्ट हो जाता है कि पनीर हर वयस्क के आहार का हिस्सा होना चाहिए. विशेषज्ञ कहते हैं कि वयस्क को अपने भोजन के विकल्प चुनते समय पनीर के साथ बहुत सारी सब्जियां शामिल करनी चाहिए. ऐसा इसलिए, क्योंकि वयस्कों में चयापचय दर बच्चों की तुलना में बहुत कम होती है. ऐसे में पनीर के साथ सब्जियों को शामिल करने से भोजन को पचाना बेहद आसान हो जाता है. आप सब्जी, पुलाव, हरे पत्तेदार सलाद में पनीर का इस्तेमाल कर सकते हैं.

### बुजुर्गों के लिए

पनीर को पचाना बेहद आसान होता है. चूंकि बेहतर पाचन के लिए मैग्नीशियम और फास्फोरस दोनों की जरूरत होती है, इसलिए पनीर बुजुर्गों के लिए सबसे अच्छा पौष्टिक भोजन है. हालांकि, इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इस उम्र में आंत के स्वास्थ्य से समझौता करने के कारण इसका कैसे और कितना सेवन करना है. विशेषज्ञों की सलाह है कि बुजुर्ग लोगों के लिए पनीर को बहुत कम तेल और मसालों के साथ हल्के तरीके से पकाना चाहिए. हो सके, तो पनीर के साथ दही न दें. ध्यान रखें बुजुर्गों को ज्यादा से ज्यादा घर का बना पनीर देना फायदेमंद साबित होता है. पनीर हर आयु वर्ग के लिए बहुत फायदेमंद है. हर किसी को नियमित रूप से इसे अपने आहार में शामिल करना चाहिए.

## कमर दर्द से हैं परेशान, तो...

हाल ही में लॉकडाउन खुलने के बावजूद लोगों को ऑफिस का काम घर से करना पड़ रहा है। घर से काम करने में शरीर को बहुत परेशानी हो रही है और तो और लोगों की कमर अकड़ जा रही है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं बढ़ती कमर दर्द की परेशानी को आप कैसे दूर भगा सकते हैं।

### अपनाएं यह घरेलू उपाय:

अगर आप आप वर्क फ्रॉम होम कर रहे है तो कमर दर्द की समस्या से बचने के लिए अपने शरीर को बीच-बीच में आराम अवश्य दें और ध्यान रहे कि प्रतिदिन सुबह एक्सरसाइज व योगासन का अभ्यास अवश्य करें।

आप चाहे तो कमर दर्द की समस्या को दूर करने के लिए अदरक को गर्म पानी में भिगोकर रखें फिर इसमें शहद मिलाकर इसका सेवन करें।

कमर के दर्द को दूर करने के लिए अदरक के तेल से कमर की मालिश करें। इसी के साथ चाहे तो तुलसी के पत्ते को गर्म पानी में भिगोकर रखे फिर इसमें शहद मिलाकर इसका सेवन करें।

हर दिन तुलसी के पत्तो का सेवन करने से कमर का दर्द दूर होता है और लाभ मिलता है। इससे आप कमर दर्द से राहत पा सकते है।



रेशम के धागों से बुनी हुई यह सुंदर साड़ी महाराष्ट्रियन शादी का एक एहम हिसा है. दुल्हन के लिए खास लाल और हरे रंग की पैठनी साड़ी का चुनाव किया जाता है. साड़ी में हर नारी के आभा ऐसी खिलती जैसे किसी कुम्भार ने मिट्टी में आभा उकेरी साड़ी किसी भी औरत या लड़की की किसी भी तरह के त्योहार या किसी फंगस में पहनने जाने वाली पहली पसंद होती है वैसे तो हर औरत के वॉडरोब में सिल्क, बनारसी, बांधनी, चंदेरी, कॉटन के साड़ियों का संग्रह मिल जाता है. पर कुछ और भी पारम्परिक और डिजाइन की साड़ी महिलाओं की पसंद बन सकती है.

## पैठनी साड़ी से महाराष्ट्रियन लुक में लगाएं चार चांद



ऐसे में औरंगाबाद के पैठन से हाथ कारीगरों के द्वारा बुनी हुई साड़ी को पैठानी साड़ी का नाम दिया जाता है, ऐसा माना जाता है कि सबसे पहले पैठनी साड़ी बुनने की शुरुआत पैठन से ही हुई थी, लेकिन मौजूदा समय मे महाराष्ट्र के नाशिक शहर के येवला में सबसे ज्यादा पैठनी साड़ियों को बनाया जाता है. रेशम के धागों से बुनी हुई यह सुंदर साड़ी महराष्ट्रियन शादी का एक एहम हिसा है. दुल्हन के लिए खास लाल और हरे रंग की पैठनी साड़ी का चुनाव किया जाता है. सिर्फ शादी ही नहीं बल्कि किसी भी शुभ अवसर के लिए महाराष्ट्र में पैठनी साड़ी का चलन सबसे अधिक है. लेकिन अब ये सिर्फ महाराष्ट्र नहीं बल्कि पूरे हिंदुस्तान में इस रेशमी साड़ी को पहना जाता है. वजह है इसकी सुंदरता और रंगों का चुनाव.

### काली पैठनी साड़ी

पैठनी साड़ीयो के इस सुंदर संग्रह की शुरुआत हम सबसे पहले काले रंग की पैठनी के साथ करते है, इस पैठनी साड़ी पर आपको एक बेहतरीन डिज़ाइनर ब्लाउज़ भी मिलेगा. काले रंग में सुनहरे और लाल रंग की जाने वाली कारीगरी साड़ी को खूबसूरत बनाती है.



लकड़ी के बने ये उपहार आप के अजीजों के घर की शोभा में तो चार चांद लगाएंगे ही आप भी हमेशा उन की स्मृतियों में बनी रहेंगी. अवंतिका की समझ में नहीं आ रहा था कि इस बार फैस्टिव सीजन में फ्रैंड्स के बीच आइकोनिक होस्टर कैसे बने? इस के लिए उसे अनूठे उपहार भी चुनने थे ताकि फ्रैंड्स सर्कल में उस का इंप्रैशन बना रहे. उस ने कई सारे गिफ्ट कौर्नर्स, इंपोरियम, आर्ट ऐंड क्राफ्ट सैंटर्स के चक्कर काटे पर कुछ ढंग का नहीं सूझा.

## फैस्टिवल के रंग वुडन क्राफ्ट के संग

एक दिन इस संबंध में बात करने पर अवंतिका की फ्रैंड आयशा ने सुझाया, ''इस बार वुडन आइटम्स ट्राई क्यों नहीं करती? लुक में भी मस्त और ट्रैंड में भी फर्स्ट और फिर देने वाले पर इंप्रैशन बने वह अलग से.''

अवंतिका को आयशा का यह आइडिया एकदम परफैक्ट लगा. अतः उस ने फटाफट पास के ही वुडन क्राफ्ट इंपोरियम में जा कर फैस्टिव सीजन के लिए खूब सारी खरीदारी की. अब वह संतुष्ट भी थी और खुश भी.

इस बार आप भी पीछे न रहें. वुडन आर्ट ऐंड क्राफ्ट शोपीस का चलन आजकल तेजी से बढ़ रहा है. ये न केवल लुक में यूनीक हैं, बल्कि बजट में भी आसानी से आ जाते हैं. हर बार वही कांच, क्रिस्टल या मैटल के उपहार देने के बजाय इस बार कुछ डिफरैंट ट्राई करें. यकीनन आप के दोस्तों को आप का यह गिफ्ट हैंपर भाएगा. बाजार में वुडन क्राफ्ट की ढेरों वैराइटी मौजूद है, जिस में आप को अपनी चौइश का बहुत कुछ मिल जाएगा. महंगे व उबाऊ गिफ्ट्स को आज वुडन क्राफ्ट बखूबी रिप्लेस कर रहा है.

क्या चुनें?

वुडन आर्ट शोपीसों की एक वाइड रेंज बाजार में मौजद है, लेकिन कहीं से भी न खरीदें. किसी विश्वसनीय इंपोरियम से ही खरीदें. गूगल पर सर्च कर ऐसे किसी इंपोरियम या आर्ट गैलरी का पता कर सकती हैं.

## हार्ट पेशंट के लिए हानिकारक हो सकती हैं सर्दियां

अगर आप हृदय रोग से पीडित हैं, तो ठंड के मौसम में स्वस्थ रहना आपके लिए बड़ी चुनौती है. ऐसे में योग और ध्यान जैसी तकनीकों का उपयोग करें. यह आपके तनाव को दूर करने के साथ दिमाग को भी शांत करेगा. सर्दियों का मौसम बड़ा ही सुहावना होता है. लेकिन दिल के मरीजों के लिए काफी चैलेंजिंग है. सर्दी वह समय है जब दिल से जुड़ी समस्या वाले लोगों को दिल का दौरा पड़ सकता है. दरअसल, तापमान में अचानक गिरावट के कारण पेराफेरल वेसेल्स सिकुड़ जाती हैं इस प्रकार हृदय पर अधिक दबाव पड़ता है. जिसके कारण हृदय में ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो जाती है. नतीजतन आपके दिल को ऑक्सीजन और ब्लड पंप करने के लिए ज्यादा प्रयास करने होते हैं.



### ब्लड प्रेशर की निगरानी करें-

यदि आप उन लोगों में से हैं, जिन्हें ब्लड प्रेशर की समस्या है, तो आपके लिए नंबरों पर नजर रखना बेहद जरूरी है. ऐसा करने से कार्डियक अटैक की संभावना काफी कम हो सकती है. इसलिए आपको डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाओं को समय पर लेना चाहिए.

### शराब के सेवन से बचें-

शराब त्वचा में ब्लड वेसेल्स का विस्तार कर सकती है. यह आपके शरीर के जरूरी अंगों से गर्मी निकालकर आपको गर्म महसूस करा सकती है. इसी तरह धूम्रपान से एथेरोस्क्लेरोसिस होता है. इतना ही नहीं धूम्रपान करने वालों को भी दिल का दौरा पड़ सकता है. धूम्रपान न केवल हृदय की तरफ ऑक्सीजन के प्रवाह को कम करता है बल्कि आपकी हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर को भी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है.

### स्वस्थ आहार लें-

ताजे, फल और सब्जियां , बीज, मेवा, फलियां और दालों का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें. दिल के रोगियों को ठंड के दिनों में गर्म सूप या गर्म भोजन का सेवन ही करना चाहिए. विशेषज्ञ मानते हैं कि नमक या चीनी से भरपूर भोजन खाने से बचना दिल को स्वस्थ रखने का बेहतर तरीका है. डॉक्टर भी दिल के रोगी को प्रोसेस्ड, जंक और ऑयली फूड्स से बचने की सलाह देते हैं.

## किचन गार्डन में हर्ब पौधें जरूर लगाएं



आज हम आपको कुछ हर्बल पौधों के बारे में बताएंगे जिन्हें लगाकर आप अपने खाने के स्वाद तो बढ़ाएगें ही साथ ही आप स्वस्थ भी रहेंगे. हरियाली किसे नही अच्छा लगता और बागवानी का शौक लगभग हर किसी को होता है, शहरों में रहने वाले लोग अपने घरों में अच्छी बागवानी करना चाहते हैं. लेकिन उनके पास जगह की समस्या होती है. बहुत से लोगों के घर में इतनी जगह नहीं होती है कि वे पेड़-पौधे लगा सकें. सबसे ज्यादा समस्या शहरों में रहने वाले लोगों का होता है, क्योंकि उनका जीवन 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैट में ही गुजर रहा है. ऐसे में ज्यादातर लोग अपने बालकनी या छतों पर ऐसे पौधे लगाना पसंद करते हैं जो किचन गार्डन की सुंदरता बढ़ाने के साथ ही उनके किचन में भी काम आए. आज हम आपको कुछ हर्बल पौधों के बारे में बताएंगे जिन्हें लगाकर आप अपने खाने के स्वाद तो बढ़ाएगें ही साथ ही आप स्वस्थ भी रहेंगे.

### रोजमेरी

रोजमेरी के पौधे में आयरन, कैलशियम और विटामिन बी6 की भरपूर मात्रा होती है. रोजमेरी के पौधे में ऐसे तत्व होते हैं जिससे आपकी एकाग्रता भी बढ़ती है. इसे आप गमले में लगाएं साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि पौधे पर डायरेक्ट सूरज की रोशनी ना पड़े.

### पार्सले

पार्सले के पौधों में विटामिन सी और विटामिन के भरपूर मात्रा में मिलते हैं. जो किडनी स्टोन्स, कब्ज, मधुमेह के रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद होते है, पार्सले के बीजों को गिली मिट्टी में 7-10 इंच की दूरी ही लगाएं. पार्सले के इस्तेमाल से आपके खाने का स्वाद और रंग दोनों बढ़ जाता है.

### थाइम

थाइम कैंसर जैसी कई अन्य बीमारियों से आपको स्वस्थ रखने की क्षमता रखता है. कई तरह के बैक्टीरियल इनफेक्शन और स्कीन की परेशानी से भी थाइम छुटकारा दिलाता है. गले की खराश से लेकर आर्थराइटस में भी थाइम काफी फायदेमंद है.थाइम को घर पर आसानी से उगाया जा सकता है.

## चिकन पॉक्स के दाग मिटाने के लिए करें उपाय

शरीर पर चिकन पॉक्स होने पर छोटे-छोटे दाने हो जाते हैं। इसमें बहुत तेज खुजली होती है और बुखार भी आ जाता है। इसके लिए हम कुछ घरेलु इलाज करते हैं जिससे ये ठीक हो जाये। लेकिन इसके दाग रह जाते हैं जो अक्सर दिखने में अजीब लगते हैं।



### अपनाएं ये घरेलू टिप्सः

शहद में भरपूर मात्रा में ब्लीचिंग के गुण भी मौजूद होते हैं जो त्वचा से किसी भी निशान को हल्का करने का काम करते हैं। अगर आप रोजाना अपने दागो पर शहद लगाते हैं तो इससे आपके धीरे-धीरे कम होने लगेंगे।

निंबू में भरपूर मात्रा में सिट्रिक एसिड और विटामिन सी मौजूद होता है। इसमें दाग मिटाने के गुण मौजूद होते हैं। अगर आप चिकन पॉक्स के दागों को हटाना चाहते हैं, तो रोजाना अपने शरीर पर नींबू का रस लगाएं।

नारियल का तेल हर घर में मौजूद होता है। यह स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे शरीर पर लगाने से चिकन पॉक्स के दाग धीरे-धीरे कम हो जाते हैं।

### आज की रेसिपी

## मलीदा



**सामग्री :**

- 150 gms रवा
- 120 ग्राम गुड़
- 75 ग्राम घी
- 30 ग्राम किशमिश
- 20 ग्राम बादाम
- 20 ग्राम पिस्ता
- 100 ml (मिली.) दूध
- 10 ग्राम खाद्य गोंद

**विधि :**

- एक बाउल में रवा लें, इसमें 50 एमएल गर्म पानी डालकर केनेड बना लें. इससे एक उंगली के जितनी लंगी मुठिया बना लें और इसे घी या तेल में गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई कर लें.
- इसे ठंडा होने दें और हाथों से दरदरा क्रम्बल कर लें.
- एक पैन में घी, गुड़ डालें और गुड़ को पिघलने दें. इसमें दरदरा रवा मिक्चर, दूध डालें और इसे धीरे धीरे गाढ़ा होने दें.
- आंच को बंद कर दें, इस पर नट्स और फ्राई गोंद डालकर सर्व करें.

## घर की सीढ़ियों का भी रखें ख्याल

अगर आप भी अपना घर बनवाने जा रहे हैं तो उसमें सीढ़ियों का विशेष ध्यान रखें. जमीन खरीदकर मनमाफिक आशियाना बनवाने की चाह रखने वालों की कमी आज भी कुछ कम नहीं. क्या आपकी भी कुछ ऐसी ही ख्वाहिश है? अगर जवाब हां में है तो घर का कंस्ट्रक्शन कराते समय कुछ चीजों का खास ध्यान रखना जरूरी है. कंस्ट्रक्शन से पहले जाहिर है सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आप सॉयल टेस्टिंग तो कराएंगे ही साथ ही घर को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से सुरक्षित रखने के लिए भूकंप-रोधी संरचना तैयार कराने पर भी विचार करेंगे. इन सब के साथ यह जरूर ध्यान रखें कि जब आप घर का नक्शा या फिर डिजाइन किसी आर्किटेक्ट से डिजाइन कराएं तो उसे सीढ़ियों की ऊंचाई और चौड़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहें.

- सीढ़ियों बनाते समय हेड रूम का ध्यान रखना जरूरी है, जिससे कि लंबे व्यक्तियों का सिर छत से न टकराए. अक्सर ऐसा होता है कि जल्दीबाजी में सीढ़ियों से उतरते हुए सिर अथवा माथा छत या छज्जे से टकरा जाता है और चोट लग जाती है.
- सीढ़ियों को कम से कम 840 एमएम और ज्यादा से ज्यादा एक मीटर तक अपनी जरूरत के अनुसार रखना चाहिए.
- अच्छी सीढ़ी वही है जिसमें चढ़ते और उतरते वक्त आपको बहुत ज्यादा मेहनत न करनी पड़े. आम तौर पर किसी भी वयस्क का एक पग यानी स्टेप 600 एमएम यानी 2 फुट का होता है. इसको ध्यान में रखते हुए ही सीढ़ियों का निर्माण कराएं.
- यह ध्यान रखें कि सीढ़ियों पर ऊपर चढ़ते हुए दुगनी ऊर्जा लगानी पड़ती है, ऐसे में अगर सीढ़ियों ऊंची-नीची होंगी, उनमें सामंजस्य नहीं होगा तो दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी.
- घर में इस्तेमाल की जाने वाली सीढ़ियों में 250 एमएम का ट्रेड और 165 एमएम से 175 एमएम तक का राइजर इस्तेमाल किया जा सकता है. आप इसे ज्यादा से ज्यादा 220 एमएम तक का रख सकते हैं. अगर राइजर ज्यादा ऊंचा होगा तो पैर भी ज्यादा ऊंचाई तक उठाने होंगे, जिससे चंद सीढ़ियों चढ़ने के बाद ही थकान महसूस होने लगेगी.
- सीढ़ियां इस तरह डिजाइन कराई जानी चाहिए कि उस तक आसानी से पहुंचा जा सके.
- अगर कमरों के दरवाजे सीढ़ियों के साथ खुल रहे हों तो ऐसे में कम से कम 310 मिलीमीटर तक की न्यूनतम दूरी जरूर बनाकर रखनी चाहिए. इसका फायदा यह होगा कि कमरे से सीढ़ियों तक आसानी से स्टेप-अप किया जा सकेगा.
- सीढ़ियों को कभी बहुत तंग नहीं रखना चाहिए. ऐसा होने से खासकर ऊपरी मंजिलों पर फर्नीचर चढ़ाने और उतारने में परेशानी का सामना करना पड़ता है.
- सीढ़ियों की डेकोरेशन के लिए तमाम तरह के विकल्प मौजूद हैं. इन्हें सजाने में सबसे ज्यादा भूमिका रेलिंग की होती है. रेलिंग के लिहाज से आयरन या फिर स्टील फिनिश वाली रेलिंग का इस्तेमाल भी किया जा सकता है.

